मसाबा
गुप्ता के लिए मॉडल
बनीं रानी...
पेज 10 पर

ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

डालटनगंज (मेदिनीनगर) एवं रांची से एक साथ प्रकाशित

www.rastriyanaveenmail.com • डालटनगंज • वैशाख शुक्ल पक्ष 07 • विक्रम संवत 2080 • गुरुवार, 27 अप्रैल 2023 • वर्ष-29 • अंक-191 • पृष्ठ-12 • मूल्य ₹ 2.00



## NEWS इन ब्रीफ

### राज्य मंत्रिपरिषद की बैठक आज

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की अध्यक्षता में आज राज्य मंत्रिपरिषद की बैठक होगी । मंत्रिमंडल सचिवालय एवं निगरानी विभाग (समन्वय) द्वारा सूचित किया गया है कि मंत्रिपरिषद की बैठक दिनांक 27 अप्रैल, 2023 को अपराह्न 4:00 बजे से प्रोजेक्ट भवन स्थित मंत्रिपरिषद कक्ष में होगी।पेज-1

### संजय तिवारी सहित तीन आरोपितों के खिलाफ आरोप गठित

**रांची।** मिड डे मील में 100 करोड़ रुपये के घोटाले के आरोपित संजय कुमार तिवारी, अजय उरांव और राजू वर्मा के खिलाफ बुधवार को आरोप गठित किया गया। सीबीआई के विशेष न्यायाधीश पीके शर्मा की अदालत ने संजय तिवारी सहित अन्य आरोपितों के खिलाफ लगे आरोपों को पढ़कर सुनाया। इस दौरान आरोपितों ने इसे गलत बताया। संजय तिवारी एवं अन्य की ओर से अधिवक्ता अनिल कुमार सिंह ने पैरवी की। इससे पहले 24 अप्रैल को संजय की डिस्चार्ज याचिका को सीबीआई कोर्ट ने खारिज कर दिया था।

### मैं हर जांच के लिए तैयार हूं : बन्ना गुप्ता

**रांची।** स्वास्थ्य मंत्री सह कांग्रेस के नेता बन्ना गुप्ता का एक महिला के साथ बातचीत का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के मामले को लेकर स्वास्थ्य मंत्री बना गुप्ता ने कहा कि यह सोची समझी साजिश के तहत मेरी छवि को धूमिल किया जा रहा है। रांची में अपने आवास में पत्रकारों के साथ बातचीत के दौरान उन्होने विधायक सरयू राय पर तीखा प्रहार करते हुए कहा कि सरयू राय के पास इस वीडियो का



संपूर्ण जानकारी है। वे कभी बोलते हैं कि तीन मिनट का वीडियो है तो कभी भी बोलते हैं एकीस सेकेंड का है तो वही बताएंगे कि महिला कौन है जिसको लेकर मुझे बदनाम करने की कोशिश की जा रही है। कोई भी साजिश करेगा वह एक दिन बेनकाब हो जाएगा। मैं हर जांच के लिए तैयार हूं उन्होंने कहा कि यह वायरल वीडियो पूरी तरह से फेक है। मुझे बदनाम करने की कोशिश की जा रही है। सरयू राय ने कहा था कि मेरा मोबाइल जब्त किया जाए इस पर उन्होंने कहा कि जब पुलिस मुझे मोबाइल मांगेगी तो मैं आधा घंटा के अंदर दे दूंगा।

# आईएएस छवि रंजन के करीबियों के ठिकानों पर ईडी का छापा

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

रांची में जमीन घोटाले को लेकर ईडी ने बुधवार को रांची के तत्कालीन डीसी छवि रंजन के करीबी कारोबारी रवि कुमार भाटिया, श्याम सिंह, जमीन माफिया शेखर कुशवाहा, प्रिय रंजन सहाय और विपिन कुमार सिंह के ठिकानों पर छापेमारी की। बुधवार सुबह 6.40 बजे ईडी की टीम ने एक साथ रांची में शेखर कुशवाहा के गाड़ीगांव, प्रिय रंजन सहाय के कोकर बैंक रोड, विपिन सिंह के मोरहाबादी सत्येंदू अपार्टमेंट के फ्लैट नंबर 402, जमशेदपुर में विष्टुपर में रवि सिंह भाटिया के बरगोनिया टावर और श्याम सिंह के जुगसलाई स्थित ठिकानें पर दबिश दी। छापेमारी के दौरान विपिन सिंह घर पर नहीं था, ऐसे में ईडी की टीम ने उसके फ्लैट



को सील कर दिया। बाद में उसे दिल्ली में ईडी की टीम ने पकड़ा और मुख्यालय ले जाकर पूछताछ की। रांची में सेना जमीन में गड़बड़ी से जुड़े ईसीआईआर के बाद अलग अलग जमीन की खरीद बिक्री में फजीर्वाड़े का तथ्य ईडी को मिला है। इसी आधार पर ईडी ने छापेमारी की। छापेमारी के दौरान ईडी को रवि सिंह भाटिया के यहां से 30 लाख जबकि शेखर कुशवाहा के यहां से 10 लाख नकदी मिली। छापेमारी के दौरान संदेहियों के ठिकानों से जमीन संबंधी दस्तावेज, तकनीकी साक्ष्य ईडी ने बरामद किए हैं। आरोपियों से ईडी ने लंबी पूछताछ भी की है।

**छवि रंजन के कहने पर एक ही दिन में कट गया था 83 साल का रशीद :** रांची के बजरा में खाता नंबर 140 की सात एकड़ जमीन की रजिस्ट्री रवि सिंह भाटिया और श्याम सिंह के नाम से चार अलग अलग डीड के जरिए हुई थी। भूमि का लगान रशीद महज रजिस्ट्री के एक दिन पहले निर्गत किया गया था। साल 1938 से 2021 तक की लगान रशीद एक ही दिन में तत्कालीन डीसी छवि रंजन के आदेश से जारी की गई थी। इस मामले में भूमि के दावेदार चंदन कुमार ने हाईकोर्ट में याचिका दायर की थी। जिसमें जमाबंदी के डीसी के आदेश को गलत बताते हुए जमाबंदी रद कर दी गई थी। मामले में तत्कालीन कमीश्नर नितिन मदन कुलकर्णी ने भी छवि रंजन के आदेश को नियम विरूद्ध बताया था। खाता नंबर 140 के सारे कागजात भी रिकार्ड रूम से गायब हैं।

**सरकारी दर से कम बेची गई थी जमीन :** ईडी ने जांच में पाया है कि जमीन की सरकारी दर 29.88 करोड़ थी, लेकिन इस जमीन को सरकारी दर से काफी कम 15.10 करोड़ में बेचा गया था। विक्रेता को सर्किल रेट से अधिक कीमत मिलनी चाहिए थी, ऐसे में इस जमीन की खरीद बिक्री में भी मनी लाउंड्रिंग का अंदेशा है।

**चेशायर होम रोड की जमीन में अफसर के पार्टनर हैं शेखर, प्रिय रंजन, विपिन :** ईडी ने कोलकाता से फर्जी दस्तावेज बनाने के मास्टरमाइंड अफसर अली को रिमांड पर लेकर लगातार पूछताछ की है। इस दौरान अफसर अली ने बताया है कि चेशायर होम रोड में पांच एकड़ जमीन के कागजात उसने बनाए थे। इस जमीन में निवेश के लिए करोड़ों रुपये की जरूरत थी, ऐसे में अफसर खान ने प्रिय रंजन सहाय से सपर्क किया था। इसके बाद प्रिय रंजन सहाय, विपन कुमार सिंह और शेखर कुशवाहा ने जमीन में पैसों का निवेश किया था। जमीन को लेकर बाद में प्रिय रंजन सहाय और शेखर कुशवाहा के बीच विवाद हो गया था। जिसके बाद शेखर पर फायरिंग की घटना घाटशिला में हुई थी। इस मामले में भी जेल गया मो सद्दाम गिरफ्तार हुआ था। सेना की जमीन के कागजात फर्जी तरीके से बनाने के बाद अंचल से जुड़े काम की लाइजनिंग विपिन कुमार सिंह के द्वारा किए जाने की बात सामने आयी है।

## छत्तीसगढ़ के दंतेवाड़ा में नक्सलियों ने किया आईईडी विस्फोट

# चालक समेत 11 जवान शहीद



### गृहमंत्री अमित शाह ने नक्सली हमले पर छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री से की बात



**नई दिल्ली।** केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने बुधवार को दंतेवाड़ा में डिस्ट्रिक्ट रिजर्व गार्ड (डीआरजी) जवानों पर हुए आईईडी हमले के विषय पर छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल से बातचीत की। गृहमंत्री ने हालात का जायजा लेने के साथ ही सभी प्रकार की सहायता मुहैया कराने का आश्वासन दिया है। छत्तीसगढ़ के दंतेवाड़ा जिले के थाना अरनपुर क्षेत्र के अंतर्गत माओवादी कैडर की उपस्थिति की जानकारी पर नक्सल विरोधी अभियान चलाया गया था। इस दौरान डीआरजी टीम पर आईईडी विस्फोट से हमला हुआ। इसमें 10 डीआरजी जवान एवं एक चालक के शहीद होने की जानकारी मिली है।

**दंतेवाड़ा।** छत्तीसगढ़ में नक्सलियों के आईईडी धमाके में डीआरजी के 10 जवान और एक वाहन चालक शहीद हो गए। बस्तर आईजी सुंदर राज पी. ने घटना की पुष्टि की है। जानकारी के मुताबिक थाना अरनपुर क्षेत्र में नक्सलियों की मौजूदगी की सूचना पर दंतेवाड़ा से डीआरजी बल को नक्सलियों के खिलाफ अभियान के लिए भेजा गया था। अभियान के बाद वापसी के दौरान नक्सलियों ने दंतेवाड़ा के अरनपुर मार्ग पर सुरक्षाबलों के वाहन को निशाना बनाकर आईईडी विस्फोट किया। इस शक्तिशाली विस्फोट में अभियान में शामिल रहे डीआरजी के 10 जवानों में प्रधान आरक्षक क्रमांक 74 जोगा सोढी, प्रधान आरक्षक क्रमांक 965 मुन्ना राम कड़ती, प्रधान आरक्षक क्रमांक 901 संतोष तामो, नव आरक्षक क्रमांक 542 दुल्गो मण्डावी, नव आरक्षक क्रमांक 289 लखमू मरकाम, नव आरक्षक क्रमांक ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

### झारखंड को मिलेंगे 9 हजार शिक्षक

# 19 मई को मुख्यमंत्री सोरेन सौंपेंगे नियुक्ति पत्र

**रांची।** झारखंड में अगले महीने बड़े पैमाने पर शिक्षकों की नियुक्ति होने जा रही है। राज्य सरकार के निर्देश पर शिक्षा विभाग ने शिक्षकों के खाली पदों को भरने की तैयारी शुरू कर दी है। विभागीय सचिव के रवि कुमार के अनुसार शिक्षकों की कमी दूर करने के लिए विभाग प्रयासरत है। जिसके लिए जेएसएससी और जेपीएससी के माध्यम से नियुक्ति प्रक्रिया तेज की गई है। उन्होंने कहा कि 2016 से चल रहे हाईस्कूल शिक्षक नियुक्ति प्रक्रिया के तहत सुप्रीम कोर्ट के निदेशार्नुसार चयनित शिक्षकों को 19 मई को खेलगांव में नियुक्ति पत्र मुख्यमंत्री के हाथों दिया जायेगा। इसके तहत करीब 9000 शिक्षकों की नियुक्ति राज्य के विभिन्न जिलों में स्थित हाईस्कूलों में अलग अलग विषयों में होगी। इतनी संख्या में नियुक्ति होने से स्कूलों में शिक्षकों की कमी को दूर करने में सहायता मिलेगी। शिक्षा विभाग ने नियुक्ति पत्र वितरण समारोह को भव्य बनाने की तैयारी शुरू कर दी है। खेलगांव में एक साथ 9000 शिक्षकों के नियुक्ति पत्र वितरण समारोह में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन शिरकत करने वाले हैं। इसके अलावा राज्य सरकार के आला अधिकारी मौजूद रहेंगे। इधर सुप्रीम कोर्ट के निर्देश पर चयन प्रक्रिया को अंतिम रूप देने में जुटा झारखंड कर्मचारी चयन आयोग लगातार विभिन्न विषयों के शिक्षकों का अंतिम परिणाम जारी कर जिलास्तर पर शिक्षा पदाधिकारी के माध्यम से चयनित अभ्यर्थियों का सर्टिफिकेट वेरीफिकेशन का कार्य करवा रहा है। पीजीटी के अलावे मॉडल स्कूल और कस्तूरबा स्कूल में होगी नियुक्तिः नियोजन नीति में बदलाव के बाद राज्य ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

## धनबाद में पीने के पानी का झगड़ा युवक की पीट-पीट कर हत्या



**नवीन मेल संवाददाता**

**जमशेदपुर।** बुधवार को मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन घाटशिला के विधायक रामदास सोरेन के पुत्र रॉबिन सोरेन के विवाह के उपलक्ष्य में आयोजित आशीर्वाद समारोह में शामिल हुए। इस अवसर पर उन्होंने नव दंपती को खुशहाल जीवन के लिए बधाई, शुभकामनाएं और आशीर्वाद प्रदान किया।

### डुमरी उपचुनाव : मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने भेजी अनुशंसा

**रांची।** शिक्षा मंत्री जगरनाथ महतो के असामयिक निधन से खाली हुए गिरिडीह के डुमरी विधानसभा सीट पर उपचुनाव कराने की तैयारी शुरू हो गई है। विधानसभा सचिवालय से रिक्ति संबंधी चिट्ठी मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय को मिलने के बाद सीईओ के रवि कुमार ने उपचुनाव कराने की अनुशंसा भारत निर्वाचन आयोग से की है। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय ने झारखंड विधानसभा द्वारा भेजे गये अधिसूचना की प्रति संलग्न करते हुए इस सीट पर संवैधानिक प्रावधानों के अनुरूप उपचुनाव कराने का आग्रह भारत निर्वाचन आयोग से किया है।

# सच्ची प्रगति हमेशा जन-केंद्रित होती है : प्रधानमंत्री

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बुधवार को चिकित्सा के क्षेत्र में अंत्योदय का संदेश देते हुए कहा कि सच्ची प्रगति जन-केंद्रित होती है। चिकित्सा विज्ञान में कितनी भी प्रगति क्यों न हो जाए, अंतिम व्यक्ति तक उसकी पहुंच सुनिश्चित की जानी चाहिए। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से नई दिल्ली के प्रगति मैदान में ह्यवन अर्थ वन हेल्थ - एडवांटेज हेल्थकेयर इंडिया 2023 का उद्घाटन किया। इस दौरान भारत की प्राथमिकता को रेखांकित करते हुए उन्होंने कहा कि हम असमानता को कम कर, सेवा से वंचित लोगों की सेवा करना चाहते हैं। आगे उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य सेवा क्षेत्र में एक विश्वसनीय भागीदार के तौर पर भारत ने कई देशों की आवश्यकता को समझा है। हमें गर्व है कि टीकों और दवाओं के माध्यम से जीवन बचाने के महान मिशन में हम कई देशों के भागीदार बने हैं। प्रधानमंत्री ने जोर देकर कहा कि स्वास्थ्य संबंधी चुनौतियों के लिए वैश्विक



प्रतिक्रिया को अलग नहीं किया जा सकता है। यह एकीकृत, समावेशी और संस्थागत प्रतिक्रिया का समय है। जी-20 की अध्यक्षता के दौरान यह भारत की प्राथमिकता के क्षेत्रों में से एक है। हमारा लक्ष्य न केवल नागरिकों के लिए, बल्कि पूरी दुनिया के लिए स्वास्थ्य सेवा को सुलभ और सस्ता बनाना है। उन्होंने कहा कि दुनिया तनाव और जीवन-शैली से जुड़ी बीमारियों का समाधान तलाश रही है। भारत की पारंपरिक स्वास्थ्य सेवा प्रणाली में बहुत सारे उत्तर हैं। इस दौरान उन्होंने श्रीअन्न का भी उल्लेख किया, जो भारत के पारंपरिक आहार का हिस्सा है और दुनिया भर में खाद्य सुरक्षा और पोषण संबंधी मुद्दों से निपटने की क्षमता रखता है। प्रधानमंत्री ने इस बात पर जोर दिया कि स्वास्थ्य के बारे में भारत का दृष्टिकोण केवल बीमारी की कमी होने तक नहीं रुकता है। हमारा लक्ष्य सभी का शारीरिक, मानसिक और सामाजिक कल्याण है। उन्होंने इस बात को रेखांकित किया कि चिकित्सा और स्वास्थ्य कार्य बल की गतिशीलता एक स्वस्थ ग्रह के लिए महत्वपूर्ण कारक हैं और 'वन अर्थ, वन हेल्थ' - एडवांटेज हेल्थकेयर इंडिया 2023 इस दिशा में एक महत्वपूर्ण प्रयास है। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि दुनिया भर में कई हेल्थकेयर सिस्टम भारतीय पेशेवरों की प्रतिभा से लाभान्वित हुए हैं। दुनिया ने भारतीय डॉक्टरों, नर्सों और देखभाल करने वालों के प्रभाव को देखा है ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

## 38 पुलिस इंस्पेक्टर, सार्जेंट मेजर का पुलिस मुख्यालय ने किया तबादला

**रांची, मुख्य संवाददाता।** राज्य के अलग अलग जिलों में स्वीकृत बल से अधिक तैनात पुलिस इंस्पेक्टर व सार्जेंट मेजर रैंक के पुलिस पदाधिकारियों का तबादला पुलिस मुख्यालय ने कर दिया है। रांची में पोस्टेड इंस्पेक्टर राजीव रंजन लाल को चाईबासा, अहमद अली को सीआईडी, रमेश कुमार सिंह को सीटीसी मुसाबनी, राजेश कुमार सिन्हा को सीआईडी, सपन कुमार महथा को गोड्डा, राजीव कुमार को देवघर, नवल किशोर प्रसाद को सीआइडी, खूंटी में इंसेप्क्टर रहे राजेश रजक को सीआईडी, सुकांत त्रिपाठी को देवघर, जयदीप टोप्पो को एसीबी, जमशेदपुर जिला बल से नित्यानंद महतो को सीआईडी, अरविंद कुमार को गढ़वा, सरायकेला से कृष्ण मुरारी को देवघर, लातेहार से अमित गुप्ता को साहिबगंज, हजारीबाग से नीरज कुमार सिंह को एटीएस, गणेश कुमार सिंह को एसीबी, मनोज कुमार सिंह को जेपीटीसी, ललित कुमार को सीटीसी, कोडरमा से अजय कुमार सिंह को सीआईडी, रामगढ़ जिला बल से राजेश कुमार को एसीबी, विपिन कुमार सिंह को सीआईडी, विद्याशंकर को सिमडेगा, बोकारो से जयगोविंद प्रसाद गुप्ता को सिमडेगा, सुधीर सुरीन को रेल धनबाद, विनोद गुप्ता को सीआईडी, मो रूस्तम, अजय प्रसाद को सीआईडी, देवघर से देवव्रत पोद्दार को पलामू, पाकुड़ से सुरेंद्र रविदास को एसीबी, जमाताड़ा से सुरेश प्रसाद को एटीएस, लातेहार के सार्जेंट मेजर सुशांत कुमार को एसीबी, हजारीबाग से अजीत चौबे को साहिबगंज, चाईबासा से मंटू यादव को रामगढ़, सार्जेंट गौतम कुमार को लातेहार से सीआईडी, संतोष कुमार को जमशेदपुर, हजारीबाग से दीपक टोप्पो को जेपीए हजारीबाग, कामेश्वर कुमार रजक को गिरिडीह से साहिबगंज व सुदीप्त कुमार मंडल को विशेष शाखा भेजा गया है। पुलिस मुख्यालय ने आदेश जारी किया है कि सभी पदाधिकारियों को विरमित करते हुए इसकी जानकारी पुलिस मुख्यालय को दी जाए।

**चुनाव**

### रिजर्वेशन तय होने के बाद चुनाव कराने का शेड्यूल तय

# 30 के बाद सभी नगर निकाय हो जायेंगे जनप्रतिनिधि विहीन

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

झारखंड के सभी 48 नगर निकाय 30 अप्रैल के बाद जनप्रतिनिधि विहीन हो जाएंगे। इनकी कमान अब सीधे अफसरों और स्टाफ के हाथ में होगी। नगर निकायों के बोर्ड के भंग हो जाएंगे। इसके साथ ही जनता के वोटों से चुने गए मेयर, डिप्टी मेयर, अध्यक्ष और वार्ड काउंसिलर अधिकार विहीन हो जाएंगे। निकायों के अगले चुनाव कब होंगे, यह फिलहाल तय नहीं है। राज्य सरकार ने फैसला किया है कि नगर निकायों के चुनाव अब ओबीसी रिजर्वेशन के आधार पर कराए जाएंगे। रिजर्वेशन का प्रतिशत तय करने के लिए सरकार सभी स्थानों पर ट्रिपल टेस्ट सर्वे कराएगी। रिजर्वेशन तय होने के बाद चुनाव कराने का शेड्यूल तय किया जाएगा। इस प्रक्रिया में यह पूरा साल गुजर सकता है। राज्य के 15 नगर निकायों का कार्यकाल पहले ही खत्म हो चुका है। पहले कोविड और बाद में कुछ अन्य वजहों का हवाला देकर इनके चुनाव वर्ष 2020 के बाद से ही टाले जाते रहे। अब बाकी 34 निकायों का कार्यकाल भी 28 से लेकर 30 अप्रैल को खत्म हो रहा है।





इन निकायों में रांची, हजारीबाग, गिरिडीह, मेदिनीनगर और आदित्यपुर नगर निगम शामिल हैं। इनके अलावा गढ़वा, चतरा, मधुपुर, गोड्डा, साहिबगंज, पाकुड़, मिहिजाम, चिरकुंडा, फुसरो, गुमला, लोहरदगा, सिमडेगा, रामगढ़, चाईबासा और कपाली नगर परिषद तथा नगर उंटारी, हुसैनाबाद, छतरपुर, लातेहार, डोमचांच, राजमहल, बडहरवा, बासुकीनाथ, जामताड़ा, खूंटी, बुंडू और सरायकेला-खरसावां नगर पंचायतों का कार्यकाल भी एक साथ समाप्त हो रहा है।

बता दें कि नगर विकास विभाग ने वर्ष 2023 में बिना ओबीसी आरक्षण के राज्य के 48 नगर निकायों में चुनाव कराने का प्रस्ताव तैयार किया था। नगरपालिका अधिनियम 2011 में संशोधन करने के बाद आरक्षण रोस्टर में भी बदलाव किया गया था। इसका काफी विरोध भी हुआ। मामला हाईकोर्ट और सुप्रीम कोर्ट भी पहुंचा।

इस बीच बीते 16 मार्च को राज्य सरकार के कैबिनेट की बैठक में नगर विकास विभाग की अधिसूचना को निरस्त करते हुए सुप्रीम कोर्ट के फैसले के आलोक में ट्रिपल टेस्ट के बाद निकाय चुनाव कराने का निर्णय लिया गया। नए नियमों के आधार पर अब नगर निकायों में मेयर या अध्यक्ष पद के लिए एससी, एसटी, ओबीसी आरक्षण राज्य सरकार संबंधित वर्ग की जनसंख्या के आधार पर तय करेगी। पहले रोटेशनल आधार पर आरक्षण लागू करने का नियम था। नगर विकास विभाग के सचिव विनय चौबे ने कहा है कि सरकार के निर्देश पर आरक्षण के लिए ट्रिपल टेस्ट की प्रक्रिया जल्द शुरू की जाएगी। रांची नगर निगम के डिप्टी मेयर संजीव विजयवर्गीय ने कहा है कि सरकार द्वारा सही वक्त पर सही निर्णय न लिए जाने की वजह से राज्य के तमाम नगर निकाय जनप्रतिनिधि विहीन होने जा रहे हैं। ऐसी स्थिति में नगर विकास की योजनाओं में अफसरों की मनमानी तय है।

**NEWS इन ब्रीफ**

### मदरसा खैरुल इस्लाम की नई कमेटी गठित

**हुसैनाबाद।** पलामू जिले के हुसैनाबाद में मदरसा खैरूल इस्लाम के प्रांगण में प्रखंड के लोगों की आमसभा पुलिस प्रशासन की उपस्थिति में हुई। बैठक की अध्यक्षता मोइन खान ने की। जिसमें सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि मदरसा खेरुल इस्लाम, हुसैनाबाद को सही ढंग से चलाने और विकास के लिए एक कमेटी का गठन किया जाए। प्रस्ताव पारित कर सर्वसम्मति से नई कमेटी का गठन किया गया। जिसमें सदर के रूप में मसरूर अहमद (फातमा चक), नायफ सदर अनीस खान (बुधवा), सचिव मो. अली उर्फ डवाली (इस्लामगंज), नायफ सचिव शमशे आलम (बेल विगहा), खजान्ची मोहिउद्दीन अंसारी (रमजान विगहा), नायफ खानान्ची हाफिज तौकीर अहमद (जपला चौबे) के अलावा कार्यकारिणी सदस्यों में शेख जसीमुद्दीन अंसारी, शेख अमीनुद्दीन, माजिद कादरी, इसराईल के अलावा कई लोगों का नाम शामिल हैं।

# ट्रेन को रोकने वाले मनचलों को किया गिरफ्तार

**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** पूर्व मध्य रेलवे के जपला रेलवे स्टेशन पर बुधवार को ट्रेन सं. 03347 अप पलामू एक्सप्रेस उंटारी रोड रेलवे स्टेशन से अपने निशचित ठहराव के बाद खुलने के बाद दो मनचलों ने उक्त गाड़ी को स्टेशन के कुछ ही दुरी पर एसीपी कर दुबारा रोक दिया। रेलवे सुरक्षा बल जपला के प्रभारी के अनुदेश पर रात्रि गस्त कर रहे गश्ती दल ने उन दोनों मनचलों को मौका ए वारदात पर ही पकड़



लिया। गिरफ्तार युवकों में उंटारी थाना अंतर्गत जमडीहा निवासी विकेश ठाकुर व महेंद्र मेहता शामिल हैं। दोनो के खिलाफ बिना किसी उचित कारण के भैकम मारकर ट्रेन को रोकने के जुर्म में रेल अधिनियम के प्रावधानों के तहत मुकदमा दर्ज कर जेल भेजा गया है। इस मौके पर गस्त दल के इंचार्ज सहायक उप निरीक्षक प्रमोद कुमार के साथ हेड कांस्टेबल सुभाष चन्द्र और कांस्टेबल विकाश कुमार शामिल थे।

### ट्रैक्टर ट्रॉली पलटने से किसान की हुई मौत

**हरिहरगंज।** पिपरा थाना क्षेत्र के बलहा विशुनपुर गांव के समीप ट्रैक्टर ट्रॉली पलटने से 50 वर्षीय तपसी यादव की मौत हो गई। गौरतलब है कि मृतक अपने घर से चहका पर स्थित खेत के पाही पर सोने जा रहा था। इसी बीच ईंट लादकर जा रहे ट्रैक्टर की ट्रॉली पलट गई। जिससे दबकर उक्त किसान की घटना स्थल पर ही मौत हो गई। बताया जाता है कि उक्त ट्रैक्टर तेज गति के कारण ही अनियंत्रित होकर पलटा है।

### किसानों को कराया गया शैक्षणिक भ्रमण

**मेदिनीनगर।** सहभागी शिक्षण केन्द्र झारखंड द्वारा एलआईसी एचएफएल के सहयोग से हृदय परियोजना के बैनर तले हुसैनाबाद प्रखंड के महुअरि एवं लोटानिया ग्राम पंचायत के 55 सक्रिय किसानों का दो दिवसीय शैक्षणिक भ्रमण कृषि विज्ञान अनुसंधान केन्द्र चियांकी में कराया गया। जिसमे परंपरागत तरीके से खेती करना, वर्मी कम्पोस्ट को बनाना एवं साथ ही साथ कैश प्लांट को लगाने पर होने वाले आर्थिक फायदों पर कृषि विज्ञान अनुसंधान केन्द्र चियांकी के वैज्ञानिक अखिलेश साह और जुगेश्वर द्वारा समझ स्थापित की गई। जिसमे मूंग, उरड, वर्मी कम्पोस्ट बनाने पर जानकारी देते हुए सभी को सीधे व्यवहारिक रूप से कर के दिखाया गया। उन्होंने बताया गया कि परंपरागत खेती करने और कैश प्लांट आम, नींबू, अमरूद को भी लगाना होगा, जिससे किसानों की आर्थिक स्थिति अच्छी होगी और साथ ही साथ आय में भी बढ़ोत्तरी होगी।

### बाइकों की टक्कर में दो घायल

**हुसैनाबाद।** पलामू जिले के हुसैनाबाद में बुधवार को जपला-हैदरनगर मुख्य पथ के दाता नगर के समीप बाइक में दूसरी बाइक ने पीछे से टक्कर मार दी। पहली बाइक पर सवार सिद्धू राम गंभीर रूप से घायल हो गए। इनका प्राथमिक इलाज अनुमंडलीय अस्पताल हुसैनाबाद में करने के बाद मेदिनीनगर रेफर कर दिया गया है। जबकि बाइक चालक उनके पुत्र राजू राम को भी हल्की चोट आई है। घटना के संबंध में हैदरनगर के चौकड़ी गांव निवासी राजू राम ने बताया कि वह अपने पिता जी को लेकर जपला जा रहे थे। दाता नगर के समीप तेज रफ्तार से आ रही बाइक ने पीछे से टक्कर मार दी। उन्होंने बताया कि टक्कर मारकर दूसरी बाइक वाला भाग गया। बाद में नागरिकों ने उन्हे अनुमंडलीय अस्पताल हुसैनाबाद पहुंचाया।

### महायज्ञ के भंडारे का खर्च वहन करने की जिम्मेवारी ली

**नावा बजार।** पलामू आगामी 20 मई से आयोजित पलामू जिला के बिश्रामपुर प्रखंड अंतर्गत तोलरा गांव में लक्ष्मी नारायण महायज्ञ सह विष्णु भगवान की प्राण प्रतिष्ठा के 6दिन भंडारे का जो भी खर्च होगा हम वहन करेंगे यह उक्त बातें एलाईसी ऑफिसर वीरेंद्र तिवारी उर्फ दादो तिवारी ने कहा । वीरेंद्र तिवारी के पास आज विष्णु मंदिर निर्माण कमिटी तथा संचालन कमिटी के सदस्य यज्ञ में सहयोग को लेकर गय थे ।एलाईसी अफसर ने कमिटी को मांगने से ज्यादा देने पर सभी ने आभार जताया वहीं वायरलेस विभाग के परमेश्वर तिवारी ने भी 25001रु का सहयोग किया।कमिटी के रासबिहारी तिवारी बिनय कुमार तिवारी कौशल तिवारी गोखुल तिवारी अगस्त तिवारी संजय तिवारी धर्मराज तिवारी सोनी तिवारी सहित सभी ने वीरेंद्र तिवारी के इस ऐतिहासिक दान पर साधूवाद दिया।

### आकांक्षी प्रखंड योजना को लेकर नीति आयोग की बैठक

**प्रतिनिधि हरिहरगंज ।** प्रखंड सभागार में बुधवार को नीति आयोग द्वारा निर्देशित आकांक्षी प्रखंड कार्यक्रम अंतर्गत सक्षम ग्राम पंचायत निर्माण को लेकर विभिन्न विभागों के अधिकारियों व कर्मियों की बैठक हुई। इसकी अध्यक्षता प्रखंड विकास पदाधिकारी जयप्रकाश नारायण ने की। बैठक में पीरामल फाउंडेशन के अनिल शर्मा, शाहिन तथा अभिनव कुमार के द्वारा स्वास्थ्य, शिक्षा, पोषण, कृषि, जल संसाधन, कौशल विकास, आधारभूत संरचना तथा सामाजिक विकास के क्षेत्र में प्रखंड को सक्षम बनाने पर जोर दिया गया। साथ ही इसके लिए कार्य योजना बनाने पर चर्चा की गयी।

## पंचायत समिति की बैठक में उठाई गई क्षेत्र की समस्याएं

**नवीन मेल संवाददाता**

**पांकी।** पांकी प्रखंड कार्यालय के सभागार में बुधवार की दोपहर पंचायत समिति की बैठक प्रखंड प्रमुख पंचम प्रसाद की अध्यक्षता में की गई। जिसमें प्रखंड विकास पदाधिकारी चंदन कुमार सिंह, अंचलाधिकारी, विधायक प्रतिनिधि एवं सांसद प्रतिनिधि समेत प्रखंड क्षेत्र के सभी विभागों के पदाधिकारी एवं पंचायत समिति सदस्य शामिल हुए। बैठक में पंचायत समिति सदस्यों ने अपने क्षेत्र की समस्याओं को सभी अधिकारियों के समक्ष साझा किया एवं इसके निदान हेतु पहल करने की मांग की। बैठक में प्रमुख पंचम प्रसाद ने कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय की विधि व्यवस्था पर भी सवाल खड़े किये। जिस पर प्रखंड प्रसार शिक्षा पदाधिकारी को तत्काल व्यवस्था में सुधार करवाने हेतु निर्देशित किया गया। बैठक में उपस्थित विधायक प्रतिनिधि सुरेंद्र सिंह ने पांकी बाजार क्षेत्र की भूमि को तत्काल अतिक्रमण मुक्त कराने की मांग अंचलाधिकारी से की।

# खनन टास्क फोर्स की बैठक में उपायुक्त ने दिये निर्देश

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** पलामू उपायुक्त आंजनेयुलु दोड्डे ने बुधवार को वर्चुअल मोड के माध्यम से जिला खनन टास्क फोर्स की बैठक की। इसमें जिला खनन पदाधिकारी आनंद कुमार ने बताया कि मार्च व अप्रैल 2023 में अवैध खनन/ परिवहन/ भंडारण से जुड़े कुल 36 मामले आये जिससे बतौर जुमार्ना 10 लाख 37 हजार रुपये की वसूली की गयी। बैठक के दौरान उपायुक्त श्री दोड्डे व एसपी चंदन कुमार सिन्हा ने टास्क फोर्स की पूर्व की बैठक में दिये गये निदेर्शों के आलोक में हुए कार्यों की समीक्षा की। बैठक में उपायुक्त ने कहा कि जिले में संचालित विकास योजनाओं में बालू की आपूर्ति कैटेगरी-1 के तहत चिन्हित बालूघाटों से किया जाना है, जिसका चालान संबंधित मुखिया द्वारा नियम एवं प्रावधानों के अनुरूप जारी किया जाएगा। सभी पदाधिकारी यह सुनिश्चित करें कि प्रधानमंत्री आवास योजना में बालू कि आपूर्ति इन्हीं कैटेगरी-1 के तहत चिन्हित बालू घाटो से हो। उन्होंने कहा कि इन बालूघाटों से उठाव किए गए बालू का उपयोग निजी,गैर व्यावसायिक, सामुदायिक उद्देश्य, सरकार द्वारा प्रायोजित कल्याणकारी योजनाओं के



कार्यान्वयन के लिये ही होगा। उन्होंने कहा कि अगर कहीं से बालू का उपयोग व्यवसायिक कार्यों के लिये किया जाता है तो संबंधित क्षेत्र के पदाधिकारियों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जायेगी। साथ ही इसमें संलिप्त लोगों के विरुद्ध भी विधिसम्मत कार्रवाई की जायेगी। डीसी ने इन घाटो से बालू का परिवहन में ट्रैक्टर के अलावा अन्य किसी वाहन से नहीं कराने पर बल दिया। उन्होंने कहा कि पदाधिकारी यह भी सुनिश्चित करें कि सभी ट्रैक्टरों पर वाहन का रजिस्ट्रेशन नंबर स्पष्ट रुप से दिखाई दे। उन्होंने कहा कि जिले के विभिन्न प्रखंडों में कुल 44 बालूघाट कैटेगरी-1 के तहत चिन्हित किया गया है, जिसका संचालन संबंधित मुखिया द्वारा किया जायेगा। बैठक में उपायुक्त श्री दोड्डे ने सभी अंचलाधिकारी व थाना प्रभारीयों को संयुक्त रूप से लघु खनिज की जांच करने हेतु निर्देशित किया। उपायुक्त ने कहा कि अवैध माइनिंग से जुड़ी शिकायत कहीं से प्राप्त होती है तो संबंधित क्षेत्र के पदाधिकारी के विरुद्ध त्वरित एक्शन लिया जाएगा।अवैध माइनिंग से संबंधित प्राप्त सभी मामलों की जांच एक सप्ताह के भीतर करना सुनिश्चित करें। बैठक में पुलिस अधीक्षक ने सभी थाना प्रभारियों को अवैध उत्खनन एवं परिवहन की रोकथाम को लेकर अलग से निर्देशित किया। वर्चुअल मोड में आयोजित बैठक एनआईसी के सभागार से आयोजित की गईबैठक में डीसी, एसपी, एसी सुरजीत कुमार सिंह, डीएमओ आनंद कुमार थे. जबकि तीनों एसडीओ, सभी बीडीओ-सीओ व थाना प्रभारी समेत अन्य पदाधिकारी वर्चूवल माध्यम से जुड़े थे।

# बायोमेट्रिक सिस्टम से हाजिरी बनाने में हो रही है परेशानी!

**नवीन मेल संवाददाता**

**मनातू।** अखिल झारखंड प्राथमिक शिक्षक संघ मनातू इकाई के पदाधिकारियों ने बायोमैट्रिक सिस्टम से हाजिरी बनाने में हो रही परेशानियों को लेकर बुधवार को प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी के नाम प्रखंड कार्यक्रम समन्वयक को ज्ञापन सौंपा। प्रखंड अध्यक्ष महबूब आलम व उपाध्यक्ष आशीष कुमार के नेतृत्व में बीआरसी कार्यालय में ज्ञापन सौंपा गया । जिसमें कहा गया है कि विभाग से मिले टैब से शिक्षक आगमन- प्रस्थान दर्ज करते हैं । शत प्रतिशत टैब खराब हो चुके हैं। शिक्षक निजी मोबाइल से निजी खर्च पर हाजिरी बनाना शुरू किये। फिलहाल ई विद्या वाहिनी ऐप को अपडेट करने के बाद



हाजिरी नहीं बन पा रही है। अजपता के मीडिया प्रभारी संजय कुमार चौधरी ने प्रेस को जानकारी दिए कि अभी भी का नया वर्जन 2,3,4 भी प्ले स्टोर से डाउनलोड करने के बाद भी उपस्थिति दर्ज नहीं हो पा रही है। ज्ञापन की प्रतिलिपि निकासी एवं ब्ययन पदाधिकारी अरुण प्रजापति को भी दे दी गई है । मौके पर रवि रंजन कुमार, ताकिउद्दीन अहमद, बिंदेश्वर कुमार ,मिथिलेश दुबे, प्रसिद्ध राम, प्रमोद रजक ,महेश राम, विनय ठाकुर ,सुरेंद्र कुमार ,सिराजुल हौदा, आशीष प्रसाद मित्र, अब्दुल समद रूमी, सरवन पाल, एवं सुधा कुमारी आदि मौजूद थे।

### तेज रफ्तार हाइवा ने स्कार्पियो में मारी टक्कर

**हुसैनाबाद।** पलामू जिले के हैदरनगर जपला मुख्य पथ पर बिलासुपर - निमियादोहर मोड़ के समीप बुधवार को दोपहर तेज रफ्तार से जा रही हाइवा ने असंतुलित होने के बाद स्कार्पियो में टक्कर मार दी। जिससे स्कार्पियो के अधिकांश भाग के परखच्चे उड़ गये। इसमें सवार लोग बाल बाल बच भाग निकले।

### राज्य जनसेवक संघ ने पुतला दहन किया

**मेदिनीनगर।** झारखण्ड राज्य जनसेवक संघ (पलामू इकाई) के बैनर तले स्थानीय छह मुहान चौक मेदिनीनगर में झारखण्ड कृषि मंत्री बादल पत्रलेख, कृषि सचिव अबुबकर सिद्दकी एवं कृषि निदेशक चंदन कुमार के विरोध में पुतला दहन किया गया। विदित हो कि 2012 में झारखण्ड सरकार में तत्कालीन कृषि एवं गन्ना विकास विभाग जो अब कृषि पशुपालन व सहकारिता विभाग के द्वार कृषि क्षेत्र में सवार्गीन विकास के लिए 1836 रिक्त पदो के लिए जनसेवकों की नियुक्ति हुई थी।

# बोरे में बंद महिला का सड़ा गला शव बरामद

**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** पलामू जिले के हैदरनगर थाना क्षेत्र के कुकही पंचायत के दह पर गांव में अनूप मेहता के चिमना ईंट भट्ठा परिसर से प्लास्टीक के बोरे में बंद एक महिला का शव बरामद किया गया है। एसआई सोनू दास ने बताया कि उक्त महिला का क्षत विक्षत शव पूरी तरह सड़ चुका है। इस शव को सर्वप्रथम हुसैनाबाद सीएचसी पोस्टमार्टम के लिये भेजा गया था। किन्तु काफी पुराना व कई दिनों के शव सड़े गले होने से इसकी जांच यहां संभव नहीं थी। इसके बाद शव को एमएमसीएच मेदिनीनगर पोस्टमार्टम के लिये भेजा गया है। उन्होंने बताया कि इस शव के फॉरेंसिक जांच के लिये सैंपल रांची भेजा गया है। बताया जाता है कि इस बोरे को कई दिनों से ईंट भट्ठा परिसर में लावारिश अवस्था में देखा जा रहा था। अंततः इससे दुर्गंध फैलते ही मजदूरों को कोई अनहोनी का अंदेशा होने लगा। यहां कार्यरत मजदूरों ने भट्ठा मालिक को इसकी सूचना दी। इसके बाद मालिक ने पूरी वस्तुस्थिति से पुलिस को अवगत कराया। उसके बाद इस महिला के शव को बरामद किया गया।


**उपायुक्त का कार्यालय,लोहरदगा।**
(एन0आर0ई0पी0 शाखा)

**अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना**

**NIT NO – 01 वर्ष 2023–24**

1.विज्ञापनदाता का नाम :– कार्यपालक अभियन्ता, एन0आर0ई0पी0, लोहरदगा।
2.परिमाण विपत्र बिक्री की तिथि :– कार्यालय अवधि में दिनांक 06.05.2023 अपराह्न 1.00 बजे तक।
3.निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय :– दिनांक 08.05.2023 को 2:00 बजे अपराह्न तक।
4.निविदा खोलने की तिथि एवं समय :– दिनांक 08.05.2023 को 3:00 बजे अपराह्न में।
5.निविदा प्राप्ति एवं परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान:– कार्यालय कार्यपालक अभियन्ता,एन0आर0ई0पी0, लोहरदगा।

| क्र0 | प्रखण्ड | पंचायत | योजना का नाम | प्राक्कलित राशि (लाख में) | अग्रधन की राशि 2% | परिमाण विपत्र की मूल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 1 | सेन्हा | सेन्हा | नवनिर्मित कम्प्यूटर सेन्टर से शान्ति उरांव के घर तक छूटे हुए भाग का पी0सी0सी0 पथ निर्माण 500 फीट | 10,37,600.00 | 21000.00 | 2500.00 | 02 (दो) माह |

2 ग्रामीण कार्य विभाग में समुचित श्रेणी में निबंधित संवेदक निविदा में भाग ले सकते है।
3 संवेदक का UCAN में निबंधन अनिवार्य है।

PR 295946 Lohardaga(23-24)D

कार्यपालक अभियंता,
एन0आर0इ0पी0,लोहरदगा।



**कार्यालय, जिला शिक्षा अधीक्षक, लोहरदगा**
**पाण्डेय गणपत राय भवन प्रथम तल्ला, समाहरणालय परिसर, लोहरदगा**
Email-mdmloh@rediffmail.com, lohardagamdm@gmail.com

**आवश्यक–सूचना**

सरकार के सचिव, स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग, झारखण्ड, रॉची के संकल्प संख्या 1145 दिनांक 18.07.2019 एवं प्रारम्भिक शिक्षक प्रोन्नति नियमावली, 1993 के आलोक में दिनांक 31.12.2022 तक जिले में कार्यरत एवं योग्यताधारी शिक्षकों की मास्टर वरीयता सूची के आधार पर ग्रेड–4 में प्रोन्नति हेतु विज्ञान एवं कला/भाषा का औपबंधिक वरीयता सूची पर आपत्ति आमंत्रण से संबंधित आवश्यक सूचना।

सरकार के सचिव, स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग, झारखण्ड, रॉची के संकल्प संख्या 1145 दिनांक 18.07.2019 एवं प्रारम्भिक शिक्षक प्रोन्नति नियमावली, 1993 के आलोक में दिनांक 31.12.2022 तक जिले में कार्यरत एवं योग्यताधारी शिक्षकों की मास्टर वरीयता सूची के आधार पर ग्रेड–4 में प्रोन्नति हेतु विज्ञान एवं कला/भाषा का औपबंधिक वरीयता सूची जिले के अधिकारिक बेवसाईट https://lohardaga.nic.in पर प्रकाशित करते हुए सम्बन्धित शिक्षकों से सम्बन्धित विवरण के संदर्भ में दावा/आपत्ति की माँग की जाती है। सभी सम्बन्धित शिक्षक इस सम्बन्ध में अपना दावा/आपत्ति साक्ष्य सहित जिला कार्यालय को दिनांक 27.04.2023 से 26.05.2023 तक हार्ड कॉपी में अधोहस्ताक्षरी कार्यालय में जमा कर सकते हैं। निर्धारित अवधि के बाद किसी प्रकार का दावा/आपत्ति मान्य नहीं होगा।

शिक्षक/शिक्षिकाओं से साक्ष्य सहित दावा/आपत्ति प्राप्त एवं संधारित करने हेतु श्री रविकांत कोनगाड़ी, प्रतिनियुक्त लिपिक, कार्यालय, जिला शिक्षा अधीक्षक, लोहरदगा को नामित किया जाता है।

त्रुटि सुधार के सम्बन्ध में निम्नलिखित प्रपत्र में आवेदन दिया जा सकेगा।

| आपत्तिकर्ता का नाम एवं पदनाम | पदस्थापित विद्यालय का नाम एवं प्रखण्ड | प्रकाशित सूची में क्र0सं0 | जिस कॉलम में त्रुटि है, उसकी संख्या | त्रुटि का विवरण | साक्ष्य का विवरण | अभ्युक्ति |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| | | | | | | |

शिक्षक का हस्ताक्षर

PR 296026 Lohardaga(23-24)#D

जिला शिक्षा अधीक्षक, लोहरदगा



**कार्यालय, गढ़वा नगर परिषद्, गढ़वा**

पत्रांकः.......................दिनांक.....................

**शुद्धि–पत्र**

कार्यालय नगर परिषद गढ़वा के द्वारा E-Tender GNP/RFP-01/2022-23 2nd Call (Construction & Commissioning of Fecal Sludge Treatment Plant of Capacity 17 KLD at Garhwa town (Jharkhand) followed by Operation and Maintenance including desludging operations for 5 years) का सूचना प्रकाशित किया गया था, जिसका PR 295696 Urban Development (23-24).D है। उक्त ई–निविदा में निम्नलिखित संशोधन किया जाता हैः–

1. निविदा डालने की अंतिम तिथि – 02.05.2023
2. निविदा खोलने की तिथि – 04.05.2023
3. Last Date of receipt of hard copy cost of bid document & EMD – 03.05.2023

शेष सभी पूर्व की भांति यथावत रहेंगे।

**कार्यपालक पदाधिकारी,**
**नगर परिषद गढ़वा।**

PR.NO.295976 Urban Development(23-24):D



**जिला दण्डाधिकारी-सह-उपायुक्त का कार्यालय, लोहरदगा**
**(आपदा प्रबंधन कोषांग)**

**जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकार, लोहरदगा द्वारा जनहित में जारी**
**गर्म हवाएँ/ लू :- साधारण सावधानियों से अपने आपको सुरक्षित रखें।**

लू खतरनाक साबित हो सकता है। इसके प्रभाव को कम करने तथा रोकथाम के लिए निम्नलिखित सावधानियाँ बरतेंः–

सुरक्षा के उपायः–
- जहाँ तक संभव हो कड़ी धूप में बाहर न निकलें।
- जितनी बार हो सके पानी पियें। सफर में अपने साथ पीने का पानी अवश्य रखें।
- जब भी बाहर धूप में जायें हल्के रंग के और ढ़ीले–ढ़ाले सूती कपड़े पहनें, धूप के चश्मे का इस्तेमाल करें, गमछे या टोपी से अपने सिर को ढ़कें और हमेशा जूते या चप्पल पहनें।
- अधिक तापमान में कठिन काम ना करें। जहाँ तक संभव हो कड़ी धूप में बाहर के काम से बचें।
- अगर आपका काम बाहर का है तो टोपी, गमछा या छाते का इस्तेमाल जरूर करें और गीले कपड़े को अपने चेहरे, सिर व गर्दन पर कुछ समय के लिए रखें।
- हल्का भोजन करें। अधिक रस वाले फल जैसे तरबूज, प्याज, खीरा, नींबू, संतरा आदि का सेवन करें तथा ज्यादा प्रोटीन वाले भोजन का सेवन ना करें, जैसे–माँस व मेवे, जो शारीरिक ताप को बढ़ाते हैं।
- घर में बना पेय जैसे लस्सी, नमक–चीनी का घोल, छाछ, सत्तू शरबत, नींबू–पानी, आम का अमझोरा इत्यादि का नियमित सेवन करें।
- बच्चों और पालतू जानवरों को धूप में पार्क किये हुए वाहनों में अकेला न छोड़ें।
- जानवरों को छाँव में रखें और उन्हें खूब पानी पीने को दें।
- अपने घर को ठंडा रखें। पर्दे, शटर आदि का प्रयोग करें। रात में खिड़कियाँ खुली रखें।
- स्थानीय मौसम के पूर्वानुमान और आगामी तापमान में परिवर्तन के बारे में जानकारी रखें तथा सतर्क रहें।
- अगर आपकी तबीयत ठीक ना लगे या चक्कर आए तो तुरन्त डॉक्टर से संपर्क करें। साथ ही उसके मार्गदर्शन का पालन करें।

लू लगने पर क्या करेंः–
- लू लगे व्यक्ति को छाँव में लिटा दें। अगर तंग कपड़ा हो तो उन्हें ढ़ीला कर दें अथवा हटा दें।
- ठंडे गीले कपड़े से शरीर पोंछे या ठंडे पानी से नहलायें।
- व्यक्ति को ओ0आर0एस0/ नींबू–पानी/ नमक–चीनी का घोल पीने को दें, जो कि शरीर में जल की मात्रा को बढ़ा सके।
- यदि व्यक्ति पानी की उल्टियाँ करे या बेहोश हो, तो उसे कुछ भी खाने या पीने को ना दें।
- लू लगे व्यक्ति की हालत में एक घंटे तक सुधार न हो तो उसे तुरन्त नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र में ले जायें।

"आपदा प्रबंधन महाविचार, पूरा लोहरदगा भागीदार"

उपायुक्त–सह–अध्यक्ष,
जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकार, लोहरदगा

PR 296004 Lohardaga (23-24)_D



**Office of the Nagar Parishad, Lohardaga**

**E-Procurement Notice**
**NIT No: LNP/14/2022-23(5th Call)**

| | | |
|---|---|---|
| 1. | Name of the work | Construction & Commissioning of Fecal Sludge Treatment Plant of Capacity 21 KLD at Lohardaga town (Jharkhand) followed by Operation and Maintenance including desludging operations for 5 years. |
| 2. | Estimated Cost (INR) | Construction Cost: ₹ 3,65,35,405<br>Operation & Maintenance Cost: ₹ 2,10,85,899<br>Total: ₹ 5,76,21,304/- |
| 3. | Bid Security (INR) | ₹ 5,76,000/-. (Rupees Five Lakhs Seventy-Six Thousand Only) |
| 4. | Cost of Bid Document (INR) | ₹ 25,000/- (Twenty five Thousand Only); non-refundable |
| 5. | Time of Completion | 1 year of construction which comprises 9 months of construction and 3 months of defect liability period including one month of trial run and 5 years of O&M post DLP |
| 6. | Date of e-publication of tender | 28-04-2023 at 10:30 AM |
| 7. | Document downloading start Date | 28-04-2023 at 11:30 AM |
| 8. | Start date for seeking clarification | 28-04-2023 (nagarparishadlohardaga@gmail.com) |
| 9 | End date for seeking clarification | 08-05-2023 |
| 10 | Pre bid meeting date, Time & Venue | 09-05-2023 up to 12:30 PM (Office Nagar Parishad, Lohardaga) |
| 11 | Bid submission end date | 18-05-2023 up to 05:00 PM |
| 12 | Last day for the submission of Bid Security, cost of bid document | 19-05-2023 up to 03:00 PM |
| 13 | Bid opening date (online) | 19-05-2023 up to 05:00 PM |
| 14 | Mode of Submission of Bids | e-Tenderning (https://jharkhandtenders.gov.in) |
| 15 | Name & address of office Inviting tender | Executive Officer, Nagar parishad Lohardaga |
| 16 | Helpline number | 9304502260 |

*Note:- Only e-Tenders will be accepted.*
Complete bid document is available on website http://Jharkhandtenders.gov.in

PR295947 (Lohardaga)23-24*D

**Excutive Officer**
**Nagar parishad Lohardaga**

**NEWS इन ब्रीफ**

### भारतीय रेडक्रॉस ने फूड बास्केटस् वितरित किये

**मेदिनीनगर।** भारतीय रेड क्रॉस सोसाइटी के द्वारा पलामू जिला के गोद लिए गए अति पिछड़े वर्ग के यक्ष्मा के मरीजों के बीच चौथे माह के फूड बास्केटस् का वितरण बुधवार को किया गया। बताते चलें कि रेड क्रॉस सोसाइटी के द्वारा वैसे यक्ष्मा के मरीज को जो अति पिछड़े हैं। हर महीने फूड बास्केट दिया जाता है। ताकि उससे उनमें शारीरिक रूप से सुधार हो सके। इसी के क्रम में अप्रैल माह के फूड बास्केटस् सभी मरीजों के बीच वितरित किये गये। जिसमें रेड क्रॉस सोसाइटी पलामू के सदस्य डॉ सत्यजीत गुप्ता सचिव, सुधीर अग्रवाल,गिरिधारी गर्ग उपस्थित हुए।

### प्रतिमा अनावरण सह भारत माता आरती कार्यक्रम

**मेदिनीनगर।** आज स्थानीय साहित्य समाज चौक का नाम भारत माता चौक में तब्दील कर भारत माता प्रतिमा का अनावरण किया गया।इसके साथ भारत माता आरती कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया है।आज शाम 6 बजे से कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। इसकी जानकारी निगम के उपमेयर ने दी। ज्ञात हो कि निगम के द्वारा शहर के चौक चौराहों का नामकरण किया जा रहा है। इसी कड़ी में साहित्य समाज चौक का नया नाम दिया जा रहा है। स्थानीय केंद्रीय पुस्तकालय के समीप चौक स्थित है।

### पनशाला खोलने की सराहना

**मेदिनीनगर।** शहर में बढ़ते तापमान के मद्देनजर बुधवार को एईके अकेडमी सतबरवा के निदेशक आफताब आलम ने पनशाला खोली । जिसकी अध्यक्षता अविनाश देव ने की। राहगीरों को पानी पिलाकर पनशाला की शुरूआत हुई । जहां पलामू में भीषण गर्मी का पारा 43 पार कर गया हो। नदी नाले आहर पोखर तालाब का पानी सूख गया हो। भू-गर्भिये जल पाताल पकड़ लिया हो। पानी के लिए हाहाकार मचा हो। तब ऐसी विकट स्थितियों में पनशाला खोलना बहुत ही सराहनीय कार्य है।क्योंकि जल ही जीवन है और इसी को रहीम ने कहा रहीमन पानी राखिए बिन पानी सब सुन...मतलब पानी के बिना सब सुन है। इसी बात को आफताब आलम ने सुना और प्यास बुझाने के दिशा में पनशाला खोली।। इस मौके पर झारखण्ड स्टेट स्कूल एशोसिएशन के संस्थापक सदस्य आदरणीय गिरिज कुमार,नंदकिशोर भारती,रमाकांत मेहता जी की गरिमामयी उपस्थिति रही।

# पलामू में आज बदल सकता है मौसम

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** पलामू में फिलहाल मौसम की मेहरबानी बनी रहेगी। प्रदेश के कई हिस्सों में अगले दो दिनों में झमाझम बारिश होगी। आज प्रदेश के अलग-अलग हिस्सों में गरज चमक के साथ बारिश और वज्रपात की भी आशंका जतायी गई है। मौसम विभाग ने यलो अलर्ट जारी किया है। पहले मौसम विभाग ने इसे 26 अप्रैल तक के लिए ही जारी किया था। लेकिन मौसम के बदलते मिजाज को देखते हुए इसका दायरा आज तक बढ़ा दिया गया है। झारखंड के अलग-अलग हिस्सों में 27 अप्रैल और 28 अप्रैल तक झारखंड के कई इलाकों में बारिश हो सकती है। आज उत्तरी और निकटवर्ती इलाक ों में बारिश हो सकती है। वही, पश्चिमी, दक्षिण और मध्य के इलाके में



बारिश हो सकती है। 28 को दक्षिणी भाग में बारिश हो सकती है।मौसम विभाग ने संभावना जाहिर की है कि शाम होते-होते मौसम अपना मिजाज बदलेगा। तेज हवा के साथ हल्की बारिश की भी संभावना जाहिर की गयी है। रांची के साथ- साथ जिन जगहों पर बारिश की संभावना जाहिर की गयी है। उनमें पलामू, गढ़वा, चतरा, कोडरमा, लातेहार व लोहरदगा के अलावा रांची, बोकारो, गुमला, हजारीबाग, खूंटी और रामगढ़ में बारिश हो सकती है। सोमवार को रांची में तेज हवा के साथ बारिश हुई। रांची के साथ- साथ जिन इलाकों में बारिश हुई उनमें जमशेदपुर, रामगढ़, पश्चिमी सिंहभूम व खूंटी में शामिल हैं। बारिश की वजह से इन इलाकों में गर्मी से राहत मिली है। मौसम विभाग ने सचेत रहने को कहा है।

# हिंदी विषय की अंतिम मेधा सूची जारी

**नवीन मेल संवाददाता**



**मेदिनीनगर।** जेएसएससी के द्वारा मंगलवार की देर शाम हिंदी विषय के अभ्यर्थियों की अंतिम मेधा सूची जारी की गयी है। जिसमें 300 से अधिक अभ्यर्थियों का चयन हिंदी विषय के लिए किया गया है। जिसमें पलामू से भी कई अभ्यर्थियों का चयन हिंदी शिक्षक के रूप में किया गया है।आयोग के द्वारा सभी विषयों में जिला विकल्प के बाद अंतिम मेधा सूची जारी की जा रही है। ज्ञात हो कि तीन महीने में नियुक्ति प्रक्रिया पूरी करने के लिए सुप्रीम कोर्ट का आदेश है लेकिन अभी तक एक भी नियुक्ति प्रक्रिया नही हुई है। अंतिम मेधा सूची जारी होने के बाद जल्द ही जिलों में अभ्यर्थियों की कॉउंसलिंग की प्रक्रिया की जाएगी।

# अपराध गोष्ठी का आयोजन



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** पुलिस अधीक्षक कार्यालय में मंगलवार को पलामू एसपी चंदन सिन्हा की अध्यक्षता मेंअपराध गोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसमें सर्व प्रथम मार्च 2023 के अपराधों की समीक्षा की गई। इसके अतिरिक्त मुख्य बिंदु निम्नवत थे। मार्च 23 में निष्पादित कांडों की स्थिति प्रतिवेदीत कांडों की संख्या से ज्यादा थी, जिस पर पुलिस अधीक्षक ने संतोष व्यक्त किया।सभी थाना प्रभारियों को वारंट एवं कुर्की के निष्पादन के लिए विशेष अभियान चलाने का निर्देश दिया गया।हाल में हुये वैसे हत्या के कांड जिनका उद्भेदन नहीं हो पाया, उसके उद्भेदन की कार्ययोजना बनाई गई।वैसे कांड जो 5 वर्ष से ज्यादा से लंबित है, उनके निष्पादन के लिए और कार्रवाई पूर्ण करने के लिए कड़े निर्देश दिए गए। माह मार्च एवं अप्रैल में घटित दुर्घटना के कांडों के कारणों एवं दुर्घटना कम करने के उपायों पर चर्चा की गई। महत्वपूर्ण गैंग एवं महत्वपूर्ण अपराधियों के विरुद्ध सीसीए, जमानत रद्द करने ,सर्विलांस प्रोसिडिंग खोलने एवं गिरफ्तारी की कार्रवाई के लिए निर्देश दिये गये। अवैध बालू, अवैध पत्थर के उत्खनन के विरुद्ध कारवाई में जिला खनन पदाधिकारी एवं अंचलाधिकारी को पूर्ण सहयोग देने का निर्देश दिया गया। बैठक में पलामू जिले के सभी थाना प्रभारी ,पुलिस निरीक्षक एवं अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी शामिल थे।

# पीड़ितो के बीच पीडीजे ने किया 28 लाख का चेक वितरण

**इस वर्ष अब तक 33 लाख रुपए झारखंड पीड़ित प्रतिकर अधिनियम के तहत पांच केस में भुगतान किये जा चुके हैं**

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** पलामू के प्रधान जिला व सत्र न्यायाधीश प्रदीप कुमार चौबे ने मंगलवार को दुष्कर्म पीड़िता व हत्या के मामले में पीड़ित चार लोगों के बीच 28 लाख रुपये का चेक प्रदान किया ।विदित हो कि झारखंड पीड़ित प्रतिकर अधिनियम के तहत यह राशि प्रदान की गई है। विदित हो कि क्रिमिनल इंजुरी कंपनसेशन बोर्ड की बैठक में पलामू के प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश उपायुक्त, पुलिस अधीक्षक, सिविल सर्जन व सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकार ने पीड़िता व उनके परिजनों को 28




लाख रुपये का चेक देने का निर्णय लिया था। विदित हो कि न्यायालय से पीड़िता व उनके परिजनों को झारखंड पीड़ित प्रतिकर अधिनियम की राशि देने की अनुशंसा की गई थी। इस मामले में अभियुक्त को उम्र कैद की सजा व अर्थदंड लगा हुआ था। क्रिमिनल इंजुरी कंपनसेशन बोर्ड की बैठक में सरकार से राशि मिलने के बाद मंगलवार को पीडीजे प्रदीप कुमार चौबे ने पीड़िता व उनके परिजनों को 28 लाख रुपये का चेक प्रदान किया। इस मौके पर पीड़िता के माता-पिता व परिजन भी उपस्थित थे। उक्त आशय की जानकारी जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव अर्पित श्रीवास्तव ने दी। उन्होंने बताया कि पोक्सो के एक मामले में पीड़िता को आठ लाख का चेक वही एक पीड़िता को सात लाख पचास हजार रुपए का चेक प्रदान किया गया है। वही हत्या के दो केस में से एक में पीड़ित परिवार को सात लाख पचास हजार रुपए व एक पीड़ित परिवार को पांच लाख रुपये का चेक प्रदान किया गया है। उन्होंने बताया इस वर्ष अब तक 33 लाख रुपए झारखंड पीड़ित प्रतिकर अधिनियम के तहत पांच केस में भुगतान किये जा चुके हैं। उन्होंने बताया कि समय-समय पर डालसा के द्वारा क्रिमिनल इंजुरी कंपनसेशन बोर्ड की बैठक आहूत की जाती है। जिसमें पीड़ितों को चिन्हित कर मुआवजा देने की प्रक्रिया प्रारंभ की जाती है।

### लावारिस शव का अंतिम संस्कार

**मेदिनीनगर।** सदर अस्पताल में कुछ दिन पहले एक अज्ञात व्यक्ति की इलाज के दौरान मौत हो गई थी। मौत के बाद शहर थाना की पुलिस द्वारा पंचनामा कर शव को पोस्टमार्टम हाउस रखवा दिया गया था। इंतजार करने के बावजूद जब इसको जानने वाला कोई नहीं पहुंचा तो लावारिस बॉडी को पुलिस के सहयोग से राजा हरिश्चंद्र घाट लाकर सम्मान के साथ उसका अंतिम संस्कार किया गया। वही पलामू चेंबर ऑफ कॉमर्स के दीपू चौरसिया ने लोगों से अपील किया है कि जहां भी लावारिस बॉडी मिले या देखें, तुरंत मेरे मोबाइल नंबर 963 11 80205 पर संपर्क करें। उसका अंतिम संस्कार सम्मान के साथ राजा हरिश्चंद्र घाट पर किया जाएगा।



# सांप के काटने से मजदूर की मौत

**नवीन मेल संवाददाता**

**हरिहरगंज।** ईट भट्ठा पर कार्यरत मजदूर की करैत सांप के काटने से मौत हो गई। जानकारी के अनुसार विश्रामपुर थाना क्षेत्र के ग्राम भलुआनी निवासी शिवनाथ भुइयां कई वर्षों से हरिहरगंज थाना क्षेत्र के ग्राम ढाब में सुरेंद्र मेहता के बीआईपी ईट भट्ठा पर काम करता था। इसी बीच मंगलवार की रात शिवनाथ भुइयां ईट भट्ठा पर जमीन में सोया हुआ था। तभी बुधवार की सुबह 2:00 बजे करैत सांप के काटने से वह गंभीर रूप से घायल हो गया। इसके बाद स्थानीय मजदूरों के द्वारा उसे झाड़-फूंक करवाने के लिए वैद के पास ले जाया गया। जहां झाड़-फूंक के बाद भी उसकी स्थिति गंभीर बनी हुई थी। इसके बाद ईट भट्ठा के मजदूरों द्वारा इस घटना की जानकारी शिवनाथ भुइया के परिजनों को दी गई। घटना की जानकारी मिलते ही परिजन ईट भट्ठा पर पहुंचकर घायल शिवनाथ को इलाज के लिए मेदिनीनगर सदर अस्पताल में भर्ती कराया। सदर अस्पताल में शिवनाथ के इलाज में दो डॉक्टर करीब दो घंटे तक प्रयास करते रहें इसके बाद भी उसकी स्थिति गंभीर बनी रही और अंत में इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। वही मृतक की पत्नी बिमली देवी ने बताया कि मेरे पति की गंभीर स्थिति को देखने ईट भट्ठा के मालिक भी पहुंचे थे। परंतु मौत होने पर वह सदर अस्पताल से चले गए। विमला देवी ने बताया कि उसके तीन बच्चे हैं, हम और हमारे पति ईट भट्टा में काम कर अपने बच्चों का भरण पोषण करते थे।वही इस घटना के बाद से परिजनों का सदर अस्पताल में रो रो कर बुरा हाल था।

# ग्रामीणों ने शिक्षक को बनाया बंधक



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** पलामू जिला अंतर्गत सतबरवा प्रखंड में राजकीय उत्क्रमित मध्य विद्यालय कामारू के शिक्षक संजीव तिवारी को ग्रामीणों ने करीब 1 घंटे तक उनके कार्यालय कक्ष में बंधक बनाकर रखा। यह पूरी घटना मंगलवार की है। बंधक बनाए जाने की सूचना मिलने के बाद पलामू जिला अधीक्षक मनोज कुमार घटनास्थल पर पहुंचे। सतबरवा में पहुंचकर ग्रामीणों के साथ शिक्षा अधीक्षक ने बैठक की। बैठक के दौरान उन्होंने कहा कि पलामू के स्कूलों में अब पढ़ाई से ज्यादा राजनीति की जा रही है। यह एक गंभीर मामला है। साथ ही साथ शिक्षा और शिक्षण के प्रति लापरवाही प्रदर्शित करता है।आपको बता दें कि एक मार्च को भी स्कूल में हंगामा करके ग्रामीणों ने शिक्षक को इस विघालय से हटाने की मांग की थी।पलामू जिला शिक्षा अधिकारी ने कहा कि अभिभावक अपने बच्चों को स्कूलों में पढ़ाने के लिए भेजें। स्कूलों में राजनीति ठीक बात नहीं है। राज्य सरकार बच्चों के शिक्षा के प्रति काफी कुछ कर रही है। एमडीएम से लेकर बच्चों के किताब पठन-पाठन सामग्री तथा पोशाक और जूते बैग हर साल मुहैया कराती है ताकि छात्र किसी से कम नहीं रह सके।पूर्व प्रभारी एचएम वर्तमान विद्यालय के शिक्षक संजीव तिवारी को बंधक बनाए जाने पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहे कि कानून किसी को भी हाथ में लेने का अधिकार नहीं दिया जाएगा। शिक्षक को बंधक बनाया जाना घोर अपराध है ।अगर इनसे कुछ शिकायत है, तब आपको उच्च अधिकारियों को सूचना देनी चाहिए थी। ताकि जांच करके इन पर कार्रवाई किया जा सके। इस दौरान उन्होंने स्कूल के छात्रों से शिक्षक के उपस्थिति के अलावा विद्यालय में मिलने वाली एमडीएम तथा रसोईया से भी जानकारी ली। छात्रों ने स्कूल के शिक्षक के पक्ष में तथा एमडीएम मीनू के अनुसार मिलने की बात कही।

# नाबालिग हथियार के साथ गिरफ्तार

**मेदिनीनगर।** पलामू एसपी चंदन सिन्हा के निदेर्शानुसार वर्तमान शहर थाना प्रभारी उपेंद्र नारायण सिंह के नेतृत्व में एक नाबालिक युवक को हथियार के साथ गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है। इस संबंध में जानकारी देते हुए उपेंद्र नारायण सिंह ने बताया कि दिनांक 25 अप्रैल को संध्या गश्ती के दौरान गुप्त सूचना के आधार पर एसपी के निर्देशन में टीम का गठन किया गया। टीम के द्वारा करीब 21.20 बजे छेछानी टोला रेड़मा स्थित संडा अहरा के समीप पुलिस गाड़ी को देखकर दो संदिग्ध व्यक्ति भागने लगे। सशस्त्र बल के सहयोग से दौड़ाकर एक व्यक्ति को पकड़ा एवं राजा सिंह उर्फ राजा तिवारी नामक व्यक्ति अंधेरे का लाभ उठाकर भाग गया। गिरफ्तार व्यक्ति से पुछताछ एवं तलाशी के दौरान एक देशी कट्टा बरामद किया गया। बरामद देशी कट्टा को विधिवत जप्त करते हुए पकड़ायें किशोर को शहर थाना गया है। पूछताछ के दौरान पकड़ाये किशोर द्वारा राजा सिंह उर्फ राजा तिवारी को मुहल्ले में ही प्रदीप तिवारी द्वारा सरेआम मारा पीटा गया था। जिसके प्रतिशोध में वह राजा सिंह के साथ रैकी करने के लिये उद्देश्य से छेछानी टोला रेड़मा स्थित संडा अहरा गया हुआ था। पकड़ाये किशोर का सुजीत सिन्हा गैंग से कोई संबंध नहीं है। निरुद्ध किशोर को न्यायिक हिरासत में भेजा जा रहा है। इस संदर्भ में शहर थाना कांड संख्या-172/23 दिनांक 25.04.2023 धारा-25 (1-b) (a) / 26/35 आर्म्स एक्ट दर्ज किया गया है। गठित टीम में वर्तमान थाना प्रभारी उपेन्द्र नारायण सिंह, एसआई समीर तिर्की,रवि शंकर, पुलिस के जवान उपेन्द्र महतो, शहर थाना,सूर्यनाथ सिंह,मुकेश कुमार,रमेश महतो,जयंत दूबे शामिल थे।

# करोना से घबराने की जरूरत नहीं है: डीके सिंह

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** सदर अस्पताल अधीक्षक डा. दिलीप कुमार सिंह ने करोना के बढ़ते मामलों को देखते हुए बताया कि सर्दी-खांसी से परेशान होने की आवश्यकता नहीं है। अगर ज्यादा खांसी है तो कोरोना की जांच आवश्य कराएं और कोविड नियमों का पालन करें। अस्पताल अधीक्षक मंगलवार को पत्रकारों से बातचीत करते हुए कोरोना की तैयारी पर चर्चा कर रहे थे। उन्होंने कहा कि कोरोना ने फिर से पांव लगा हैं, लेकिन इससे घबराने की आवश्यकता नहीं है। स्वास्थ्य विभाग ने इससे निपटने के लिए तैयारी पूरी कर ली है। ऑक्सीजन सिलेंडर पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध हैं। उन्होंने कहा कि टीकाकरण अभियान शुरु हो चुका है। इसलिए भी कोरोना अपने पैर पूरी तरह से नहीं पसार पायेगा। इसलिए किसी भी व्यक्ति को परेशान नहीं होना है। सर्दी-खांसी एवं बुखार जिनको है वे दूसरों से दो गज की दूरी बनाकर रखें। उन्हें मास्क पहनना चाहिए। उन्होंने कहा कि ऐसे साधारण स्थिति में भी किसी व्यक्ति को खाना खाने से पूर्व हाथ जरूर अच्छे से धो लेना चाहिए। इससे कई तरह की बीमारियां नहीं होगी। इधर, जिले में भी चार कोरोना के मरीज सक्रिय हैं, लेकिन उन्हें होम आइसोलेशन में रखा गया है। वे स्वस्थ्य हैं और एक दो दिन में पूरी तरह से कोरोना मुक्त हो जायेंगे।

### अवैध लकड़ी समेत पिकअप की गई जब्त



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।**मनातू बीती रात वन विभाग की टीम ने मनातू प्रखंड के रजखेता जंगल से अवैध रूप से पिकअप वैन पर लदे लकड़ी के लगभग 20 बोटा बरामद किये हैं। गुप्त सूचना पर यह करवाई की गई। मौके से चालक एवं तस्कर फरार हो गये । वनपाल जयप्रकाश रंजन ने बताया कि झारखंड बिहार की सीमा का फायदा उठाकर जंगलों से अवैध कटाई की जा रही है। वनों की कटाई को रोकने के लिए झारखंड बिहार की सीमा से सटे वन अधिकारी एवं प्रशासन के सहयोग से ही वनों की कटाई रोकी जा सकती है। जिस गाड़ी पर लदी लकड़ी बरामद की गयी वह पहले भी पकड़ी गई था। छापामारी में वनपाल जयप्रकाश रंजन के अलावे राकेश पांडे, मुन्ना चौधरी, देव शरण महतो आदि वन कर्मी शामिल थे।

### एयर एम्बुलेंस सेवा फ्री हो : राकेश

**मेदिनीनगर।** आप पार्टी नेता राकेश तिवारी ने कहा कि झारखण्ड की जनता के लिए पहली बार एयर एम्बुलेन्स सेवा की शुरूआत हुई है।जो एक बेहतर पहल है।लेकिन झारखण्ड एक गरीब राज्य है।यहां कीगरीब जनता, मध्यमवर्गीय परिवार 5 लाख,7 लाख, 8 लाख ,3 लाख कहाँ से लाएंगे। ऐसे में सरकार के द्वारा शुरू की गयी योजना का क्या महत्व रह जायेगा? उन्होंने मुख्यमंत्री से आग्रह किया है कि जनहित और यहां के गरीब जनता के भलाई के लिए यह सेवा झारखण्ड के लोगों के लिए फ्री करना चाहिए।

**समीक्षा** | **20 सूत्री क्रियान्वयन समिति में सभी विभागों का आकलन**

# लंबित कार्य जल्द पूरा करने के निर्देश

**लंबित पड़े आवासों को जल्द से जल्द पूरा करने का दिया निर्देश**

**पंचायत स्तर तक सभी स्वास्थ्य केंद्रों पर नियुक्त चिकित्सक एवं सेविका उपलब्ध रहें**

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** बुधवार को सदर प्रखंड मेदिनीनगर के सभाकक्ष में 20 सूत्री क्रियान्वयन समिति द्वारा प्रखंड स्तरीय सभी विभागों की समीक्षा बैठक की गई। जिसकी अध्यक्षता 20 सूत्री क्रियान्वयन समिति के उपाध्यक्ष श्री रामानंद पाठक उर्फ छोटू पाठक ने की। बैठक में 20 सूत्री उपाध्यक्ष सह महासचिव पलामू जिला कांग्रेस कमेटी के श्री रामानंद पाठक उर्फ छोटू पाठक ने सभी विभागों के पदाधिकारी एवं उपस्थित संबंधित विभाग के कर्मियों से एक-एक कर जानकारी ली। उन्होंने प्रमुख रूप से लंबित पड़े आवासों को जल्द से जल्द पूरा करने का निर्देश दिया एवं पंचायत स्तर के कर्मियों को कहा गया कि वे क्षेत्र में जाकर निर्माण कार्य को पूरा कराने का काम करें । साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि आवास निर्माण में बालू की किल्लत को देखते हुए संबंधित थाना एवं अंचल द्वारा बालू उठाओ पर रोक नहीं लगाई जाय। ताकि जल्द से जल्द आवास निर्माण कार्य पूरा हो सके। गर्मी के मौसम को देखते




हुए उन्होंने स्वास्थ्य विभाग को निर्देश दिया कि प्रखंड से लेकर पंचायत स्तर तक सभी स्वास्थ्य केंद्रों पर नियुक्त चिकित्सक एवं सेविका उपलब्ध रहें। ताकि विकट परिस्थितियां आने पर आम जनता को दिक्कत महसूस ना हो सके। वही पेयजल व्यवस्था पर श्री पाठक ने कहा कि सभी सरकारी विद्यालयों सार्वजनिक जगहो ,गांव टोला में बंद पड़े चापाकल को अविलंब दुरुस्त कर पेयजल व्यवस्था बहाल करें। जिससे किसी को भी पानी पीने का दिक्कत ना हो। सदर प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत ड्राई जोन कहे जाने वाले इलाके में अविलंब टैंकर के माध्यम से पानी पहुंचाने का काम संबंधित विभाग करें। बिजली विभाग की समीक्षा करते हुए उन्होंने निर्देश दिये कि आसपास के क्षेत्रों में बिजली के तार, जो आपस में झूल रहे हैं, उसे समय रहते दुरुस्त किया जाए एवं बिजली व्यवस्था को बेहतर किया जाए । शिक्षा विभाग की समीक्षा करते हुए उन्होंने कहा कि छोटे बच्चों पर विशेष ध्यान देते हुए सरकार द्वारा दिए गए गाइडलाइन के तहत शिक्षा के साथ-साथ पौष्टिक भोजन एवं पानी की व्यवस्था ठीक से बच्चों को मिले। साथ ही पिछली बैठक में जो भी समस्यायें निकल कर आयीं थीं। उस पर संबंधित विभाग के पदाधिकारीयों से जानकारी प्राप्त की एवं समस्या को जल्द से जल्द समाधान करने को कहा। श्री पाठक ने अंचल अधिकारी को जल्द से जल्द अंचल के सभी कर्मचारी एवं कर्मी के साथ बैठक करने का निर्देश दिया। जिस पर अंचल अधिकारी द्वारा 2 मई समय 11:00 बैठक की तिथि सुनिश्चित की गई। 20 सूत्री समिति के सदस्य श्री प्रेम प्रकाश ठाकुर द्वारा पिछली बैठक में चुकुरु जलापूर्ति योजना में अब तक क्या-क्या सुधार किया गया है उसकी जानकारी प्राप्त किए एवं एक तय समय निर्धारित कर जेई एवं संवेदक के साथ योजना का निरीक्षण करने के लिए समय तय किया गया। उन्होंने यह भी कहा की जलापूर्ति योजना तहत पाइप लाइन ले जाने में जो सड़क काटी जा रही है उसे अविलंब मरम्मत भी करते जाएं। विधायक प्रतिनिधि राजा गुप्ता के द्वारा रेडमा जलापूर्ति योजना के संबंध में जमुने तक पानी पहुंचाने की बात कही गई। बैठक में उपस्थित सदर प्रखंड विकास पदाधिकारी मेदिनीनगर सह सचिव 20सूत्री क्रियान्वयन समिति श्री अमिताभ भगत, 20 सूत्री समिति के सदस्य श्री प्रेम प्रकाश ठाकुर ,जतरू उरांव ,विधायक प्रतिनिधि राजा गुप्ता अंचल अधिकारी श्री जेके मिश्रा, प्रखंड प्रमुख बसंती देवी, प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी श्री रजनीकांत पांडे, प्रखंड पशुपालन पदाधिकारी डॉ अनूप विलियम, शिक्षा विभाग से सत्येंद्र पाठक, बीपीएम संजय कुमार, पीएचडी विभाग के जेई रणवीर सिंह, 15 वे वित्तीय के ब्लॉक कोऑर्डिनेटर खुशबू सिंह, रीना कुमारी ,मनरेगा बीपीओ आरजू तमन्ना जीपीएस फतेह अहमद एवं प्रखंड अंचल के सभी कर्मी उपस्थित थे।

# सड़क निर्माण में बाधा बन रहा वन विभाग

**नवीन मेल संवाददाता। डंडाई**

डंडई से पनघटवा डैम तक बनाए जा रहे कालीकरण सड़क में वन विभाग रोड़ा बन गया है। उसके अधिकारियों के कारण काम आगे नहीं बढ़ पा रहा है। मामले को लेकर लवाही गांव के ग्रामीणों में आक्रोश व्याप्त है। ग्रामीणों का कहना है कि ठेकेदार द्वारा सड़क का निर्माण कार्य बहुत ही तेज गति से किया जा रहा था लेकिन वन विभाग के अधिकारी उनके वाहन को बेवजह जब्त कर थाने में लगाने का काम कर रहे हैं। इससे ठेकेदार परेशान होकर अब उक्त निर्माण कार्य को छोड़कर भागने की धमकी देने लगा है। वन क्षेत्र से बाहर काम करने पर भी ठेकेदार के वाहन को वन विभाग जब्त कर रहा है।




पंचायत के मुखिया बच्चा लाल गुप्ता के साथ-साथ ग्रामीण उदय साहू, संजय चंद्रवंशी, एस कुमार, तिवारी भुइयां, विजय विश्वकर्मा इत्यादि लोगों ने बताया कि वन विभाग के पदाधिकारी द्वारा जिस जेसीबी को जब्त कर थाना में लगाया गया है वह लवाही गांव में काम कर रही थी। दोपहर भोजन करने के दौरान उक्त जेसीबी को गांव के एक आम के पेड़ के नीचे लगा दिया गया था। वहीं से वनविभाग ने जब्त कर लिया। वहीं, फॉरेस्ट गार्ड सचिन कुमार सिंह के बुलावे पर रमना वन कार्यालय गए सड़क निर्माण कार्य के मुंशी पिंटू सिंह के वाहन को भीजब्त कर लिया गया। ग्रामीणों ने कहा कि वन विभाग के अधिकारियों की कार्यप्रणाली इसी तरह रही तो प्रखंड क्षेत्र में एक भी सड़क का निर्माण कार्य नहीं हो पाएगा। उन्होंने कहा कि ठेकेदार द्वारा बनाई जा रही कालीकरण सड़क 50 वर्ष पुरानी है। इसी सड़क के माध्यम ग्रामीणों का रात दिन आना जाना होता है। मामले में थाना प्रभारी शाहबाज अंसारी ने बताया कि वन विभाग के अधिकारियोंद्वारा जब्त कर लाए गए जेसीबी को थाना में रखा गया है। वही रेंजर गोपाल चंद्रा ने बताया कि बिना एनओसी लिए ठेकेदार द्वारा वन क्षेत्र में सड़क का निर्माण कराया जा रहा था। उसी आरोप में कार्यस्थल से जब्त कर जेसीबी को थाने में लगाया गया है।

# डीसी ने किया आंगनबाड़ी केंद्र का औचक निरीक्षण, सहिया कार्यमुक्त

**नवीन मेल संवाददाता। हरिहरपुर**

जिला उपायुक्त शेखर जमुआर ने बुधवार को डुमरसोता पंचायत के श्रीनगर गांव स्थित मल्लाह टोला आंगनबाड़ी केंद्र का औचक निरीक्षण किया। ग्रामीणों की शिकायत पर डीसी ने ऑन स्पॉट करवाई करते हुए सहिया सुनैना देवी को कार्यमुक्त करने का निर्देश जिला कल्याण पदाधिकारी को दिया है। ग्रामीणों ने शिकायत की कि सेविका केंद्र से लगातार गायब रहती हैं। उसके अलावा बच्चों को गरम भोजन भी नहीं मिलता है।

एनपीएस श्रीनगर में बच्चों से पेयजल की वर्तमान स्थिति पूछने पर बच्चों ने विद्यालय का जलमीनार खराब होने से पानी को लेकर परेशानी होने की बात बताई। इस पर डीसी ने पंचायत के मुखिया राजेश शर्मा को अविलंब जलमीनार ठीक कराने का निर्देश दिया। उसके पूर्व डीसी ने सोन नदी पर श्रीनगर-पंडुका पुल के निर्माण कार्य का अवलोकन किया। मौके पर कांडी बीडीओ मनोज कुमार तिवारी, सीओ अजय कुमार दास सहित अन्य मौजूद थे।



## एक ही रात में चार भाइयों के घरों में चोरी

**मेराल।** थाना क्षेत्र के खोरीडीह गांव में 24 अप्रैल की रात्रि एक ही परिवार के चार भाइयों के घर चोरी की घटना घटी, जिसमें करीब डेढ़ लाख नकदी सहित आठ से दस लाख रुपये का सामान चोरी कर लिया गया। इसको लेकर पीड़ित सुरेंद्र राम ने मेराल थाने में लिखित शिकायत दी है। सुरेंद्र के अलावा उसके भाई श्यामलाल राम, अरविंद राम तथा मदन कुमार घर से बाहर रहते हैं तथा बीच-बीच में घर आना जाना होता है। 25 तारीख को सुरेंद्र का पुत्र सत्यम कुमार जब घर पहुंचा तो देखा कि घर का ताला टूटा हुआ है तथा सभी के घर का सामान इधर-उधर बिखरा है। सत्यम द्वारा घटना की जानकारी परिवार के लोगों को दी गई।

## NEWS इन ब्रीफ

### निर्धारित समय से पूर्व बंद कर दिए स्कूल

**भवनाथपुर।** प्रखंड के सरकारी विद्यालय विभागीय आदेश के बजाय शिक्षकों की मनमानी से संचालित किए जाते हैं। ताजा मामल में प्रखंड के मकरी के नव प्राथमिक विद्यालय बसेरियालेवा एवं नव प्राथमिक विद्यालय मोरबईया विद्यालय को साढ़े ग्यारह बजे बंद कर दिया गया। वहीं नव प्राथमिक विद्यालय ढ़ोड़खैरा में बच्चों को छुट्टी दे दी गई। इस दौरान एक शिक्षिका मौजूद थी। शिक्षा सचिव के एक बजे तक विद्यालय संचालन के आदेश के बावजूद विद्यालय के प्रधान शिक्षकों द्वारा मनमानी करते हुए विद्यालय को साढ़े ग्यारह बजे ही बंद कर दिया गया। इस संबंध में शिक्षा विभाग के प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी रविंद्र मेहता ने बताया कि अगर शिक्षकों द्वारा विद्यालय बंद किया गया है तो जांच के बाद करवाई की जाएगी।

### पुलिस ने ढोल बजा चिपकाया इश्तेहार

**धुरकी।** न्यायलय के निर्देश पर धुरकी थाना प्रभारी सदानंद कुमार अपने दल बल के साथ बुधवार को एक नामजद आरोपी के घर ढोल बाजे के साथ आत्मसमर्पण करने हेतु विधिवत रूप से इश्तेहार चिपकाया है। थाना प्रभारी सदानंद कुमार ने बताया कि धुरकी थाना क्षेत्र में चल रहे विकास कार्यों में लगे लोगों को जेजेएमपी संगठन के नाम से धमकी देने के प्राथमिक अभियुक्त छोटेलाल यादव पिता रामबृक्ष उर्फ रामगति यादव ग्राम डोल थाना चिनिया जिला गढ़वा के विरुद्ध धुरकी थाने मामला दर्ज है।

### विकास योजना का निरीक्षण किया

**भंडरिया (गढवा)।** झारखंड राज्य अनुसमर्थन दल के द्वारा बुधवार को भंडरिया प्रखंड के पंचायत भंडरिया में संचालित विकास योजना का निरीक्षण किया तथा संबंधित विभाग के अधिकारियों को कई तरह के दिशा निर्देश दिया। राज्य अनुसमर्थन दल के द्वारा प्रधानमंत्री आवास योजना, मनरेगा, पीभीटीजी क्षेत्र मे आजिविका मिशन के द्वारा संचालित स्थानीय दीपिका स्वयं सहायता समुह के महिलाओं के द्वारा पतल निर्माण कार्य व टर्की पालन का निरीक्षण किया।

## महोत्सव की तैयारी को लेकर एसडीओ की अध्यक्षता में हुई बैठक

# राजकीय श्री बंसीधर महोत्सव पर पूरा शहर होगा जगमग

**नवीन मेल संवाददाता। श्री बंशीधर नगर**

राजकीय श्री बंशीधर महोत्सव की तैयारी को लेकर बुधवार को अनुमंडल कार्यालय के सभागार में स्थानीय जनप्रतिनिधि व गणमान्य लोगों के साथ बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता एसडीओ आलोक कुमार ने की। बैठक में बंशीधर महोत्सव के दिन पूरे शहर को रौशन करने का निर्णय लिया गया। इस दौरान बैठक में उपस्थित जनप्रतिनिधियों व गणमान्य लोगों की राय ली गई। लोगों ने महोत्सव कार्यक्रम में बृजवासी ब्रदर्स, सुप्रसिद्ध कलाकार भरत शर्मा या गोपाल राय को बुलाने का अनुरोध किया। बैठक में एसडीओ आलोक कुमार ने बताया कि दो दिवसीय राजकीय श्री बंशीधर महोत्सव आगामी 3 एवं 4 मई को होने जा रहा है। महोत्सव को ऐतिहासिक बनाने के लिए प्रशासन पूरी तरह तैयार हैं। उन्होंने कहा कि महोत्सव के लिए चयनित इवेंट मैनेजमेंट टीम के साथ समन्वय बनाकर कार्य करना है। इसमें स्थानीय लोगों का सहयोग जरूरी है।



एसडीओ ने कहा कि महोत्सव को लेकर 28 अप्रैल को पूरे शहर में अतिक्रमण मुक्त अभियान चलाया जाएगा। इससे पूर्व सभी दुकानदार अपने अपने दुकान के बाहर समान नहीं रखेंगे। छोटे-बड़े वाहन और ठेला सड़क पर नहीं लगाएंगे। उन्होंने कहा कि पूरे शहर को साफ सफाई, पेयजल, लाइट की व्यवस्था एवं खराब लाइट को प्रशासन की ओर से दुरुस्त करवाया जाएगा। दीवारों का रंग रोगन भी कराया जाएगा। उन्होंने शहरवासियों से अपने-अपने घरों को दिवाली की तरह लाइट से जगमग करने की अपील किया। महोत्सव में शिरकत करने वाले आम जनों के लिए पास की आवश्यकता नहीं है। महिलाओं के लिए अलग से एंट्री, गैलरी की व्यवस्था जाएगी। महोत्सव में विधि व्यवस्था को बनाए रखने के लिए पुलिस बलों को तैनात किया जाएगा। कार्यक्रम स्थल पर मेडिकल की टीम तैनात रहेगी। एसडीओ ने लोगों से अपील करते हुए कहा कि महोत्सव को भव्य और दिव्य बनाने में कोई कसर नहीं छोड़े ताकि श्री बंशीधर नगर की पहचान राष्ट्रीय स्तर पर बन सके।

बैठक में एसडीपीओ प्रमोद कुमार केसरी, मजिस्ट्रेट अजय तिर्की, बीडीओ श्रवण राम, सीओ अरुण कुमार मुंडा, नगर पंचायत अध्यक्ष विजयालक्ष्मी देवी, उपाध्यक्ष लता देवी, प्रखंड बीस सूत्री अध्यक्ष शैलेश कुमार चौबे, बंसीधर सूर्य मंदिर के प्रधान ट्रस्टी राजेश प्रताप देव, मंत्री मिथलेश ठाकुर के प्रतिनिधि के रूप में ताहिर अंसारी, मुक्तेश्वर पांडेय, अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष बृजेश चौबे, पलामू चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज श्री बंशीधर नगर इकाई के अध्यक्ष शंभू नाथ सौदागर, सचिव गोपाल प्रसाद जायसवाल, हृदयानंद कमलापुरी, ओमप्रकाश चौबे, अनूप निराला, अनुमंडल कार्यालय के उपेंद्र कुमार सहित लोग मौजूद थे।

# चैता-दुगोला गीत पर रात भर खूब झूमे लोग

**नवीन मेल संवाददाता। हरिहरपुर**

ओपी क्षेत्र के दरीदह गांव स्थित बजरंगबली मंदिर के पास मंगलवार रात चैता दुगोला का महामुकाबला आयोजित किया गया। इसमें बिहार के सुप्रसिद्ध भोजपुरी गायक मगध सम्राट सुदर्शन यादव बनाम झारखंड की ओर से शिवशंकर यादव के बीच चैता-दुगोला गीत संगीत के समर में दोनों कलाकार बराबरी पर रहे। दोनों कलाकार की ओर से सुमिरन व मानस की पंक्तियों से निर्मित चैता पर लोग रात भर खूब झूमे। उसके पहले डुमरसोता पंचायत के मुखिया राजेश शर्मा, प्रखंड प्रमुख पिंकू पांडेय, बीससूत्री अध्यक्ष बिकास उपाध्याय, उप प्रमुख नारायण यादव, जिलापरिषद कांडी उत्तरी के प्रतिनिधि दिनेश राम ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित व फीता काटकर कार्यक्रम की शुरुआत की। सभा में पहुंचे कलाकारों को मुखिया ने अंगवस्त्र व उपहार दे कर सम्मानित किया। निर्णायक मंडली में शिव सिंह व रोहित शास्त्री शामिल रहे। मौके पर लालजी सिंह, पप्पू सिंह, निर्मल विश्वकर्मा, रामचंद्र चौधरी सहित काफी संख्या में दर्शक मौजूद थे।




## कार्यालय, उपायुक्त-सह-जिला दण्डाधिकारी, पलामू

दूरभाष (मो०) सं०- (जिला भू-अर्जन शाखा) Email {dlaopalamau@gmail.com}

**सूचना**

राष्ट्रीय उच्च पथ (NH-75) के भोगू से शंखा खण्ड के चौड़ीकरण कार्य हेतु भूमि अधिग्रहण का कार्य किया जा रहा है। उक्त कार्य के ससमय निष्पादन हेतु रैयतों के हित में कैम्प का अयोजन उक्त तिथि को 11:00 बजे पूर्वाह्न से 5:00 बजे अपराह्न तक किया जायेगा। पदाधिकारी / कर्मियों की प्रतिनियुक्ति निम्न प्रकार से की जाती है :–

| अंचल का नाम | तिथि | ग्राम | कैम्प स्थल | प्रतिनियुक्त दण्डाधिकारी / कर्मी का नाम | प्रतिनियुक्त अंचल / भू–अर्जन कर्मी का नाम |
|---|---|---|---|---|---|
| सदर मेदिनीनगर | 28.04.2023 | हिसरा उर्फ पोखराहा | पंचायत भवन, सरजा | श्री कपिलदेव ठाकुर, कार्यपालक दण्डाधिकारी, पलामू। | संबंधित राजस्व उप निरीक्षक / अंचल निरीक्षक / अंचल अधिकारी |
| | 29.04.2023 | सरजा | | | |
| | 30.04.2023 | सरजा | | | |
| | 02.05.2023 | पोलपोल कला, चकबरेवा | पंचायत भवन, पोलपोल कला | | |
| | 03.05.2023 | चियांकी | पंचायत भवन, चियांकी | | |
| | 04.05.2023 | बैरिया, नावाडीह | पंचायत भवन, पोलपोल कला | | |
| | 05.05.2023 | पोखराहा कला | उ0म0वि0, मटपुरही, पोखराहा कला | | |
| | 06.05.2023 | कशिया | पंचायत भवन, लहलहे | श्री रूपेश सिंह, नाजिर, अनुमण्डल कार्यालय, सदर मेदिनीनगर, पलामू। | श्री अमरनाथ राम, लिपिक, जिला भू–अर्जन कार्यालय, पलामू |
| | 07.05.2023 | भोगू | | | |
| | 08.05.2023 | लहलहे | | | |
| | 09.05.2023 | जोरकट | कैम्ब्रिज स्कूल, जोरकट | | |
| | 10.05.2023 | बढ़की नेभी | उ0म0वि0 बढ़की नेभी | | |
| विश्रामपुर | 28.04.2023 | झानी | पंचायत भवन, भण्डार | श्री विक्रम आनन्द, कार्यपालक दण्डाधिकारी, पलामू। | संबंधित राजस्व उप निरीक्षक / अंचल निरीक्षक / अंचल अधिकारी |
| | 29.04.2023 | भण्डार | | | |
| | 30.04.2023 | पीपरा | पंचायत भवन, गुरी | | |
| | 02.05.2023 | कधवन | स्वास्थ उपकेन्द्र, पूर्णाडीह | | |
| | 03.05.2023 | तेन्दुआ | पंचायत भवन, गुरी | | |
| | 04.05.2023 | बैरिया | पंचायत भवन, भण्डार | परवेज आलम, उर्दू अनुवादक, अनुमण्डल कार्यालय, सदर मेदिनीनगर, पलामू। | श्री दिनेश चन्द्र राम, लिपिक, जिला भू–अर्जन कार्यालय, पलामू। |
| | 06.05.2023 | गुरी | पंचायत भवन, गुरी | | |
| | 07.05.2023 | कुण्डी | स्वास्थ उपकेन्द्र, पूर्णाडीह | | |
| | 08.05.2023 | आरही | पंचायत भवन, गुरी | | |
| | 09.05.2023 | शंखा | स्वास्थ उपकेन्द्र, पूर्णाडीह | | |

उपरोक्त कैम्पों में रैयतों के भूमि स्वामित्व प्रमाण पत्र (L.P.C.) तथा बंध पत्र / शपथ पत्र बनाया जाएगा।
संबंधित मौजों के रैयतों से अनुरोध है कि ससमय कैम्प में सभी कागजातों के साथ उपस्थित होना सुनिश्चित करेंगे।

उपायुक्त
पलामू

PR 295950 Palamu (23-24)_D


# आंगनबाड़ी केंद्र सुचारु चले, इसमें सबका सहयोग आवश्यक : बीडीओ

**नवीन मेल संवाददाता। मेराल**

प्रखंड सभागार में बुधवार को प्रमुख दीपमाला कुमारी की अध्यक्षता में पंचायत समिति सदस्यों एवं सभी विभाग के कर्मचारी जनप्रतिनिधियों के साथ बैठक आयोजित की गई। इसमें प्रखंड में चल रही सभी विभागों की योजनाओं की समीक्षा की गई। बैठक में अनुपस्थित रहने वाले विभागों पर स्पष्टीकरण निकालने का आदेश भी पारित किया गया। बीडीओ प्रवेश कुमार साव ने आंगनबाड़ी से आई समस्याओं पर कहा कि मामले में सभी जनप्रतिनिधियों को सहयोग करने की आवश्यकता है ताकि सभी केंद्र सुचारू रूप से चले सके। पेयजल समस्या पर उन्होंने कहा कि यदि किसी पंचायत में चापा कल खराब है तो तत्काल प्रखंड कार्यालय आकर शिकायत पंजी में दर्ज कराएं।



बीडीओ ने बीपीओ पूनम श्री को शत प्रतिशत छात्रवृत्ति फार्म भरवाने का निर्देश दिया। उप प्रमुख निजाम खान ने ग्राम पंचायत की कार्यकारिणी की बैठक में मुखिया प्रतिनिधि को शामिल नहीं करने का प्रस्ताव लाया। मनरेगा योजना से संबंधित सभी तरह की योजनाओं पर चर्चा करते हुए 100 एकड़ भूमि में आम बागवानी लगाने के बारे में बीपीओ फिरोज अंसारी द्वारा जानकारी दी गई।

## एसडीओ से पेयजल के लिये पानी टंकी लगवाने की मांग

**श्री बंशीधर नगर।** नगर पंचायत क्षेत्र के वार्ड 12 की महिलाओं ने अनुमंडल पदाधिकारी को आवेदन देकर दुबाट टोला पर पेयजल के लिये पानी की टंकी लगवाने की मांग की है। एसडीओ को दिये गये आवेदन में कहा गया है कि दुबाट टोला पर पेयजल की समस्या होने से वार्डवासियों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। वार्डवासियों की समस्या को देखते हुए सिटी मैनेजर द्वारा यहां टंकी लगवाने का आश्वासन दिया दिया गया था, लेकिन अब कहा जा रहा है कि वहां विद्युम पोल होने के कारण वाटर टंकी नही बन सकता है। बिजली पोल हटाने के बाद ही टंकी बनाई जा सकती है। बिजली विभाग के एक मिस्त्री द्वारा पोल हटाने के लिये पैसे की मांग की जा रही है। आवेदन पर हस्ताक्षर करने वालों में पूर्व मुखिया संध्या देवी, श्री राम, आरती देवी, तमन्ना खातून, राधा देवी, सजंती देवी आदि शामिल रहे।


## वरीय पुलिस अधीक्षक का कार्यालय, राँची

**सर्वसाधारण के लिए सूचना।**

उपरोक्त सुखदेवनगर (पण्डरा ओ0पी0) थाना काण्ड सं0–337 / 17, दिनांक–14.07.2017 धारा–406 / 420 / 366, भा0द0वि0 के प्राथमिकी अभि0 1.जमीर उर्फ जीमरूदीन अंसारी, पिता–रहमान मियाँ तथा 2. छोटू उर्फ एकराम अंसारी, पे0–जमीर उर्फ जीमरूदीन अंसारी दोनों पता–नेउरा, थाना–चैनपुर, जिला–पलामू के विरूद्व माननीय न्यायालय श्री कुमार सौरभ त्रिपाठी, जे0एम0 III न्यायालय राँची के द्वारा इश्तेहार निर्गत किया गया है।

**Court of Sri kumar Saurabh Tripathi J.M-III, Ranchi**

Schedule XLIII-High court(M) 31C, [Old Criminal Process No. 4]

PROCLAMATION REQUIRIND THE APPEARANCE OF A PERSON ACCUSED s.Nagar (P)**-337/17 (S)**

[Form No. 4 Schedule II Act 2 1974]

(Section 82 of the Code of Criminal Procedure.)

1. नाम व शिल पता — चूंकि मेरे पास नालिश की गई है(1)

**JAMIR @JAMIRRUDDIN ANSARI, S/O RAHMAN MIYAN R/O-NEURA, PS-CHAINPUR, DIST-PLAMU JHARKHAND,**

शुवहा है। — जो व–मुजिब दफा मजमूअए तावीरात हिन्द के सजा के लायक है (2)

3. नाम — और व–तामील वारन्ट गिरफतारी जो बाद अर्जा जारी हुआ वा यह कैफियत दी गई है कि(3)

4. फरार हुआ है या रूपोश है ताके वारन्ट मजकुर उस पर जारी न हो सके। — पाये नहीं जाते है और चूंकि ब–तशप्फी हमारे साबित किया गया है कि (3) जब

4. मोकाम।

**U/S-406/420/366** IPC — मजकुर इसलिए बजरिये इस के इश्तिहार दिया जाता है कि मजकुर साकिन ब–मोकाम(5)

6. इस अदालतव रूबरू मेरे। — 26--05-2023 ब–तारीख अ–हजुर(6) माह

नालिश–मजकुर

करे जवाबदेही के लिए हाजिर हो
आज तारीख माह सन
27.03.2023

**s/d- Sri kumar Saurabh Tripathi**
**J.M-III, Ranchi**

अतः सभी जन संधारण से अनुरोध है कि उक्त काण्ड की 1.जमीर उर्फ जीमरूदीन अंसारी तथा 2. छोटू उर्फ एकराम अंसारी कहीं मिलते / दिखाई देते है तो इसके संबंध में वरीय पुलिस अधीक्षक / **Court of Sri kumar Saurabh Tripathi J.M-III, Ranchi** के न्यायालय में इसकी सूचना दें या निम्नांकित फोन नम्बर पर संपर्क कर इसकी जानकारी दें।

पुलिस उपाधीक्षक, कोतवाली राँची। – 9431770077
थाना प्रभारी, सुखदेवनगर (पण्डरा ओ0पी0) राँची। – 9431706178

वरीय पुलिस अधीक्षक,
राँची।

PR.NO.296011 Police(23-24):D


## विडंबना: शिलान्यास के 6 माह बाद भी नाली का कार्य प्रारंभ नहीं

# सड़क पर जल जमाव से बढ़ी परेशानी

**नवीन मेल संवाददाता। श्री बंशीधर नगर**

नगर पंचायत क्षेत्र के वार्ड 12 में आशीष चंद्रवंशी के घर से विजय जायसवाल के घर तक नाली निर्माण के लिये शिलान्यास होने के छह माह बाद भी नाली निर्माण का कार्य प्रारंभ नहीं हो सका है। इसके कारण वार्डवासियों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। विजय जायसवाल के घर के निकट नाली का पानी निकलकर सड़क पर जमा हो गया है, जिसके कारण लोगों को पैदल चलना भी मुश्किल हो गया है। जल जमाव के कारण लोग काफी परेशान हैं। पैदल चलने वाले लोगों को नाली के गंदे पानी मे होकर आना जाना पड़ता है। ज्ञात हो कि विगत वर्ष अक्टूबर माह में आशीष चंद्रवंशी के घर से विजय जायसवाल के घर तक लगभग 17 लाख रुपये की लागत से आरसीसी ड्रेन और ड्रेन स्लैब निर्माण के लिये नगर पंचायत अध्यक्ष विजयालक्ष्मी देवी द्वारा शिलान्यास भी किया गया है, लेकिन 6 माह बीत जाने के बाद भी संवेदक द्वारा नाली निर्माण का कार्य प्रारंभ नहीं किया गया है।



### क्या कहते हैं वार्डवासी

वार्डवासी सेवानिवृत्त नाजिर विजय जायसवाल ने कहा कि दो तीन महीने से लोगों के घर का गंदा पानी सड़क पर जम गया है। पानी निकासी का कोई रास्ता नहीं है। इसकी शिकायत भी की गई तो सिटी मैनेजर रवि कुमार देखने भी आये थे। उन्होंने कार्रवाई का आश्वासन भी दिया था, लेकिन अभी तक कुछ नहीं हुआ। वार्डवासी वृजमोहन प्रसाद ने कहा कि नाली निर्माण के लिये संवेदक द्वारा बालू भी गिराया गया है, लेकिन छह माह बीत गए अभी तक कार्य प्रारंभ नहीं हुआ है।

### क्या कहते हैं कार्यपालक पदाधिकारी

अनुमंडल पदाधिकारी सह कार्यपालक पदाधिकारी आलोक कुमार ने कहा कि ऐसी शिकायतें मिली है कि शिलान्यास के बाद अभी तक संवेदक द्वारा कार्य प्रारंभ नहीं किया गया है। वैसे जगहों को दो दिनों के अंदर चिन्हित कर नोटिस निर्गत कर रहे हैं। इसके एक सप्ताह के अंदर संवेदक द्वारा कार्य प्रारंभ नहीं हुआ तो उनका कंट्रेक्ट रद कर दिया जायेगा।

## फसल बीमा की क्षतिपूर्ति नहीं किए जाने पर किसानों में आक्रोश

**भवनाथपुर।** प्रधानमंत्री फसल बीमा की क्षतिपूर्ति नहीं किए जाने से भवनाथपुर प्रखंड के किसानों में आक्रोश व्याप्त है। किसानों ने जल्द फसल बीमा क्षतिपूर्ति का भगतान नहीं होने पर आंदोलन की चेतावनी दी है। किसानों ने 2018-19 एवं 2019-20 में किसानों ने भिन्न-भिन्न बीमा कंपनी द्वारा अपना अपना बीमा कराया था। अभी राज्य के कृषि मंत्री कहा था कि राज्य के किसानों को फसल बीमा का पैसा मिलेगा, परंतु प्रखंड के गिने चुने किसान के खाते में ही पैसा आर हा है, जोकि बहुत कम है। ज्ञात हो कि प्रखंड में प्रतिवर्ष हजारों किसान बीमा कराते हैं। 2018 में झारखंड सरकार ने पूरा प्रदेश सूखा क्षेत्र घोषित किया था। इसके बाद भी जिले के अन्य प्रखंड में 20 हजार प्रति एकड़ के हिसाब से क्षतिपूर्ति का भुगतान दिया जा रहा है लेकिन गढ़वा जिला के भवनाथपुर तथा अन्य प्रखंडों में कम राशि मिल रही है। वह भी गिने चुने किसानों को।

# पुलिस की मौजूदगी में जमीन कब्जा मुक्त

**नवीन मेल संवाददाता। मयूरहंड** मयूरहंड अंचल क्षेत्र के मंझगावा पंचायत के बाराडीह गांव निवासी रुक्मिणी देवी और गुड़िया देवी की जमीन पर अखिलेश दांगी और पिंटू दांगी पिता स्व. तापेश्वर दांगी द्वारा किए गए जबरन कब्जे को अनुमंडल दंडाधिकारी के आदेश से बुधवार को मुक्त कराया गया।



15 जुलाई 2022 को प्रभारी अंचलाधिकारी साकेत कुमार सिन्हा के नेतृत्व में इंस्पेक्टर शिवप्रकाश कुमार और एसआई अनिरुद्ध सिंह की उपस्थिति में जबरन कब्जा प्लॉट पर पहुंचकर अवैध रूप से निर्मित मुर्गी-फॉर्म को जेसीबी मशीन से जमींदोज कर कब्जा मुक्त करा लिया गया था। उक्त भूमि में रुक्मिणी देवी के 0.40, और गुड़िया देवी के 0.28 एकड़ भूमि पर गांव के ही अखिलेश दांगी और पिंटू दांगी पिता तापेश्वर दांगी द्वारा जबरन कब्जा कर घर, मुर्गी फार्म बना और शेष जमीन पर खेतीबारी किया जा रहा था, जिसे मुक्त कराने के लिए दोनों महिलाएं सात वर्षों से अंचल और जिला में विभागीय अधिकारियों के समक्ष न्याय की गुहार लगा रही थीं। दोनों महिलाएं अंचल कार्यालय मयूरहंड में 19 अगस्त और 7 सितंबर को आमरण-अनशन पर भी बैठी थी।

वहीं पूर्व में जमींदोज किए गए मुर्गी फॉर्म के मलबे को दबंग सहोदर भाइयों द्वारा हटाया नहीं जा रहा था, जबकि अंचलाधिकारी से दोनों ने स्वयं मलबा हटा लेने का आश्वासन दिया था। लेकिन 8 महीने बीत जाने के बाद भी जमीन खाली नहीं किया गया तो प्रभारी अंचलाधिकारी, अंचल निरीक्षक, हल्का कर्मचारी, अमीन व थाना प्रभारी अतिरिक्त पुलिस बल की उपस्थिति में जुलाई 2022 में जमींदोज किए गए मुर्गी-फॉर्म के मलवे को जेसीबी मशीन से हटाकर सात वर्षों से चले आ रहे भूमि-विवाद का पटाक्षेप किया गया।

## ग्रेड पे घटाए जाने के खिलाफ कलम बंद हड़ताल पर जनसेवक

**बरवाडीह।** सरकार द्वारा जन सेवकों के ग्रेड पर 2400 से घटाकर 2000 किए जाने के खिलाफ पूरे राज्य के जनसेवक गुरुवार से अनिश्चितकाल कलम बंद हड़ताल पर चले गए है। हड़ताल पर जाने के पूर्व बुधवार को बरवाडीह प्रखंड मुख्यालय में जन सेवक संघ के अध्यक्ष अरविंद कुमार रवि के नेतृत्व में कलम बंद हड़ताल पर जाने की जानकारी लिखित रूप से प्रखंड विकास पदाधिकारी राकेश सहाय को देने का काम किया गया। जनसेवक अरविंद कुमार रवि ने बताया कि सरकारी सेवा काल में या पहली बार ऐसा हो रहा है कि किसी भी कर्मियों के ग्रेड पे की वृद्धि होने के बजाय उसे घटाने का काम सरकार के द्वारा किया जा रहा है।

# मलेरिया की रोकथाम की ली शपथ

**नवीन मेल संवाददाता। महुआडांड** महुआडांड़ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के द्वारा विश्व मलेरिया दिवस मनाया गया। इसको लेकर जागरूकता रैली निकाली गई। यह रैली आवासीय विद्यालय से प्रारंभ होकर कर अनुसूचित जनजाति बालिका आवासीय विद्यालय पहुंची। रैली सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र थाना चौक, शास्त्री चौक, आंबेडकर चौक, आजाद मार्केट, मुख्य बाजार होते हुए फिर आवासीय विद्यालय परिसर पहुंची।




रैली के दौरान छात्र-छात्राओं व स्वास्थ्य विभाग के लोगों द्वारा हमने ठाना है, मलेरिया दूर भगाना है, जन जन का है यही प्रयास, मलेरिया मुक्त हो देश हमारा, दुर होगी मलेरिया की बीमारी, जब होगी हम सबकी भागीदारी आदि नारे लगाए जा रहे थे। साथ ही शपथकहा गया कि किसी भी व्यक्ति को बुखार होने पर नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र में सहिया, एमपीडब्ल्यू, एएनएम से संपर्क कर मलेरिया जांच कराने के लिए प्रेरित करुंगी/करूंगा तथा स्वयं भी बुखार पीड़ित होने पर अविलंब खुन जांच कराऊंगा कराऊंगी। मलेरिया की रोकथाम के लिए सभी उपाय जैसे मच्छड़दानी का प्रयोग डीडीटी का छिड़काव, जलजमाव को कम करने तथा अपने घर की साफ-सफाई रखूंगा/रखूंगी। मौके स्वास्थ्य विभाग से संजीव कुमार, यसवंत राम आदि मौजूद थे।

## NEWS इन ब्रीफ

### पुराने विवाद को लेकर दो गुटों में हुई जमकर मारपीट, एक गंभीर

**गिद्धौर (चतरा)।** गिद्धौर थाना क्षेत्र के दुआरी गांव स्थित रानी मैदान में पुराने विवाद को लेकर दो गुटों में जमकर मारपीट हो गई, जिसमें एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल व्यक्ति का प्राथमिक उपचार सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में करने के उपरांत रांची रेफर कर दिया गया। साथ ही दुआरी गांव के यूनुस अंसारी ने मारपीट को लेकर थाने में प्राथमिकी दर्ज कराई है। इसमें रियाज अंसारी, मुमताज अंसारी, मुकद्दर परवीन व रेहाना खातून को नामजद अभियुक्त बनाया है। पुलिस ने रियाज अंसारी को गिरफ्तार कर लिया है। थाना प्रभारी कन्हैया यादव ने अन्य आरोपियों की गिरफ्तारी को लेकर छापेमारी की जा रही है।

### फरार आरोपी को किया गिरफ्तार

**नेतरहाट।** थाना क्षेत्र के ग्राम बराही के रहने वाले राजमुकुट बेक पिता ज्ञान बेक उम्र 35 वर्ष को नेतरहाट थाना पुलिस के द्वारा गिरफ्तार कर लातेहार जेल भेज दिया गया है। इस संबंध में थाना प्रभारी बंधन भगत ने बताया कि 2010 में 376 का आरोपी फरार चल रहा था। वह बाहर रह रहा था। वह कुछ दिन पूर्व अपने गांव बराही आया हुआ था। छापामारी अभियान चलाया गया और उससे उसके घर से गिरफ्तार कर लातेहार जेल भेज दिया गया है। छापामारी अभियान में पुअनि जानू कुमार जिला पुलिस पर एवं शैट के जवान शामिल थे।

### बालिका आवासीय विद्यालय का निरीक्षण कर दिए दिशा निर्देश

**बारियातु।** शिक्षा विभाग के राज्य स्तरीय टीम ने बुधवार को प्रखंड मुख्यालय स्थित झारखंड बालिका आवासीय विद्यालय का निरीक्षण किया। इस दौरान राज्य से आए संजिव कुमार गुप्ता व गौरव कुमार ने बताया कि शैक्षणिक स्तर को बेहतर करने के लिए मोनीटरिंग टीम द्वारा समय समय पर निरिक्षण किया जाता है। इसमें झारखंड शिक्षा कार्यक्रम के तहत एसएमएस, पोषण, मध्याह्न भोजन सहित अन्य विद्यालय से संबंधित जानकारी लेकर राज्य में रिपोर्ट सौंपा जाता है। सभी विधालयों में नया मिन्यु लागू किया गया है।

## जिलाधिकारी ने पत्थलगड़ा प्रखंड समन्वय समिति की बैठक ली

# बायोमेट्रिक उपस्थिति में न बरती जाए कोई कोताही : उपायुक्त

**नवीन मेल संवाददाता। चतरा/पत्थलगड़ा।** उपायुक्त अबु इमरान ने बुधवार को पत्थलगड़ा प्रखंड सह अंचल कार्यालय अधिकारियों संग पहुंचकर प्रखंड समन्वय समिति की बैठक की। मुख्य रूप से प्रखंड क्षेत्र में चल रहे विकास कार्य, लाभुकों को मिलने वाले योजनाओं का लाभ, प्रखंड कार्यालय में कर्मियों की बायोमेट्रिक उपस्थिति, मनरेगा के तहत संचालित कार्य आदि योजनाओं की समीक्षा कर आवश्यक दिशा निर्देश दिया। अंत में उपायुक्त ने सभी पदाधिकारियों, कर्मियों को निर्देशित किया कि बायोमेट्रिक उपस्थिति बनाना अनिवार्य है। अतः इसमें कोई भी कोताही न बरती जाए। बैठक में उप विकास आयुक्त उत्कर्ष गुप्ता, अपर समाहर्ता पवन कुमार मंडल, आपूर्ति पदाधिकारी सलमान जफर खिजरी, बीपीओ, पंचायत सेवक, रोजगार सेवक समेत अन्य उपस्थित थे।



उपायुक्त ने सर्वप्रथम कार्यालय के सभी कर्मियों एवं पदाधिकारियों की जानकारी लेते हुए प्रखंड सह अंचल भवन की स्थिति की विस्तृत जानकारी, मनरेगा के तहत चल रहे कार्य व लंबित कार्यों की जानकारी समेत आवास की प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय किस्त की राशि की जानकारी लेते हुए वैसे आवास जो लंबित है और अभी तक पूर्ण नहीं हो पाये हैं उसे जल्द पूर्ण कराने और जिसपर जानबुझ कर लापरवाही बरती जा रही है वैसे मामलों पर संज्ञान लेते हुए नियमानुसार कार्रवाई की बात कही। वहीं जनता दरबार में पत्थलगडा क्षेत्र के लाभुकों से आवास हेतु प्राप्त आवेदन के विरूद्ध अभी तक निष्पादित आवेदनों के आलोक में बीडीओ मोनी कुमारी ने बताया कि प्राप्त आवेदन के आधार पर योग्य लाभुकों को चिन्हित कर लाभान्वित करने की दिशा में कार्य किया जा रहा है। आपदा में हुए छति के विरुद्ध दिए गए मुआवजे राशि से लाभान्वित लाभुकों की जानकारी लेते हुए उपायुक्त ने कहा कि सूची जिला भेजें। पीएचईडी को निर्देशित किया गया कि जिले भर में खराब पड़े चापानल को शीघ्र मरम्मत कराना सुनिश्चित करें। नरेगा जॉब कार्ड, आधार सत्यापन, मुर्गी सेड, बकरी सेड, कुप निर्माण, ट्रेंच कटींग, आम बागवानी, बागवानी, वीर शहीद पोटो हो खेल विकास योजना समेत वित्तिय वर्ष 2020-21, 2021-22, 2022-23 के कई लंबित व पूर्ण योजनाओं की समीक्षा कर दिशा निर्देश दिया। समाज कल्याण पदाधिकारी सूरजमनी कुमारी द्वारा जानकारी दी गई कि मुख्यमंत्री कन्यादान योजना अन्तर्गत पत्थलगडा प्रखंड से 61 आवेदन प्राप्त हुए थें जिसमें से 53 आवेदनों का निष्पादन कर दिया गया है। वहीं प्रधानमंत्री मातृत्व वंदना योजना अन्तर्गत लाभुकों को लाभान्वित करने का कार्य किया जा रहा है। अंचल की समीक्षा में बताया गया कि म्यूटेशन के 77 मामले लंबित हैं, जिनमें 10 म्यूटेशन 30 दिनों के अंदर प्राप्त हैं। इस संदर्भ में उपायुक्त ने निर्देशित किया कि किसी भी परिस्थिति में 90 दिनों से ज्यादा म्यूटेशन का कार्य लंबित न रहें। क्षेत्र में डीएमएफटी मद एवं 15वें वित्तिय अन्तर्गत क्रियान्वित योजनाओं की अद्यतन स्थिति की जानकारी लेते हुए आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया।

## पीटीआर क्षेत्र में बाघों की उपस्थिति की जांच कराई जाए : सोनी


**बरवाडीह।** प्रखंड के वन एवं पर्यावरण विभाग के सांसद प्रतिनिधि अजय सोनी ने चतरा सांसद सुनील सिंह को पत्र लिखकर पलामू टाइगर सुरक्षित वन क्षेत्र में बाघों की सही स्थिति की जांच करवाने की मांग की है।

इस संबंध में वन विभाग प्रतिनिधि अजय सोनी ने कहा कि पलामू टाइगर रिजर्व क्षेत्र में एक भी बाघ नहीं होने के बावजूद पीटीआर के अधिकारियों द्वारा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को गलत रिपोर्ट सौंपी गई हैं। पीटीआर अंतर्गत विभिन्न सुदूर ग्रामीण क्षेत्रों में सैकड़ों गांव हैं, जिनमें निवास करने वाली ग्रामीण जनता का कहना है कि हमलोग जंगलों में निवास करते हैं लेकिन हमको बाघ कभी दिखाई नहीं देता है। वहीं पीटीआर के अधिकारी साल में एक बार घूमने निकल जाते हैं तो उन्हें बाघ दिखाई दे जाता है। यही नहीं, बाघ अधिकारियों को फोटो और वीडियो बनाने के लिए पोज भी देता है। सांसद प्रतिनिधि ने कहा कि वन विभाग द्वारा बाघ की उपस्थिति दिखाकर केंद्र सरकार से करोड़ों रुपये इसके संरक्षण के नाम पर लिए जाते हैं, जिसका वन विभाग द्वारा बंदरबांट किया जाता है। उन्होंने कहा कि केंद्रीय टीम से पीटीआर क्षेत्र में बाघों की उपस्थिति के लिए गहनता से जांच कराई जाए ताकि वन विभाग के कारनामे जनता और सरकार के समक्ष उजागर हो सके।

# शराब की दुकान में नौकरी के नाम पर ठगी का खेल

### प्राइम वन कंपनी के पूर्व कोऑर्डिनेटर पर आरोप

**नवीन मेल संवाददाता। लातेहार** लातेहार जिले में शराब की दुकान में बहाली के नाम पर लगातार धांधली और पैसे की ठगी का मामला प्रकाश में आ रहा है। मेन पावर प्राइम वन कंपनी के पूर्व कोऑर्डिनेटर रंजीत प्रसाद पर पूर्व में भी 50,000 रुपये सिक्योरिटी मनी के नाम पर नाम पर ठगी किए जाने की बात सामने आई थी। साथ ही मानदेय दिलाने के नाम पर 2000 रुपये की उगाही का मामला प्रकाश में आया था।




राष्ट्रीय नवीन मेल के पास पूरे प्रमाण के साथ दस्तावेज उपलब्द हैं। शराब कर्मचारी ने नाम नहीं छापने की शर्त पर बताया कि प्राइम वन के कोऑर्डिनेटर रंजीत प्रसाद की ओर से कहा जा रहा है कि साइन कराने में सुपरीटेंडेंट, डायरेक्टर समेत अन्य लोगों को खर्च करना पड़ता है। लातेहार जिले की शराब की दुकान में कार्यरत कर्मचारी ने रंजीत पर 1000 और 2000 लेने का आरोप लगाया है।वहीं प्राइम वन कंपनी में कार्यरत रोहित ने रंजीत प्रसाद पर 50000 रुपये की अवैध वसूली का आरोप लगाया है। रोहित ने बताया कि रंजीत के कहने पर उसने 20000 रुपये प्राइम वन के फील्ड ऑफिसर रितेश प्रसाद के अकाउंट में डाले और 30,000 रुपये नकद भुगतान कोऑर्डिनेटर रंजीत प्रसाद सिक्योरिटी मनी के नाम पर कराया गया है। कहा कि जब आप काम छोड़ देंगे तो आपका पैसा रिटर्न हो जाएगा, लेकिन ना तो मानदेय मिला और न ही हमारा पैसा वापस किया गया। रंजीत अब कहता है कि पैसा मांगोगे तो उल्टा तुम्हीं को फंसा देंगे। रोहित ने बताया कि इस तरह का मामला पूरे जिले में है। शराब की दुकान में कार्य कर रहे एक कर्मचारी ने अपने अकाउंट की डिटेल्स भेजते हुए बताया कि 17 जून 2022 को रंजीत कुमार ने फोन पे के माध्यम से जबरन 60000 रुपये खाते में ट्रांसफर करवाया। अभी पैसा मांगे जाने पर बोलता है कि मैं जिससे लेता हूं उसे देता नहीं हूं। अगर आवाज उठाओगे तो दुकान से भी निकलवा दूंगा। इस संबंध में पूछे जाने पर एक्साइज सुपरिटेंडेंट प्रदीप कुमार सिन्हा ने कहा कि मुझे इस संदर्भ में कोई जानकारी नहीं है। लिखकर दी जाएगी तो कार्रवाई होगी।

# राजद नेता अंसारी ने दीपांकर से की मुलाकात

**नवीन मेल संवाददाता। बरवाडीह** वरीय राजद नेता सह झारखंड आंदोलनकारी केंद्रीय सचिव अलीहसन अंसारी ने माले के राष्ट्रीय महासचिव कॉमरेड दीपांकर भट्टाचार्य व बगोदर विधायक विनोद सिंह के बरवाडीह प्रवास के दौरान उनसे शिष्टाचार मुलाकात की। भाकपा माले के दो दिवसीय कन्वेंशन कार्यक्रम में शामिल होने के लिए भट्टाचार्य, विधायक विनोद सिंह समेत आए हुए थे। राजद नेता ने भट्टाचार्य से देश की वर्तमान परिस्थितियों को देखते हुए 2024 लोकसभा चुनाव में समान विचारधारा वाली पार्टियों को एकजुट होकर मोदी सरकार को



बेदखल करने पर जोर दिया। कहा कि हम सभी विपक्षी पार्टियां इस घड़ी में एकजुट होकर भाजपा को सत्ता में आने से रोकने के लिए निरंतर काम करते रहने की जरूरत है। मौके पर भाकपा माले के जिला सचिव बिरजू राम, प्रखंड सचिव कमलेश सिंह, श्री राम, नंदकिशोर राय समेत कई लोग उपस्थित थे।

## दो वाहनों की टक्कर में दो लोग हुए घायल

**मनिका।** प्रखंड मुख्यालय स्थित बंधुआ रोड पर बुधवार को हुई बाइक और सवारी गाड़ी में जोरदार टक्कर में बाइक सवार दो व्यक्ति घायल हो गए। घायलों में गहन लोहरा उम्र लगभग 40 वर्ष पिता तेतर लोहरा घर चीकू बंदुआ और रामप्यारी लोहरा उम्र लगभग 35 वर्ष पिता स्वर्गीय लहसन लोहरा घर दुंदु का रहने वाले हैं। बताते चलें कि यह दोनों लोग अपने भांजा के यहां जा रहे थे कि विपरीत दिशा से आ रही सवारी गाड़ी नंबर जे एच 19 सी 9958 ने टक्कर मार दी। इसमें दोनों युवक घायल हो गए जिसमें गहन लोहरा का दांया पैर टूट गया और रामप्यारी लोहरा को भी चोटें लगी हैं। इन्हें निजी क्लीनिक माधव ड्रग स्टोर में इलाज कराया गया दोनों घायलों का इलाज डॉक्टर सत्येंद्र कुमार ने किया।

# मेधावी विद्यार्थियों की पढ़ाई में पैसा नहीं बनता रुकावट : मनोज सिंह

**नवीन मेल संवाददाता। लातेहार** स्थानीय जिला मुख्यालय स्थित सरस्वती विद्या मंदिर, लातेहार के वंदना सभागार में प्रधानाचार्य अरुण कुमार चौधरी एवं भारतीय स्टेट बैंक के बैंक प्रबंधक मनोज कुमार सिंह ने विद्यालय के नवम एवं दशम कक्षा के भैया /बहनों को संबोधित करते हुए कहा कि छात्रों को आत्मविश्वासी होना चाहिए।



उन्होंने कहा कि विद्यार्थी जीवन के 5 साल (8 से 12 कक्षा तक) उनके भविष्य निर्माण में काफी महत्व रखता है। इसलिए पूरे मनोयोग से पढ़ाई करनी चाहिए। अभी भैया /बहनों की उड़ान के लिए पूरा आकाश खाली है, पंख आपका है, जितना उड़ना है उड़ान भर लें। बहुत सारे मेधावी निर्धन छात्र सोचते हैं कि दशम के बाद पैसे के अभाव में मेरी पढ़ाई नहीं हो पाएगी। ऐसी बात नहीं है। बैंक द्वारा ऐसे मेधावी निर्धन छात्रों को बिना रुकावट के शिक्षा लोन के रूप में 7 लाख 50 हजार तक की राशि दी जाती है और इसका ब्याज सरकार द्वारा वहन किया जाता है। प्रधानाचार्य अरुण कुमार चौधरी ने इस अवसर पर सभी भैया/ बहनों को बताया कि बैंक की जानकारी सभी को होनी चाहिए जो भविष्य में उपयोगी साबित होगी। इस कार्यक्रम में सभी आचार्य / दीदी उपस्थित थे।

## पुलिस ने चलाया वाहन चेकिंग अभियान

**बरवाडीह।** बरवाडीह थाना की पुलिस ने बुधवार को वाहन चेकिंग अभियान डीटीओ के आदेश पर चलाया गया। अभियान बरवाडीह थाना अतंर्गत बरवाडीह मेदिनीनगर मुख्य पथ स्थित केचकी नाका के पास चलाया गया। इस दौरान बाइक सवार के हेलमेट और चार पहिया वाहन के सीट बेल्ट की जांच की गयी। इसके अलावा कागजात और ड्राइविंग लाइसेंस सहित अन्य कागजातों की जांच की गई। इसमें चालकों द्वारा कागजात और हेलमेट सहित अन्य कागजात नहीं होने पर चालान काटा गया। चालकों को लगभग 42 से 45 हजार ऑनलाइन व 8 हजार रुपये का ऑफलाइन फाइन काटा गया। सहायक रजनीकांत ने कहा कि नियमों का उल्लंघन करने पर कार्रवाई की गई।

## शिकायत आयोग की प्रदेश अध्यक्ष पहुंचीं स्कूल, आंगनबाड़ी केंद्र

# बच्चे बोले, नहीं होती नियमित पढ़ाई

**नवीन मेल संवाददाता। बारियातु** प्रखंड क्षेत्र के राजकीय उत्क्रमित मध्य विद्यालय कमाही, जबरा, भाटचतरा, मकरा, बेसरा व शिबला तथा आंगनबाड़ी केंद्र जबरा कुसमाहा, मकरा व भाटचतरा का राष्ट्रीय मानवाधिकार के झारखंड प्रदेश अध्यक्ष प्रमिला कुमारी ने औचक निरीक्षण किया।



निरीक्षण के संबंध में उन्होंने बताया कि सर्व प्रथम राजकीय मध्य विद्यालय कमाही गए जहां शिक्षक मुक्तेश्वर कुमार पाण्डेय बरामदे के बाहर कुर्सी लगाकर सोए हुए थे। इसके पश्चात उत्क्रमित मध्य विद्यालय जबरा में पानी और शौचालय की सुविधा नहीं पाई गई। साथ ही छात्र-छात्राओं ने बताया कि पढाई भी नियमित रूप से नहीं हो रही है। वहीं विद्यालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष को भी हटाने की मांग की गई। इधर उत्क्रमित मध्य विद्यालय भाटचतरा में प्रधानाध्यापक उनुपस्थित मिले। विद्यालय में उपस्थित शिक्षकों ने उनके संबंध में भी एक्सीडेंट होने की बात कही। विद्यालय में पानी की समस्या के कारण पेयजल सहित शौचालय का उपयोग नहीं किया जाता है। उत्क्रमित मध्य विद्यालय मकरा में विद्यालय भवन जर्जर स्थिति में है। साथ ही रसोई घर में दरवाजा खिड़की भी नहीं है जिससे जानवर प्रवेश कर जाते हैं। शिक्षक संजय सिंह ने बताया कि विद्यालय फंड में 1 लाख 68 हजार रुपये पडड़े हुए हैं। अगर वरीय अधिकारी अनुमति देंगे तो इस राशि का उपयोग कर दरवाजा-खिड़की लगाए जा सकते हैं । उत्क्रमित मध्य विद्यालय बेसरा का भी निरीक्षण किया गया। राजकीय मध्य विद्यालय शिबला में 1 से 5 तक के विद्यार्थियों को एक साथ पढ़ाया जाता है जबकि शिक्षक की संख्या 9 है और विद्यार्थियों की संख्या कुल 186 है। इन विद्यालयों में ज्यादातर एक साथ ही कक्षा ली जा रही थी, जिस पर नाराजगी जताई गई। आंगनबाड़ी केंद्र जबरा का निरीक्षण किया गया जो बंद पाया गया। केंद्र भवन में सीमेंट, छड़ और अनाज रखे पाया गया। इस केंद्र में पूर्व सेविका एक कमरा में निवास करती है। इस संबंध में उन्होंने कहा कि बीडीओ ने उन्हें आंगनबाड़ी केंद्र भवन का कमरा दे दिया है। ठीक इसके पश्चात भाटचतरा आंगनबाड़ी केंद्र भी निरिक्षण किया जहाँ बच्चे उपस्थित नहीं थे वहीं केंद्र बन्द पाया गया साथ ही बताया की आंगनबाड़ी केंद्र में ताला लगा हुआ था। उक्त संबंध मे संबंधित विभाग के अधिकारीयों को लिखित सूचना देकर सुधार करवाने की बात कही।

## तेज आंधी व बारिश से विद्यालय का जल मीनार हुआ क्षतिग्रस्त

**बारियातु।** प्रखंड के डाढ़ा पंचायत अंतर्गत तेज आंधी तूफान व बारिश से उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय कटईटोला में विभाग द्वारा लगा हुआ जलमीनार क्षतिग्रस्त हो गया। इससे विद्यालय में पढ़ने वाले बच्चों को परेशानी हो रही है। साथ ही खाना बनाने में भी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। जल मीनार क्षतिग्रस्त होने के संबंध में जानकारी देते हुए प्रधानाध्यापक जितेंद्र उरांव ने बताया कि बीते दिन आए तेज आंधी तूफान के साथ हुई बारिश के कारण जल मीनार क्षतिग्रस्त हो गया। इसकी सूचना पंचायत समिति सदस्य जया देवी को दी गई है। सूचना पाने के पश्चात पंसस देवी स्कुल पहुचे और हुई क्षति का जायजा लिया। वहीं कहा कि विभाग से वार्ता कर जल्द ही जलमीनार दुरुस्त कराया जायगा। मौके पर शिक्षक कन्हाई शर्मा, रसोईया रूपो देवी, बांधो देवी सहित कई छात्र छात्राएं मौजूद थे।

# सोक पीट, वर्मी कंपोस्ट व नाली निर्माण में बरत रहे अनियमितता

**नवीन मेल संवाददाता। गिद्धौर(चतरा)** ग्रामीण स्वच्छ भारत अभियान फेस 2 के तहत पेयजल एवं स्वच्छता विभाग के द्वारा गिद्धौर प्रखंड के बारिसाखी पंचायत के विभिन्न गांव में नाडेप, सोक पीट, वर्मी कंपोस्ट व नाली निर्माण कराया जा रहा है। यह निर्माण ठोस एवं तरल अपशिष्ट प्रबंधन की संरचना को लेकर एक संस्था द्वारा कराया जा रहा है। परंतु संस्था द्वारा नाडेप, वर्मी कंपोस्ट, सोक पीट व नाली निर्माण में घोर अनियमितता बरती जा रही है। बताया जाता है कि प्राक्कलन के अनुसार निर्माण नहीं किया जा रहा है। निर्माण कार्य में जरूरत से कम सीमेंट का उपयोग किया जा रहा है। यहां तक कि घटिया सीमेंट व बालू भी उपयोग किया जा रहा है। जिसका विरोध ग्रामीणों ने किया है। बताया



जाता है कि बारिसाखी पंचायत के विभिन्न गांव में 207 सोक पीट, 54 नाडेप व 22 वर्मी कंपोस्ट का निर्माण किया जाना है। प्राक्कलन के अनुसार नाडेप का निर्माण 16000, वर्मी कंपोस्ट 11000, सोक पीट 4950 व 3000 रुपए की लागत से नाली का निर्माण किया जाना है। ग्रामीणों ने उपायुक्त से निर्माण कार्य की जांच कराते हुए दोषी पर कार्रवाई की मांग की है। इस बाबत विभाग के जिला समन्वयक राकेश रौशन का कहना है कि निर्माण कार्य में अनियमितता की शिकायत प्राप्त हुई है। बगैर जांच किए हुए संस्था को भुगतान नहीं किया जाएगा। निर्माण करा रहे संस्था को गुणवत्तापूर्ण निर्माण करने का आदेश दिया गया है। अनियमितता पाए जाने पर करवाई भी की जाएगी।

# असहाय वृद्ध के आंबेडकर आवास का खुद बीडीओ ने किया शिलान्यास

**नवीन मेल संवाददाता। चैनपुर**

प्रखंड के मालम पंचायत अंतर्गत तिलवारी गांव निवासी असहाय वृद्ध व्यक्ति मिल्यानुस टोप्पो को बीडीओ शिशिर सिंह के प्रयास से आंबेडकर आवास स्वीकृत किया गया। बीडीओ ने गांव में जाकर आवास का शिलान्यास किया।

मौके पर बीडीओ ने बताया कि मिल्यानुस टोप्पो की घर की स्थिति अच्छी नहीं है। वह अपने टूटे खपरैल मकान में रह रहा था जो कभी भी बड़ी दुर्घटना का कारण बन सकता था। वृद्ध व्यक्ति खुद से घर की मरम्मत भी नहीं करा सकता था। पंचायत निरीक्षण के दौरान जानकारी मिलने पर मैं स्वयं उसके घर जाकर इस बात की संज्ञान ली थी। उसे सरकारी योजना के लाभ देते हुए उसका आंबेडकर आवास स्वीकृत कराया गया है। प्रखंड प्रशासन गोद लेते हुए अपनी देखरेख में बहुत जल्द ही एक माडल आवास के रूप में निर्माण कर लाभुक को सौंप देगा। वहीं लाभुक मिलयानुस टोप्पो ने कहा कि मैं सपने में भी नहीं सोच सकता हूं कि आज चैनपुर बीडीओ मेरे स्वयं उपस्थित होकर कुदाल चलाकर मेरे घर बनने की प्रक्रिया को शुरू करेंगे। मैं प्रखंड प्रशासन को बहुत-बहुत धन्यवाद देता हूं। आवास कोआर्डिनेटर अमर कुमार को प्रखंड विकास पदाधिकारी ने इस आवास को 15 दिनों के अंदर पूर्ण कराने का निर्देश दिया। मौके पर प्रखंड कोऑर्डिनेटर अमर कुमार, मनोज साहु पंचायत के लाभुक सहित कई लोग मौजूद थे।



## विश्व हिंदू परिषद व बजरंग दल की बैठक

**लोहरदगा।** विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल की बैठक बड़कीचापि दुर्गा मंदिर परिसर में की गई। जिसकी अध्यक्षता विश्व हिंदू परिषद के प्रांत कार्यसमिति सदस्य अनिल कुमार गुप्ता ने की। जिसमें आगामी 21 मई से 31 मई तक चक्रधरपुर स्थित क्रानजो में विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल की वर्ग लगने वाली है। उस पर विचार विमर्श किया गया। दुर्गा वाहिनी मातृशक्ति का भी वर्ग 4 जून से 10 जून तक धुर्वा रांची में वर्ग रखी गई है। परिषद के प्रांत कार्यसमिति सदस्य अनिल कुमार गुप्ता, उपाध्यक्ष सतीश जसवाल, बजरंग दल संयोजक सचिन कुमार साहू, बजरंग दल कुडू प्रखंड संयोजक मिथिलेश प्रजापति, सहसंयोजक संजीत प्रजापति, धनंजय अग्रवाल आदि उपस्थित रहे।

## चैनपुर में भ्रष्टाचार चरम पर, कार्रवाई न होने से अफसर संदेह के घेरे में

# बिना काम किए ही निकाल ली गई राशि

**नवीन मेल संवाददाता। चैनपुर (गुमला)**

प्रखंड में विकास योजनाओं में भ्रष्टाचार लगातार जारी है। गांवों में लोगों को योजनाओं का लाभ नहीं मिल पा रहा है। चाहे मनरेगा हो या 15वें वित्त आयोग की योजना, सभी पर बिचौलिए हावी है। ताजा मामला रामपुर पंचायत अंतर्गत भठौली गांव का है, आरसीसी पुलिया का निर्माण होना था, परंतु इसके लिए जमीन पर एक कुदाल भी नहीं चला और पैसे की निकासी कर ली गयी। योजना पास हुए दो साल से अधिक का समय हो गया है, परंतु अभी तक न योजना की जांच की गई है ना ही कोई प्रसासनिक अधिकारी उसे देखने पहुचा है। ग्रामीणों से बात करने पर पता चला कि इस काम को लाभुक समिति को करना था जिसके बाद चैनपुर के कौशल केशरी ने इस काम को अपने हाथों में ले के इसे करने की जिम्मेवारी ली थी। लाभुक समिति के खाते में आये सारे पैसे ठग फुसला कर निकाल लिए गए तथा काम भी नहीं कराया। गांव में ऐसे बहुत से काम अधूरे पड़े हैं जिनकी राशि निकाल ली गयी है। बताते चलें कि भठौली में संचालित राजकीय उत्क्रमित उच्च विद्यालय में एक पीसीसी रोड बनना था, जिसमें सिर्फ पत्थर बिछा कर छोड़ दिया गया और पूरे पैसे की निकासी कर ली गई। ग्रामीण बताते हैं कि ये सब पदाधिकारियों की मिलीभगत से ही हो रहा है। इस तरह का अधूरा काम पदाधिकारियों को भी शक के घेरे में खड़ा करता है।



## NEWS इन ब्रीफ

### लोहरदगा में कोरोना के 3 नए संक्रमित

**लोहरदगा।** सदर अस्पताल समेत विभिन्न प्रखंडों में बुधवार को 03 नए कोरोना संक्रमित मरीजों की पहचान की गई है। इससे जिले में कुल कोरोना पॉजिटिव मामले बढ़कर 31 हो गए हैं। उपरोक्त की पुष्टि करते हुए सिविल सर्जन डॉ संजय कुमार सुबोध ने बताया कि, जिले में कोरोना पॉजिटिव मामले बढ़ रहे हैं। लोगों को जागरूक होकर कोरोना गाइडलाइन का अनुपालन करने की जरूरत है।

### वाहन जांच अभियान चलाया गया

**सेन्हा।** सेन्हा थाना के समीप बुधवार को परिवहन विभाग के निर्देश पर कार्यरत कर्मियों एवं पुलिस बल के सहयोग से दो पहिया वाहन जांच अभियान सेन्हा थाना के समीप लोहरदगा गुमला नेशनल मुख्य पथ पर चलाया गया। वाहन जांच के दौरान बाइक चालक का हेलमेट लाइसेंस सहित वाहन संबंधित कागजात की जांच की गई। जांच के क्रम बाइक चालक को बिना हेलमेट या लाइसेंस के पकड़े जाने पर 12 बाइक चालक से 35 हजार जुमार्ना राशि वसूली की गई।

### बाइक व कार की टक्कर में चार घायल

बानो। प्रखंड के हाटिंग होडे में बाइक व कार की टक्कर में चार लोग घायल हो गए। मोटरसाइकिल पर तीन व्यक्ति सवार होकर मनोहर पुर जा रहे थे। तभी बस स्टैंड हाटिंगहोडे केकुछ दूरी पर सामने से आ रहे कार से टक्कर हो गई। घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बानो इलाज के लिये लाया गया।

### ट्रेलर दुर्घटनाग्रस्त चालक को गंभीर चोट

**ठेठईटांगर।** थाना क्षेत्र के अर्जुनढोंढा के पास बुधवार की सुबह अनियंत्रित होकर माल लदा हुआ ट्रेलर सड़क पर दुर्घटनाग्रस्त हो गई। इसमें चालक को गहरी चोट लगी। स्थानीय लोगों की मदद से उसे सदर अस्पताल सिमडेग भेजा गया जहां पर उसकी नाजुक स्थिति को देखते हुए रिम्स रेफर कर दिया गया। गुमला की ओर से सामान लेकर उड़ीसा की ओर जा रही ट्रेलर अचानक अर्जुनढोंढा मोड में नियंत्रण खोकर पलट गया।

## बानो क्षेत्र में रात होते ही शुरू हो जाती है तस्करी

# नहीं रुक रहा बालू का अवैध कारोबार

**नवीन मेल संवाददाता। बानो**

खनन को लेकर पूरे राज्य में सभी तरफ मामला सुर्खियों में रहता है तो वहीं दूसरी ओर सिमडेगा जिला की बात ही निराली है जहां पर शाम होने के साथ ही बालू तस्कर सक्रिय हो जाते हैं और धड़ल्ले से नदियों का दोहन करने लगते हैं लेकिन इस मामले में किसी प्रकार की कोई भी ठोस कार्रवाई नहीं दिखाई देती है।

इसके कारण खनन माफियाओं का हौसला बुलंद है। बताया गया बानो प्रखंड में बालू का उठाव जोरों पर है। शाम होते ही बालू तस्कर सजग हो जाते है। अवैध रूप से बालू का उठाव प्रखंड हुरपी, हाटिंग होडे, पाड़ो, बेरनीबेडा में कोयल नदी से उठाव किया जा रहा है। इधर देवनदी से केतुङ्गा, सोय, सिमडेगा, बरबेडा आदि जगहों से बालू का उठाव किया जा रहा है। बालू का उठाव कर जगह जगह गिरा दिया जाता है। प्रखंड मुख्यालय में कई जगहों पर बालू का ढेर गिरा देखा जा सकता है। बालू उठाव पर प्रतिबंध होने के बावजूद बेखौफ बालू तस्कर अवैध कारोबार में लगे हुए हैं। प्रखंड में बालू तस्करों की धर पकड़ नहीं होने के कारण लोग बेखौफ बालू का उठाव कर रहे हैं। कनारोवा के एक व्यक्ति ने बताया कि डरने की बात नहीं है सब सेटल है। इधर पाड़ो, गोर्रा आदि जगहों पर नदी के उस पार खूंटी जिला होने के कारण बालू का उठाव किया जा रहा है। इसी तरह सिंहभूम की ओर के बालू तस्कर भी बेखौफ बालू का उठाव कर रहे हैं। एक राज्य में अलग-अलग जिलों में अलग-अलग कानून से ग्रामीण भी परेशान हैं। नदी के इस पार बालू उठाव पर प्रतिबंध है। इसी तरह ईंट भट्ठे भी अवैध रूप से कई जगह लगाये गए हैं। प्रशासन गिने-चुने छोटे वाहनों को पकड़कर कार्रवाई के नाम पर खानापूर्ति कर देता है। लेकिन धड़ल्ले से जो बालू का अवैध कारोबार फल-फूल रहा है उसे देखने वाला कोई नहीं है। वहीं दूसरी और ठेठईटगर सीओ ने छिंदा नदी से अवैध बालू का उठाव करते हुए ट्रैक्टर को जप्त कर थाने को सौंप दिया और कहा कि इस मामले में ट्रैक्टर मालिक के विरुद्ध अवैध खनन का मामला दर्ज किया जाएगा।



## थांग-टा मार्शल आर्ट चैंपियनशिप में भाग लेंगे लोहरदगा के 20 बच्चे

**लोहरदगा।** धनबाद में झारखंड थांग-टा एसोसिएशन के तत्वाधान में 29 से 30 अप्रैल तक राज्य स्तरीय थांग-टा मार्शल आर्ट चैंपियनशिप का आयोजन धनबाद के हीरापुर अग्रसेन भवन मे किया गया है। जिसमें लोहरदगा जिला थांग- टा संघ के 20 बच्चों का चयन किया गया है। इनमें स्काई अप पब्लिक स्कूल कुम्हरिया के 8 मार्शल आर्ट खिलाड़ी भी शामिल हैं। इसमें साक्षी उरांव, नैना कुमारी, किरण उरांव, अनुज कुमार साहू, अंजली कुमारी, लक्ष्य कुमार मोदी, आनन्द उरांव, संजित उरांव, लोहरदगा थांग-टा कल्ब से आदर्श उरांव, प्रियांशु सिंह, संतुष्टि महली, मृगांक वैभव,यश उरांव,सुनैना कुमारी, खुशबू कुमारी, एलिसाबेक केरकेट्टा, अनीशा नाग, संध्या कुमारी, संजीत उरांव, आनंद उरांव सानिया परवीन, उमर अंसारी, का चयन किया गया है जो 28 अप्रैल को अपने मास्टर श्रवण साहू एवं सूर्यवती देवी के साथ राज्य स्तरीय थांग-टा चैंपियनशिप के लिए धनबाद रवाना होंगे। यह खेल भारतीय पारंपरिक खेल है जो मणिपुर से शुरू होकर देश के कोने-कोने तक पहुँच रहा है तथा झारखंड ओलंपिक संघ से मान्यता प्राप्त है और खेलो इंडिया में भी है। इस चैंपियनशिप में जो प्रथम स्थान प्राप्त करेंगे। उन्हें नेशनल चैंपियनशिप खेलने का अवसर मिलेगा। यह जानकारी लोहरदगा जिला थाग-टा एसोसिएशन के सचिव सुर्यावती देवी ने दी।

# संयुक्त सचिव ने किया योजनाओं का निरीक्षण



**नवीन मेल संवाददाता। भंडरा / लोहरदगा**

जितेंद्र कुमार देव संयुक्त सचिव ग्रामीण विकास विभाग झारखंड सरकार, मुकेश कुमार प्रशाखा पदाधिकारी ग्रामीण विकास विभाग, कुमार सौरभ मीडिया सह प्रशिक्षण पदाधिकारी मनरेगा ग्रामीण विकास विभाग के संयुक्त टीम के द्वारा भंडरा प्रखंड में संचालित विभिन्न योजनाओं का निरीक्षण किया गया।

इस क्रम में गडरपो पंचायत में धनामुंजी गांव में जेएसएलपीएस द्वारा टपक सिंचाई योजना का निरीक्षण संयुक्त टीम के द्वारा किया गया। तिलसिरी गांव में प्रधान मींज का सिंचाई कूप का निरीक्षण किया गया। लीलावती देवी सहित अन्य आवास योजना के लाभुकों का आवास निर्माण का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के क्रम में आवास निर्माण का काम नहीं कर रहे लाभुकों को तुरंत नोटिस जारी करने का आदेश संयुक्त सचिव द्वारा दिया गया। 15 दिनों के अंदर काम नहीं करने पर राशि की रिकवरी का आदेश जारी किया गया। सेमरा में जलछाजन से 14 लाख 78 हजार की लागत से बनाया जा रहा अमृत सरोवर के तहत तालाब निर्माण का निरीक्षण संयुक्त टीम द्वारा किया गया। टीम के द्वारा योजना के निर्माण में कई कमी दिखाई गई। तलाब में इनलेट नहीं बनाए जाने पर आक्रोश जाहिर किया गया। मसमानों पंचायत में मनरेगा के तहत बेदाल एवं मसमानों में अमृत सरोवर के तहत तालाब निर्माण का भी निरीक्षण किया गया।दोनों तालाब निर्माण कार्य को देखते हुए संयुक्त टीम योजना को युपयोगी बताते हुए निर्माण में तेजी लाने का निर्देश दिए। इस क्रम में टीम के साथ अंचल पदाधिकारी दिनेश प्रसाद गुप्ता, सुधीर मुर्मू, पंचायत सचिव रऊफ अंसारी, राधेश्याम यादव, बीपीओ सुदर्शन लकडा, हेमंत साहू सहित अन्य लोग भी थे।

## सरकार मीडियाकर्मियों के अच्छे स्वास्थ्य के प्रति है कृतसंकल्प

**लोहरदगा।** सूचना एवं जनसम्पर्क कार्यालय, लोहरदगा (सूचना भवन) में झारखण्ड राज्य पत्रकार स्वास्थ्य बीमा योजना, 2021 की जानकारी हेतु बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में जिला जनसम्पर्क पदाधिकारी पलटू महतो द्वारा योजना का लाभ लेने हेतु मीडियाकर्मियों को आवश्यक जानकारी दी गई। पदाधिकारी ने कहा कि लोकतंत्र के चौथे स्तंभ प्रेस/मीडिया को सुदृढ़ करने के लिए राज्य सरकार कृतसंकल्प है। मीडियाकर्मियों के स्वास्थ्य के प्रति सरकार की गहरी संवेदना है। सरकार इस प्रतिबद्धता के तहत झारखण्ड राज्य में अपनी सेवा देने वाले पत्रकारों के लिए झारखण्ड राज्य राज्य पत्रकार स्वास्थ्य बीमा योजना लागू किया गया है। वर्तमान में योजना का लाभ प्रिंट व इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के पत्रकारों को दिया जा रहा है। इसके लिए मीडियाकर्मी के पास न्यूनतम पांच वर्षों का अनुभव होना आवश्यक है। साथ ही, शैक्षणिक योग्यता न्यूनतम स्नातक होना आवश्यक है जिनकी उम्र 21-60 वर्ष तक होनी चाहिए। योजना में पांच लाख रुपए तक का स्वास्थ्य बीमा/दुर्घटना बीमा का कवर दिया जा रहा है जिसकी प्रीमियम राशि का 80 प्रतिशत अंशदान राज्य सरकार और 20 प्रतिशत अंशदान मीडियाकर्मी का है। यह स्वास्थ्य बीमा एक वर्ष के लिए होगा, प्रत्येक वर्ष इसका रिन्युअल कराना होगा।

# सांसद के प्रयास से सीसीबी की सुविधा बहाल होगी

**नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा**

लोकसभा में लगातार क्षेत्रीय सांसद सुदर्शन भगत के द्वारा स्वास्थ्य के क्षेत्र में बेहतर स्वास्थ्य सुविधाओं को लेकर केंद्र सरकार से कार्य कराया जा रहा है। अभी कुछ दिनों पहले ही भारत सरकार के द्वारा ही आयुष्मान भारत स्वास्थ्य जांच उपकेंद्र भवन जो पंचायतों में हैं उसे मरम्मत एवं अपग्रेडिंग का कार्य किया गया। अब सांसद के प्रयास से क्रिटिकल केयर हॉस्पिटल ब्लॉक (सी सी बी) की सुविधा बहाल होगी। लोहरदगा लोकसभा क्षेत्र अंतर्गत गुमला और लोहरदगा जिले में लंबे समय से सदर अस्पताल में क्रिटिकल मरीज बड़ी दुर्घटना के शिकार हुए लोगों का बेहतर इलाज जिले के अस्पताल में नहीं हो पा रहा था। लगभग मरीजों को राजधानी के अस्पतालों भेज दिया जाता था। कई तो दूरी तय करने के दौरान अपनों को गंवा बैठे हैं। आज की सबसे बड़ी समस्या को खत्म करने का प्रयास किया गया है। केंद्र सरकार ने लोहरदगा संसदीय क्षेत्र में स्वास्थ्य सेवाओं की बेहतरी के लिए रांची जिले में 25809.69 लाख, गुमला में 14571.79 लाख, लोहरदगा में 8158.73 लाख समेत लोहरदगा संसदीय क्षेत्र में कुल 48540.22 लाख रुपये भारत सरकार द्वारा भेजे गए हैं।



## शिक्षा परियोजना के पदाधिकारी ने लिया रिसोर्स केंद्र का जायजा

**सेन्हा।** झारखंड शिक्षा परियोजना के राज्य स्तरीय पदाधिकारी ने सेन्हा प्रखंड मुख्यालय में संचालित बीआरसी मॉडल रिसोर्स केंद्र का निरीक्षण कर शिक्षा संबंधित जायजा लिया। सेन्हा प्रखंड मुख्यालय परिसर में संचालित बीआरसी मॉडल केंद्र का निरीक्षण झारखंड शिक्षा परियोजना के स्टेट प्रोग्राम पदाधिकारी अनुपा तिर्की एवं यूनिसेफ सहकर्मी सुप्रिया बनर्जी द्वारा करते हुए शिक्षा को बढ़ावा एवं सरकारी सुविधा बच्चों की बीच मुहैया का जायजा लिया। बुधवार को राजकीय उत्क्रमित बुनियादी विद्यालय, कन्या मध्य विद्यालय सेन्हा सहित विभिन्न विद्यालय का निरीक्षण कर बच्चों को मिलने वली मूलभूत सुविधा की जानकारी ली।

# कुजाम माइंस में परिचालन हुआ शुरू चिरोडीह फिलहाल रहेगा बंद

**नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा**

लोहरदगा गुमला ट्रक ऑनर एसोसिएशन की बैठक राज्यसभा सांसद सह एसोसिएशन के संरक्षक धीरज प्रसाद साहू की अगुवाई में उनके आवास में हुई।

बैठक में निर्णय लिया गया की कुजाम बॉक्साइट माइन्स में पिछले 22 तारीख से जो अनिश्चितकालीन बंदी की गई थी, कंपनी से वार्ता के बाद इसको वापस लिया जाय और इसके साथ ही कुजाम माइंस में गाड़ियों का परिचालन शुरू कर दिया गया, जबकि चिरोडीह माइंस के संबंध में निर्णय नहीं होने के कारण चिरोड़ीह माइंस फिलहाल बंद रहेगी। बैठक में मुख्य रूप से सांसद प्रतिनिधि अशोक यादव एवं लोहरदगा गुमला ट्रक ऑनर एसोसिएशन के अध्यक्ष कवलजीत सिंह, उपाध्यक्ष विनोद सिंह, अभय सिंह, रहमत अंसारी, मोहम्मद गुड्डू, बरज सिंह, राजेश शर्मा, जत्रु मुंडा, एन कुजूर, रामशीष साहनी, संजीव शर्मा, खुर्शीद अंसारी, शकील अंसारी, जगदेव उरांव, इनामुल अंसारी, तारकेश्वर महतो, शंकर महतो सहित अन्य पदाधिकारी मौजूद थे। इसके अलावा जिला परिषद सदस्य संदीप गुप्ता एवं कुजाम एवं चिरोडीह माइंस के ग्रामीण महिला एवं पुरुष एवं हिंडाल्को कंपनी के पदाधिकारी गण भी शामिल थे।



## लोहरदगा में 28 को लगेगा भर्ती कैंप

**लोहरदगा।** 28 अप्रैल को कार्यालय जिला नियोजनालय, लोहरदगा परिसर में भर्ती कैंप का आयोजन किया जा रहा है। इसमें नियोजक कंपनी भाग लेगी। इसमें इंश्योरेंस एडवाइजर के 100 पदों पर भर्ती के लिए यह कैम्प लगाया जा रहा है। अभ्यर्थियों के लिए न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता 10 वीं पास रखी गयी है। अभ्यर्थियों की उम्र 25-50 वर्ष से होनी चाहिए। उम्मीदवारअपने निकटतम नियोजनालय में अपना निबंधन कराते हुए उपरोक्त भर्ती कैम्प में नियोजक/नियोजक के प्रतिनिधि के समक्ष अपने सभी शैक्षणिक मूल प्रमाण पत्रों एवं उसकी एक छाया प्रति, आधार कार्ड, जाति प्रमाण-पत्र तथा अपना बायोडाटा 02 (दो) कॉपी, 04 फोटो के साथ साक्षात्कार हेतु उपस्थित हों।

## कवायद 275 छात्राओं को राहत दिलाने का प्रयास शुरू

# वैकल्पिक व्यवस्था स्थल का जायजा

**नवीन मेल संवाददाता। कैरो**

कैरो बिराजपुर नंदनी नंदी के पार पश्चिम दिशा पर कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय जिसका भवन निर्माण कार्य विते वर्ष पूर्ण हो चुका है, परंतु आज भी कैरो प्रखंड के 275 छात्राएं कुडू प्रखंड मुख्यालय स्थित विद्यालय भवन में पढ़ने को मजबूर हैं। इसका मुख्य कारण नंदनी नदी में विद्यालय जाने वाले रास्ते पर पुल का नहीं होना है। उक्त भवन में जल्द से जल्द विद्यालय संचालित हो इसको लेकर बुधवार को प्रखंड प्रमुख श्रीराम उरांव, अंचल पदाधिकारी कमलेश उरांव, प्रखंड विकास पदाधिकरी पवन कुमार महतो, जिला परिषद सदस्य सुखदेव उरांव, मुखिया बीरेंद्र महली, हल्का कर्मचारी एवं सभी 275 छात्राओं के अभिभावक सहित शिक्षिका आदि विद्यालय तक आने -जाने के लिए विद्यालय के पश्चिम दिशा नहर होते बिराजपुर मुख्य पथ तक वैकल्पिक व्यवस्था करने के लिए स्थल निरीक्षण किया। सभी उपस्थित अभिभावकों ने स्वंय के खर्च से रास्ता का नक्सा व मोर्मिकरण कराने का बात करते हुए अधिकारियों से भी इस दिशा में सकारात्मक पहल करने की गुहार लगाई। ताकि क्षेत्र की बच्चियां नवनिर्मित विद्यालय भवन में रह कर पढाई लिखाए कर सके। मौके पर प्रवीण साहू,संजीव शुक्ला, तिला उरांव, संदीप रविदास, अकलू साहू,जितबहान महतो, चन्द्रदेव उरांव आदि काफी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।



## झारखंड फोटोग्राफी एसो. के अध्यक्ष बने रवि खत्री, सचिव पवन

**लोहरदगा।** झारखंड फोटोग्राफी एसोसिएशन लोहरदगा इकाई का एक दिवसीय अधिवेशन का आयोजन स्थानीय रंगोली स्टूडियो में आयोजित किया गया। अधिवेशन में जिले के सभी वीडियोग्राफर एवं फोटोग्राफरों ने भाग लिया। एसोसिएशन के नई कमेटी में अध्यक्ष रवि खत्री, उपाध्यक्ष सरोज कुमार, सचिव पवन कुमार, सह सचिव अजीत महतो, कोषाध्यक्ष प्रवीण कुमार सह कोषाध्यक्ष राकेश कुमार एवं कार्यकारिणी के लिए जीवन महतो, कुलदीप यादव, विजय कुमार, रामकुमार प्रसाद, नागेंद्र प्रजापति और दीपक गुप्ता को चुना गया। चुनाव प्रक्रिया के लिए 3 सदस्यीय टीम प्रवीण कुमार राकेश कुमार जीवन मेहता को चुनाव पर्यवेक्षक बनाया गया था। पूर्व अध्यक्ष प्रीतम कुमार ने कमेटी के नए पदाधिकारियों को बधाई देते हुए कहा कि एक बेहतर संस्था बनाने के लिए सदस्यों की भागीदारी आवश्यक है।

# प्रखंड प्रमुख की मेहनत लाई रंग, ध्वस्त बुलिया की श्रमदान से की गई मरम्मत

**नवीन मेल संवाददाता। ठेठईटांगर**

प्रखंड प्रमुख विपिन पंकज मिंज एवं फूलचंद मिंज( मुखिया पति) द्वारा बांसपाहार जाने वाले मार्ग पर जो पुल क्षतिग्रस्त हो चुका था उसकी ग्रामीणों एवं जनप्रतिनिधियों ने श्रमदान कर मरम्मत की। पिछली बैठक में ग्रामीणों ने इस बात को रखा था और प्रखंड प्रमुख ने आश्वासन दिया था कि श्रमदान एवं जो भी मैटेरियल लगेगा उसे वह मुहैया कराएंगे। उसी वादे के मुताबिक काम शुरू हो चुका है और बहुत जल्द पुलिया दुरुस्त हो जाएगी एवं आवाजाही में किसी को किसी प्रकार की परेशानी नहीं होगी।

ग्रामीणों ने इसके लिए प्रखंड प्रमुख बिपिन पंकज मिंज एवं फूलचंद मिंज को बहुत-बहुत धन्यवाद दिया और कहा आप लोगों के सहयोग से यह काम किया गया। मौके पर प्रखंड प्रमुख विपिन पंकज मिंज ने लोगों से कहा कि हर काम के लिए प्रशासन पर निर्भर नहीं रह सकते हैं, इसलिए हमें भी कुछ कामों को अपने स्तर से करने की आवश्यकता है। तब जाकर हमारा समाज हमारा गांव हमारा प्रखंड विकास की गति प्राप्त करेगा, क्योंकि हमें सोच बदलना है हम समाज के लिए सोचेंगे कल के दिन समाज हमें ही वापस देगा। इसलिए हमें सोच को बदलना है और इसी तरह से मिलकर हमें हर काम को करना है ताकि छोटी-छोटी समस्या के लिए बहुत दिन तक इंतजार करना ना पड़े, मेरी प्राथमिकता रहती है कि ग्रामीणों की समस्या का समाधान जल्द से जल्द किया जाए, जिससे कि जिस उद्देश्य से ग्रामीणों ने हमें चुना है उसका उन्हें सही लाभ सही समय पर मिलना चाहिए।



# एमजी ने किया लॉन्च की किफायती इलेक्ट्रिक कार




**एजेंसी। नई दिल्ली**

मॉरिस गैरेज मोटर इंडिया यानी एमजी ने बुधवार को अपनी इलेक्ट्रिक कार कॉमेट लॉन्च कर दी। इसकी कीमत 7.98 लाख रुपए से शुरू है। एमजी की ये सबसे सस्ती, छोटी और एंट्री लेवल इलेक्ट्रिक कार है। ये टाटा की टियागो इवी से भी करीब 50 हजार रुपए सस्ती है। इसका प्रोडक्शन गुजरात के हलोल प्लांट में शुरू हो चुका है। एमजी जेडएस के बाद एमजी की यह दूसरी इवी है। इसकी बुकिंग 15 मई से शुरू हो रही है। मई से ही इसकी डिलीवरी भी शुरू हो जाएगी। इवी में फुल चार्ज में 230 किलोमीटर की रेंज मिलेगी। कंपनी का दावा है कि ये कार 519 रुपए में 1000 किलोमीटर चलेगी। इसमें नेक्स्ट लेवल पर्सनालाइजेशन दिया गया है। यानी आप कार पर कंपनी मेड फंकी बॉडी रैप्स, कूल स्टिकर लगा सकेंगे। कार में फोल्डेबल स्प्लिट सीट कॉन्फिगरेशन दिया गया है। यानी आप बूट स्पेस बढ़ा सकते हैं। वहीं कंपनी ने इसे 5 कलर ऑप्शन ब्लैक रूफ के साथ एपल ग्रीन, ऑरोरा सिल्वर, स्टारी ब्लैक, कैंडी व्हाइट और ब्लैक रूफ के साथ कैंडी व्हाइट में उतारा है। इवी में दो दरवाजे दिए गए हैं और इसकी सिटिंग कैपेसिटी 4 लोगों की हैं। कंपनी ने 19 अप्रैल को दिल्ली के गुड़गांव में हुए इवेंट में कार की पहली झलक दिखाई थी। एमजी अपने कारों के नाम ऐतिहासिक चीजों पर रखती है। इस कार का नाम ब्रिटिश प्लेन कॉमेट के नाम पर रखा गया है। इस कार की लंबाई सिर्फ 2.9 मीटर है। यानी ये मारुति की ऑल्टो से भी छोटी है। एमजी ने कॉमेट को टॉलबॉय डिजाइन देने की कोशिश की है। इसके फ्रंट में एलइडी हेडलैंप, एमजी लोगो, डेटाइम रनिंग लैंप्स, रियर में छएऊटेल लाइट, क्रोम डोर हैंडल, फ्रंट और रियर पार्किंग कैमरा भी मिलेगा। इवी में 12 इंच के एयरोडायनेमिक डिजाइन व्हील दिए गए हैं। एमजी मोटर इसे 'इंटेलिजेंट टेक डैशबोर्ड' कह रही है। कार में इंटीग्रेटेड फ्लोटिंग वाइड स्क्रीन मिलती है, जिसमें 10.25 इंच की हेड यूनिट और 10.25 इंच का डिजिटल क्लस्टर शामिल है। डैशबोर्ड के पास एक फ्लोटिंग यूनिट मिलेगी।वहीं, स्क्रीन के नीचे हॉरिजॉन्टल पोजिशन में एसी वेंट्स मिलेंगे। नई इलेक्ट्रिक कार में क्रोम हाइलाइट्स के साथ रोटरी एयर-कंडीशनिंग कंट्रोल भी दिए गए हैं। इसके अलावा कॉमेट में कनेक्टेड कार टेक्नोलॉजी, कीलेस एंट्री, ड्राइव मोड और कई हाई-एंड फीचर्स मिलेंगे। इलेक्ट्रिक कार स्टीयरिंग माउंटेड कंट्रोल्स के साथ आएगी।

# एडटेक स्टार्टअप स्किल-लिंक ने कर्मचारियों की छंटनी की

**एजेंसी। नई दिल्ली**




चेन्नई स्थित एडटेक स्टार्टअप स्किल-लिंक ने कर्मचारियों की छंटनी की है, क्योंकि यह वैश्विक व्यापक आर्थिक परिस्थितियों के बीच चेन्नई, बेंगलुरु और हैदराबाद में संचालन को समेकित कर रहा है। सूर्यनारायणन पी (सीईओ) और सारंगराजन वी (सीटीओ) द्वारा अप्रैल 2015 में लॉन्च किया गया, एडटेक अपस्किलिंग स्टार्टअप का उद्देश्य अंडरग्रेजुएट इंजीनियरिंग शिक्षा प्रणाली में गुणवत्ता और एप्लिकेशन-आधारित शिक्षा की कमी को दूर करना है। स्टार्टअप समाचार पोर्टल इंक42 ने सबसे पहले स्किल-लिंक में छंटनी के बारे में सूचना दी थी, इसके स्त्रोतों के अनुसार 400 की संख्या थी, जिससे सेल्स, मार्केटिंग, तकनीक और प्रतिभा अधिग्रहण टीमों पर असर पड़ा। स्किल-लिंक के सह-संस्थापक सूर्यनारायणन ने एक बयान में आईएएनएस को बताया, व्यापक आर्थिक स्थितियों को देखते हुए, हमने अपनी विकास अपेक्षाओं को कम करने और भविष्य पर केंद्रित हमारी कुछ परियोजनाओं को धीमा करने का निर्णय लिया है। मौजूदा व्यवसाय में, कंपनी ने प्रौद्योगिकी और विशेषज्ञों के संयोजन का उपयोग करके बेहतर शिक्षण परिणाम प्रदान करने के लिए वितरण मॉडल को बदल दिया। उन्होंने कहा, इसके कारण कुछ भूमिका अतिरेक हुई। हमने चेन्नई, बेंगलुरु और हैदराबाद में अपने संचालन को समेकित करने का निर्णय लिया है, केवल पुणे/दिल्ली से संचालित होने वाली कॉरपोरेट-फेसिंग टीमों के साथ, जिसके कारण कर्मचारियों की संख्या में कुछ कमी आई है।

# शेयर बाजार में आई तेजी




**एजेंसी। मुंबई**

आज बुधवार 26 अप्रैल को भारतीय शेयर बाजार में तेजी देखने को मिली है। सेंसेक्स 169 अंक चढ़कर 60,300 के स्तर पर बंद हुआ। निफ्टी में भी 44 अंक की तेजी रही। ये 17,813 के स्तर पर बंद हुआ। सेंसेक्स के 30 शेयरों में से 21 में तेजी और 9 में गिरावट देखने को मिली है। आज रियल्टी सेक्टर 1.36% चढ़कर बंद हुआ। उतार-चढ़ाव के बाद बैंक निफ्टी 0.35% मजबूत होकर बंद हुआ। ऑटो में 0.53% की तेजी रही। मेटल में 0.44% की बिकवाली रही। देश की सबसे बड़ी कार कंपनी मारुति सुजुकी ने मार्च 2023 को खत्म चौथी तिमाही का रिजल्ट घोषित किया। इस तिमाही में कंपनी का नेट प्रॉफिट साल-दर-साल 43% बढ़कर 2,624 करोड़ रुपए हो गया। पिछले साल की समान तिमाही में ये 1,839 करोड़ रुपए था। बोर्ड ने वित्त वर्ष 2022-23 के लिए 90 रुपए प्रति शेयर के डिविडेंड को मंजूरी दी है। चौथी तिमाही में कंपनी का रेवेन्यू साल-दर-साल 20% बढ़कर 32,048 करोड़ रुपए रहा, जो पिछले साल 26,740 करोड़ रुपए था। मारुति के शेयर में आज 0.19% की तेजी रही ये 8,485 रुपए पर बंद हुआ। इससे पहले मंगलवार को भारतीय शेयर बाजार में बढ़त देखने को मिली थी। सेंसेक्स 74.61 अंक या 0.12% बढ़कर 60,130 के स्तर पर बंद हुआ था। निफ्टी भी 25.85 अंक या 0.15% चढ़ा था।

## वीवो X90 और X90 प्रो 5जी स्मार्टफोन लॉन्च

**नई दिल्ली।** चायनीज टेक कंपनी वीवो ने इंडियन मार्केट में X90 सीरीज को लॉन्च कर दिया है। इसमें X90 और X90 प्रो शामिल हैं। सीरीज में कंपनी ने बड़े सेंसर के साथ 50 मेगापिक्सल का पोर्ट्रेट कैमरा दिया है जो एक्सट्रीम क्लियरिटी फोटो खींचने के साथ लो लाइट में भी वीडियो शूट करने में सक्षम हैं। दोनों ही फ्लैगशिप स्मार्टफोन जेइस ऑप्टिक्स के साथ आते हैं, इसमें वीवो X90 प्रो में हाई परफॉर्मेंस के लिए पैकिंग 1-इंच सोनी आइएमX989 सेंसर मिलता है। वीवो 90 दो वैरिएंट में आता है। इसके 8जीबी रैम + 256जीबी स्टोरेज वर्जन की कीमत 59,999 रुपए और 12जीबी रैम + 256जीबी स्टोरेज वैरिएंट की कीमत 63,999 रुपए है।

# वित्तीय वर्ष 24 में छह प्रतिशत की दर से बढ़ेगी भारतीय अर्थव्यवस्था

**एजेंसी। चेन्नई**

क्रेडिट रेटिंग एजेंसी एक्यूइट रेटिंग्स एंड रिसर्च ने कहा है कि वित्त वर्ष 24 में भारत के सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) की वृद्धि दर छह फीसदी रहेगी। अर्थव्यवस्था पर अपनी मासिक टिप्पणी में एक्यूइट ने कहा कि वैश्विक वृहद अर्थव्यवस्था में विरोधाभासों और वित्तीय प्रणाली की अस्थिरता के जोखिमों के सामने आने के बावजूद, भारतीय अर्थव्यवस्था ने ताकत और स्थिरता का प्रदर्शन जारी रखा है। रिपोर्ट में कहा गया है, एक्यूइट को उम्मीद है कि सकल




घरेलू उत्पाद की वृद्धि मध्यम होगी, लेकिन वित्त वर्ष 24 में 6.0 प्रतिशत पर स्वस्थ रहेगी। एक्यूइट के अनुसार, घरेलू मांग की ताकत के संबंध में एक स्पष्ट अंतर उभर रहा है, जो कि बाहरी मांग को धीमा करने के प्रभाव के खिलाफ व्यापारिक निर्यात की कम रन-रेट में कब्जा कर रहा है। एक्यूइट ने कहा, वित्त वर्ष 24 में घरेलू विकास के लिए चुनौतियां तेज होने की उम्मीद है। वैश्विक विकास में मंदी, बैंकिंग क्षेत्र की उथल-पुथल के बाद क्रेडिट की स्थिति में तंगी, जलवायु जोखिम, उच्च उधार लागत आदि का सामना करना पड़ सकता है। एक्यूइट के अनुसार, मुद्रास्फीति के दबाव में कमी और सार्वजनिक पूंजीगत व्यय में वृद्धि से घरेलू अर्थव्यवस्था में स्वस्थ गति बनी रहनी चाहिए।

# ओरिएंट इलेक्ट्रिक ने ऊर्जा दक्ष बीएलडीसी पंखों की रेंज लॉन्च की

**एजेंसी। नई दिल्ली**

ओरिएंट इलेक्ट्रिक लिमिटेड, जो कि विविधीकृत 2.8 बिलियन अमेरिकी डॉलर के सीके बिरला ग्रुप का हिस्सा है, द्वारा बीएलडीसी पंखों की एक विस्तृत रेंज की पेशकश की गई है। कंपनी भारतीय ग्राहकों को कम ऊर्जा की खपत वाले और लागत प्रभावी समाधान प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है। ओरिएंट के 5-स्टार रेटेड बीएलडीसी पंखे, साधारण पंखों की तुलना में 50% तक कम बिजली की खपत करते हैं, और साथ ही साथ, बेहतरीन एयर डिलीवरी भी देते हैं। राजन गुप्ता, मैनेजिंग डायरेक्टर और सीईओ, ओरिएंट इलेक्ट्रिक लिमिटेड, ने कहा, एक जिम्मेदार ब्रांड के रूप में हम कम ऊर्जा की खपत करने वाले और लागत प्रभावी समाधान लाने के लिए प्रतिबद्ध है और भारतीय ग्राहकों को इसकी पूर्ति करने के लिए हम बीईई, ईईएसएल जैसे संस्थानों के साथ लगातार काम कर रहे है। भारत में ऊर्जा की माँग लगातार बढ़ रही है जिससे ऊर्जा दक्षता और भारी मात्रा में ऊर्जा ऊर्जा संरक्षण का महत्व साफ तौर से उजागर होता है। बीएलडीसी पंखों की हमारी विस्तृत श्रृंखला इस दिशा में एक सार्थक कदम है, और हमें विश्वास है कि उपयोग के बाद ग्राहक इन पंखों की खूब सराहना करेंगे। सिर्फ एक बीएलडीसी पंखा, ग्राहक विशेष के बिजली के बिल पर सालाना लगभग 1600 रुपए की बचत कर सकता है। भारत पंखों के लिए एक बड़ा बाजार है और बीएलडीसी पंखों का ज्यादा से ज्यादा इस्तेमाल, देश के लिए एवं धन की बचत तथा कार्बन फुटप्रिंट में कमी लाने में सहायक सिद्ध हो सकता है। एक इंडस्ट्री के रूप में, हम सब को साथ मिल कर भारतीय उपभोक्ताओं के हित के लिए उनको इछउ्ळ पंखो को बड़े पैमाने पर अपनाने के लिए प्रोत्साहित करना चाहिए । कंपनी द्वारा विभिन्न मूल्य बिंदुओं पर हर स्टाइल, जरूरत और बजट को पूरा करने के लिए प्रीमियम, डेकोरेटिव और इकोनॉमी कैटेगरी में बड़ी संख्या में बीएलडीसी पंखों की पेशकश की जा रही है।

**OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER**
**ROAD CONSTRUCTION DEPARTMENT,**
**ROAD DIVISION, GUMLA-835207,**
**E-mail :- eercdgumla-jhr@nic.in**

Letter No. - Gumla, Dated:-

**शुद्धि पत्र**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि **PR 295567 Road (23-24): D** द्वारा प्रकाशित पथ निर्माण विभाग, पथ प्रमण्डल, गुमला अंतर्गत Widening/Strengthening to 2- lane of Chainpur-Mahuadarn upto Dumri Road (MDR-36) (Total Length-11.580km) job no - CRF-JHR-2022-23/57 कार्य की निविदा को अपरिहार्य कारण से अगले आदेश तक स्थगित किया जाता है।

Sd/-
Executive Engineer
R.C.D. Road Division Gumla

PR 296029 Road(23-24)#D

**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, मेदिनीनगर**

**शुद्धि-पत्र**

पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, मेदिनीनगर अन्तर्गत आमंत्रित ई-प्रोक्योरमेंट अति-अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना संख्या-DWSD/SVS (JJM)/Med-34/2022-23 (2nd Call) जो PR No. 295751 द्वारा विभिन्न समाचार पत्रों में प्रकाशित है, निविदा वेबसाईट पर अपलोड नहीं होने के कारण तिथि निम्न प्रकार संशोधित किया जाता है :-

| विवरण | पूर्व प्रकाशित तिथि/समय | संशोधित तिथि एवं समय |
|---|---|---|
| वेबसाइट पर निविदा प्रकाशन की तिथि एवं समय | 24.04.2023 / 12.30 P.M. | 25.04.2023 / 12.30 P.M. |
| बीड प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय | 29.04.2023 / 05.00 P.M. | 01.05.2023 / 05.00 P.M. |

यह शुद्धि-पत्र परिमाण विपत्र का भाग होगा एवं शेष पूर्ववत् रहेंगे।

कार्यपालक अभियंता,
पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, मेदिनीनगर

PR 295994 Drinking Water and Sanitation(23-24)#D

## विदेश


# दुश्मन के घर में घुस सकता है पाकिस्तान : डीजी आईएसपीआर




**एजेंसी। इस्लामाबाद**

पाकिस्तान के इंटर-सर्विसेज पब्लिक रिलेशंस (आईएसपीआर) के महानिदेशक (डीजी) मेजर जनरल अहमद शरीफ चौधरी ने दावा किया है कि जम्मू और कश्मीर 'कभी भी भारत का हिस्सा नहीं था और कभी भी नहीं बनेगा।' उन्होंने कहा कि नई दिल्ली द्वारा इस्लामाबाद के खिलाफ किसी भी दुस्साहस का माकूल जवाब दिया जा सकता है। दिसंबर 2022 में सेना के मीडिया मामलों के विंग के प्रमुख के रूप में कार्यभार संभालने के बाद से अपनी पहली प्रेस कॉन्फ्रेंस में, डीजी आईएसपीआर ने भारत पर नियंत्रण रेखा (एलओसी) पर 56 से अधिक संघर्ष विराम उल्लंघन करने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा, अगर भारत किसी गलत आकलन और गलतफहमी के चलते पाकिस्तान के खिलाफ साजिश रचने की कोशिश करता है तो हम मुंहतोड़ जवाब देंगे। इसमें कोई संदेह नहीं होना चाहिए। चौधरी ने किसी भी आपात स्थिति का जवाब देने के लिए देश की सशस्त्र बलों की तत्परता के बारे में बात करते हुए कहा कि अगर 'पाकिस्तान के खिलाफ भारत का दुष्प्रचार' जारी रहता है और टकराव की स्थिति पैदा होती है, तो 'हम जरूरत पड़ने पर इस लड़ाई को दुश्मन के घर में भी ले जा सकते हैं।' एलओसी पर संघर्षविराम उल्लंघन के बारे में बात करते हुए, डीजी आईएसपीआर ने कहा कि पाकिस्तान ने कम से कम छह क्वाड कॉप्टरों को मार गिराया है, जिसमें कहा गया है कि पाकिस्तानी सेना भारत द्वारा इस तरह के किसी भी प्रयास से निपटने के लिए तैयार है। चौधरी की तीखी टिप्पणी ऐसे समय में आई है जब गुरुवार को नई दिल्ली में शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) के रक्षा मंत्रियों की बैठक में भाग लेने के लिए एक पाकिस्तानी प्रतिनिधिमंडल भारत आया है। पाकिस्तान के रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ इस बैठक में वर्चुअली हिस्सा लेंगे। इस तरह के बयानों के माध्यम से भारत के खिलाफ सैन्य प्रतिष्ठान की मजबूत स्थिति का महत्व, अगले महीने गोवा में आगामी एससीओ विदेश मंत्रियों की बैठक पर भी एक बड़ा प्रभाव पड़ेगा, जिसमें विदेश मंत्री बिलावल भुट्टो-जरदारी व्यक्तिगत रूप से भाग लेंगे। अगस्त 2019 में जम्मू और कश्मीर राज्य की विशेष दर्जे को बदलने के लिए भारतीय संविधान के अनुच्छेद 370 और 35ए को निरस्त करने के बाद से पाकिस्तान-भारत संबंध सबसे निचले स्तर पर है।

# तालिबान ने 2021 काबुल हवाईअड्डे पर हमले के मास्टरमाइंड को मार गिराया



**एजेंसी। वाशिंगटन**

अमेरिकी अधिकारियों ने कहा है कि काबुल हवाईअड्डे पर 2021 में विनाशकारी बमबारी की साजिश रचने वाले इस्लामिक स्टेट (आईएस) आतंकी समूह के मास्टरमाइंड को अफगानिस्तान की सत्तारूढ़ तालिबान सरकार ने मार गिराया है। कई मीडिया रिपोर्टें के अनुसार अमेरिका ने संदिग्ध की पहचान आईएस-के नामक आतंकवादी समूह की अफगान शाखा के एक नेता के रूप में की, लेकिन उस व्यक्ति का नाम नहीं लिया और यह बताने से इनकार कर दिया कि यह कैसे मारा गया। समाचार एजेंसी शिन्हुआ ने यह जानकारी दी है। मौरा गया आतंकी 26 अगस्त, 2021 को हुए हमले का मास्टरमाइंड था, जिसमें 13 अमेरिकी सेवा सदस्यों के साथ-साथ 170 अफगान नागरिक मारे गए थे। सीएनएन ने राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद में रणनीतिक संचार के समन्वयक जॉन किर्बी के हवाले से कहा कि इस वर्ष आईएस-के को यह बड़ा नुकसान है। रिपोर्ट में कहा गया है कि अमेरिका तालिबान के अभियान में शामिल नहीं था और न ही शासन द्वारा उसे आरोपी की मौत के बारे में सूचित किया गया था। आतंकी की मृत्यु और पहचान की पुष्टि अमेरिका की अपनी खुफिया जानकारी पर आधारित है। अमेरिकी प्रशासन ने आत्मघाती बम विस्फोट में मारे गए अमेरिकी सैनिकों के रिश्तेदारों को आतंकी की मौत की सूचना देने के लिए फोन करना शुरू कर दिया।

**झारखण्ड सरकार**
**ग्रामीण कार्य विभाग, मुख्य अभियंता का कार्यालय**
**102, द्वितीय तल्ला, अभियंत्रण भवन, कचहरी रोड, राँची**

ई-अल्पकालीन पुनर्निविदा आमंत्रण सूचना
ई-अल्पकालीन पुनर्निविदा संख्या:- **299/RI/2023-24/RWD/DALTONGANJ**
दिनांक :- **25.04.2023**

मुख्य अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, झारखण्ड, राँची द्वारा निम्न विवरण के अनुसार e-procurement पद्धति से पैकेज के रूप में निविदा आमंत्रित की जाती है।

| क्र0 स0 | आईडेन्टी फिकेशन संख्या/पैकेज संख्या | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (रूपये में) अंक में | प्राक्कलित राशि (रूपये में) अक्षर में | कार्य समाप्ति की अवधि | टेण्डर कॉल नं0 |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | RWD/ DALTONGANJ /39/SRPKG-03 /2022-23 | (i) बैदा पी0डब्लू0डी0 रोड से कुड्आ पी0डब्लू0 रोड भाया कुंदरी, कुवंरबांध तक पथ का विशेष मरम्मति कार्य (लं- 7.500 कि0मी0)<br>(ii) नवागढ़ा गेट से पंजरी कलां होते हुए लालगढ़ तक पथ का विशेष मरम्मति कार्य (लं- 3.100 कि0मी0)<br>(iii) मड़वा मोड़ से नासो भाया गुलाबझरी तक पथ का विशेष मरम्मति कार्य (लं- 4.250 कि0मी0)<br>(iv) शिवपुर से सरईडीह भाया खरडीहा तक पथ का विशेष मरम्मति कार्य (लं- 4.850 कि0मी0)<br>(v) पी0डब्लू0डी0 पथ पोलदाह देवी धाम से बिंदेश्वरी यादव के घर होते हुए पिपरा बाजार तक पथ का विशेष मरम्मति कार्य (लं- 2.000 कि0मी0) | 10,29,83,069.00 | दस करोड़ उनतीस लाख तेरासी हजार उनहत्तर रू0 मात्र | 15 माह | द्वितीय |

2. वेबसाईट में निविदा प्रकाशन की तिथि :- 02.05.2023
3. ई-निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय :- 10.05.2023 अपराह्न 5.00 बजे तक।
4. (क) मुख्य अभियंता कार्यालय, ग्रामीण कार्य विभाग, अभियंत्रण भवन, कचहरी, राँची अथवा (ख) जिला नियंत्रण कक्ष, राँची अथवा (ग) जिला नियंत्रण कक्ष, डालटनगंज में से किसी भी कार्यालय में निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि जमा करने की अंतिम तिथि एवं समय :- 11.05.2023 अपराह्न 3.30 बजे तक।
5. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि स्पीड पोस्ट के माध्यम से भी मुख्य अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, 102, द्वितीय तल्ला, अभियंत्रण भवन, कचहरी चौक, राँची, झारखण्ड, पिन- 834001 को भेजा जा सकता है। यह निविदाकार की जिम्मेवारी होगी कि स्पीड पोस्ट के माध्यम से भेजा जाने वाला निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि निर्धारित तिथि एवं समय (11.05.2023 अपराह्न 3.30 बजे तक) से पूर्व प्राप्त हो जाय। अंतिम तिथि एवं समय से पूर्व प्राप्त निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि पर ही विचार किया जायेगा।
6. निविदा खोलने की तिथि एवं समय :- 12.05.2023 अपराह्न 3.30 बजे।
7. निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता:- मुख्य अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, 102, द्वितीय तल्ला, अभियंत्रण भवन, कचहरी चौक, राँची, झारखण्ड, पिन- 834001
8. ई-निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं0 :- 0651-2207818
9. निविदा शुल्क झारखण्ड राज्य में अवस्थित भारतीय स्टेट बैंक/राष्ट्रीयकृत बैंक/अनुसूचित बैंक द्वारा निर्गत बैंक ड्राफ्ट के रूप में जो कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, डालटनगंज के पक्ष में एवं डालटनगंज में भुगतेय जमा करना होगा जो लौटाया नहीं जायेगा।

विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट jharkhandtenders.gov.in में देखा जा सकता है।

नोडल पदाधिकारी
ई-प्रोक्युर्मन्ट सेल

PR.NO.295986 Rural Work Department(23-24):D

## हिंसा प्रभावित

### आईएनएस तेग भी ऑपरेशन 'कावेरी' में हुए शामिल

# भारतीयों के लिए राहत सामग्री लेकर पहुंचा सूडान

**एजेंसी। नई दिल्ली**




आईएनएस सुमेधा ने मंगलवार को हिंसा प्रभावित सूडान से 278 भारतीय नागरिकों के पहले जत्थे को सुरक्षित निकाला, वहीं भारतीय नौसेना का एक अन्य युद्धपोत आईएनएस तेग भी ऑपरेशन 'कावेरी' में शामिल हो गया है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता अरिंदम बागची ने ट्वीट किया कि आईएनएस तेग खार्तूम में फंसे भारतीयों के लिए राहत सामग्री लेकर पोर्ट सूडान पहुंच गया है। उन्होंने पोस्ट किया, आईएनएस तेग, ऑपरेशन कावेरी में शामिल हुआ। अतिरिक्त अधिकारियों और फंसे हुए भारतीयों के लिए आवश्यक राहत सामग्री के साथ पोर्ट सूडान पहुंचा। पोर्ट सूडान में दूतावास कैंप कार्यालय द्वारा चल रहे निकासी प्रयासों को बढ़ावा देगा। इस बीच, विदेश राज्यमंत्री वी. मुरलीधरन भी सऊदी अरब के जेद्दा में तैयारियों की देखरेख करने और भारतीय नागरिकों के पहले जत्थे को लेने के लिए पहुंचे, भारतीय नागरिक दिन में पहले आईएनएस सुमेधा पर सूडान से रवाना हुए थे। मुरलीधरन ने ट्वीट किया, जेद्दा पहुंचने पर, सऊदी अरब टीम ऑपरेशन कावेरी में शामिल होने के लिए सूडान से भारतीयों को निकालने की सुविधा के लिए स्थापित नियंत्रण कक्ष का दौरा किया। पोर्ट सूडान और जेद्दा दोनों में आवश्यक बुनियादी ढांचा है। टीम जमीन पर पूरी तरह से तैयार है। 278 भारतीय नागरिकों का पहला जत्था मंगलवार को पोर्ट सूडान से आईएनएस सुमेधा में सवार हुआ और जेद्दा के लिए रवाना हुआ। ऑपरेशन कावेरी नाम की निकासी प्रक्रिया 23 अप्रैल को शुरू हुई, आईएनएस सुमेधा के अलावा, भारतीय वायुसेना के दो विमानों को सूडान की राजधानी में फंसे भारतीय नागरिकों को वापस लाने के लिए भेजा गया था, सूडान में 15 अप्रैल को सेना और अर्धसैनिक बलों के आपस में भिड़ने के बाद गृहयुद्ध छिड़ गया, जिससे बड़े पैमाने पर हिंसा हुई, जिसमें एक भारतीय नागरिक सहित सैकड़ों लोगों की मौत हुई।

जैसे गर्भवती स्त्री अपने प्रिय भोजन का परित्याग कर केवल गर्भस्थ बालक के हित का ध्यान रखती है, उसी प्रकार धरती राजा को भी प्रजा का ध्यान रखना चाहिए। उसे चाहिए कि वह अपने प्रिय बंधुओं के हित में नहीं, जनहित में कार्य करे। जो अपराधियों को दंड देने में संकोच नहीं करता और सदा धैर्य रखता है , उस राजा को कभी कोई भय नहीं रखता। -ठाकुर जी



# टीकाकरण पर फोकस हो

**देश** के अन्य राज्यों की तरह झारखंड में कोविड संक्रमण की रफ्तार फिर तेज हो गई है। झारखंड में एक्टिव केसों की संख्या दिनों दिन बढ़ रही है। ऐसे में इससे निपटने को लेकर तैयारियों की पुनः समीक्षा आवश्यक हो गया है। कोरोना संक्रमण से बचाव का सबसे बड़ा उपाय टीकाकरण है। दुर्भाग्य से वैक्सीन की उपलब्धता को लेकर राज्य सरकार को लगातार केन्द्र के साथ संपर्क में रहना चाहिए। आवश्यकता पड़ने पर सरकार अपने स्तर से भी वैक्सीन निर्माता कंपनियों से वैक्सीन खरीद सकती है। टीकाकरण इसलिए भी जरूरी है क्योंकि अभी भी राज्य में बड़ी संख्या में लोगों को दूसरी डोज या बूस्टर डोज का टीका नहीं लग सका है। 18 वर्ष एवं इससे अधिक आयु वर्ग के व्यक्तियों में इसका अभाव देखने को मिलता है। ऐसे में यह एक ऐसा विषय है, जिसके बारे में लापरवाही नहीं बरती जानी चाहिए। कारण अभी पिछले दिनों जमशेदपुर के चाकुलिया स्थित कस्तूरबा आवासीय विद्यालय में कोरोना विस्फोट हुआ है। स्कूल की 69 छात्राएं कोरोना संक्रमित पायी गयी हैं। सभी छात्राओं को विद्यालय में ही आइसोलेट कर दिया गया है। पिछले डेढ़ वर्षों में यह पहली बार है, जब राज्य में किसी एक ही परिसर में इतनी बड़ी तादाद में कोविड पॉजिटिव केस सामने आये हैं। विद्यालय की वार्डेन द्वारा कई छात्राओं को सर्दी-खांसी होने की सूचना दी गई थी। लेकिन इस पर संज्ञान नहीं लिया गया। इसी का नतीजा है कि इतनी बड़ी संख्या में यहां कोरोना के केस मिले। विद्यालय पहुंच 210 छात्राओं की जांच की गई। जिनमें 43 छात्राएं पॉजिटिव पायी गयीं। टीम ने बाकी छात्राओं की भी जांच की। इनमें से 23 छात्राएं कोरोना पॉजिटिव पाई गई हैं। जिला प्रशासन के आला अफसरों को भी इसकी सूचना दी गई है। स्वास्थ्य विभाग ने इसे लेकर जिले के सभी शैक्षणिक संस्थानों को आवश्यक निगरानी के आदेश दिए हैं। स्कूल प्रशासन को निर्देश दिया गया है कि जिन छात्राओं को कोविड संक्रमित पाया गया है, उनके इलाज में किसी तरह की उदासीनता न बरती जाये। पूरे राज्य की बात करें तो कोविड के एक्टिव मामले लगातार बढ़ रहे हैं। संक्रमण के सबसे ज्यादा मामले रांची में भी हैं। वहीं दूसरे स्थान पर पूर्वी सिंहभूम है। राज्य में बीते छह मार्च तक कोविड का एक भी केस नहीं था। सात मार्च को तीन केस सामने आये थे। इसके बाद से एक्टिव केस में लगातार इजाफा हुआ है। अब राज्य के 24 में से 19 जिलों में कोविड के एक्टिव मरीज हैं। पांच जिलों में एक भी मरीज नहीं है। स्वास्थ्य विभाग का कहना है कि अभी मरीजों की स्थिति ऐसी नहीं है कि उन्हें अस्पताल में भर्ती करने की नौबत आ रही हो। फिर भी ध्यान रखने और बचाव की जरूरत है। ऐसे में सहज समझा जा सकता है कि कोरोना अभी गया नहीं है,यह एक वायरस है। इसका प्रभाव समय-समय पर देखने को मिलता रहेगा। ऐसी स्थिति में टीकाकरण के साथ-साथ मास्क का प्रयोग,भीड़ -भाड़ वाली जगहों से परहेज आवश्यक है। शरीर का स्पर्श किन जगहों पर हो रहा है,उससे बचने की जरूरत है। गौरतलब है कि हम सब पिछले कारोना को भूले नहीं हैं। इस आपदा के समय हमारी एकजुटता और सरकार के द्वारा बताये गये गाइड लाइन का प्रयोग जरूरी है। तभी हम अपने आप को सुरक्षित रख पायेंगे।

**दुर्भाग्य से वैक्सीन की उपलब्धता को लेकर राज्य सरकार को लगातार केंद्र के साथ संपर्क में रहना चाहिए। आवश्यकता पड़ने पर सरकार अपने स्तर से भी वैक्सीन निर्माता कंपनियों से वैक्सीन खरीद सकती है।**

# मां सीता की जन्मस्थली का भी विकस हो


प्रभात झा

**धर्मशास्त्रों** में तीर्थ के तीन रूपों का वर्णन है- नित्य तीर्थ, भगवदीय तीर्थ और सत तीर्थ। इसमें पुण्यारण्य (पुनौराधाम) को सनातन से तीनों रूप प्राप्त हैं। भगवती माता सीता जी इसी भूमि से अवतरित हुई थीं, जिस कारण यह भगवदीय तीर्थ है। बिना राम के सीता नहीं और बिना सीता के राम नहीं। सृष्टि का यथार्थ यही है। संपूर्ण विश्व में सभी लोग भगवान को याद करते हैं तो एक स्वर से सीता-राम ही कहते हैं। अयोध्या में रामलला की जन्मभूमि पर भव्य मंदिर का निर्माण प्रारंभ हो चुका है। विश्व के लिए यह सुखद सुचना है। विश्वभर में सीताराम के अनुयायी यही चाहते थे कि अयोध्या में रामलला का भव्य मंदिर बने। इसके लिए वे सभी बधाई के पात्र हैं जिन्होंने अनवरत वर्षों संघर्ष किया और अंत में न्यायालय से भव्य मंदिर बनाने की स्वीकृति मिली। यह तो बात हुई भगवान श्री राम की। अब ध्यान देने की आवश्यकता है मां सीता का प्राकट्यस्थल जो बिहार के सीतामढ़ी से 3-4 किलोमीटर दूर पुनौराधाम कहलाता है। मां सीता सिसक-सिसक कर रो रही हैं। न वहां मस्जिद है, न चर्च है और न कोई जमीनी विवाद है। प्राकट्यस्थल का कुण्ड भी मौजूद है और छोटा-सा मंदिर भी बना हुआ है। लेकिन मां सीता के प्राकट्यस्थल का जो भव्य स्वरूप होना चाहिए उसकी ओर ना तो बिहार के संस्कृति मंत्रालय और न ही केंद्र सरकार के संस्कृति मंत्रालय का विशेष ध्यान जा रहा है। पूरे भारत में सबकी जुबां पर एक ही बात है- 'जब अयोध्या में श्रीरामलला का भव्य मंदिर बन रहा है, पुनौराधाम में मां जानकी के प्राकट्यस्थल का जीर्णोद्धार क्यों नहीं हो रहा है?' अब समय आ गया है जब पुनौराधाम भारत के पांचवें धाम के रूप में स्थापित किया जाय। पहले तो लोगों को पता ही नहीं था कि पुनौराधाम है कहां। लेकिन जगतगुरु रामभद्राचार्य जी ने शास्त्रों के आधार पर यह सिद्ध कर दिया कि पुनौराधाम ही मां सीता का प्राकट्यस्थल है। संसद से लेकर सड़क तक यह बात धीरे-धीरे स्थापित हो गई कि पुनौराधाम ही मां जानकी का प्राकट्यस्थल है। जगतगुरु रामभद्राचार्य जी दस वर्षों से जानकी नवमी पर पुनौराधाम में अनवरत, निःशुल्क कथा कर यह संदेश दे रहे हैं कि मिथिलावासियों और भारतवासियों मां जानकी के प्राकट्यस्थल के जीर्णोद्धार और उसकी भव्यता में सभी लोग सहयोग करें।




**'सुरवन्दिता' मिथिला की पावन भूमि :** कैलाश से कन्याकुमारी और कामाख्या से कच्छ तक सम्पूर्ण भारत भूमि तीर्थ स्थानों से भरे हैं। लेकिन मिथिला की भूमि का सदैव से विशेष महत्व रहा है। मिथिला की भूमि को 'सुरवंदिता' कहा गया है, क्योंकि देवता भी यहां निवास करने के लिए सर्वदा आतुर रहते हैं। पुराणों के अनुसार सनातन के कई पवित्र स्थान मिथिलापुरी में ही स्थित हैं। मां सीता जी के प्राकट्यस्थल होने के कारण पुण्यारण्य (पुनौराधाम) की पवित्र भूमि परमदर्शनीय और पुण्यदायक है।

**तीर्थों में पुण्यारण्य (पुनौराधाम) की श्रेष्ठता :** धर्मशास्त्रों में तीर्थ के तीन रूपों का वर्णन है- नित्य तीर्थ, भगवदीय तीर्थ और सत तीर्थ। इसमें पुण्यारण्य (पुनौराधाम) को सनातन से तीनों रूप प्राप्त हैं। भगवती माता सीता जी इसी भूमि से अवतरित हुई थीं, जिस कारण यह भगवदीय तीर्थ है। पुण्डरीक ऋषि का पावन आश्रम होने से यह सत तीर्थ है। अयोध्या, मथुरा आदि की तरह लीला भूमि होने से पुनौराधाम को नित्य तीर्थ होने का सौभाग्य प्राप्त है।

**विश्वभर में सीताराम के अनुयायी यही चाहते थे कि अयोध्या में रामलला का भव्य मंदिर बने। इसके लिए वे सभी बधाई के पात्र हैं जिन्होंने अनवरत वर्षो संघर्ष किया और अंत में न्यायालय से भव्य मंदिर बनाने की स्वीकृति मिली।**

**इन दिनों**

**विशेष फलदायक यज्ञस्थली पुण्योर्वरा (पुनौराधाम) :** वृहद विष्णुपुराण के मिथिला खंड में वर्णित है कि हम संसार में प्राणियों की सारी मनोकामनाएं पूरी करने वाली विशेष फलदायक यज्ञ स्थली पुण्योर्वरा (पुनौराधाम) की यात्रा और दर्शन विशेषकर चैत्र श्री रामनवमी और वैशाख श्री जानकी नवमी में मोक्ष के अभिलाषी को करने चाहिए, क्योंकि दोनों तिथि क्रमशः श्री राम जी का जन्मदिवस और मां सीता जी का प्राकट्य दिवस है। अनावृष्टि से मिथिलावासियों में त्राहि-त्राहि मच गई। उस समय मिथिला में महाराजा निमि के वंशज राजा जनक राज कर रहे थे। 'यज्ञ से वर्षा होती है और वर्षा के प्रभाव से अन्न उत्पन्न होता है', इससे प्रभावित होकर राजर्षि जनक ने अपने राज्य के विद्वानों, ऋषि-मुनियों और ज्योतिषियों की आपातकालीन सभा बुलाकर भीषण दुर्भिक्ष की विभीषिका से त्राण पाने के उपाय पर विचार-विमर्श किया। सर्वसम्मत से निर्णय लिया गया कि राजा जनक को हलेष्ठी यज्ञ करना चाहिए। इसके निमित्त शोध के आधार पर पुण्यारण्य (पुण्डरीक आश्रम) को उपयुक्त स्थान के रूप में चयन किया गया। 'पुण्यारण्य (पुनौराधाम)' ही मां जानकी प्राकट्यस्थल वृहद विष्णुपुराण के मिथिला माहात्म्य के अष्टम अध्याय में वर्णित है कि राजर्षि जनक का जो प्राचीन दुर्ग था, उसके पारतः पंचकोशी चार विशाल द्वार थे। वे इन दिनों भी वर्तमान जनकपुरधाम से क्रमशः दस मील उत्तर की ओर धनुषा, दस मील दक्षिण की ओर गिरजा स्थान, दस मील पूरब की ओर हरिहरालय महादेव और दस मील पश्चिम जलेश्वरनाथ के नाम से लोक विदित हैं। यह स्पष्ट है कि महाराजा जनक इसी जलेश्वरनाथ (शिव जी का जलशयन स्थल) से पश्चिम भाग में शास्त्रवत अठासी ऋषियों एवं रानी सुनैना सहित तीन योजना के बाद हलेष्ठी यज्ञार्थ पुण्डरीक आश्रम पुण्यारण्य पधारे थे, जहां हलेष्ठी यज्ञ की सिद्धि प्राप्त हुई और मां जानकी का प्राकट्य हुआ।

**सीता और सीतामढ़ी :** पद्मपुराण में कहा गया है कि जानकी नाम तो जनक जी के वंशानुगत जनक शब्द से रखा गया, लेकिन शास्त्रानुसार उनका नाम 'सीता' होना अपेक्षित है, क्योंकि सीत (फार का नुकीला अग्र भाग) और सीता(सिराउर) के संयोग से उत्पत्ति होने के कारण सीता नाम की पुष्टि होती है। जन्म के बाद लौकिक एवं वैदिक रीतियों से वर्षा से बचाने के लिए 'मड़ई' (मढ़ी) में मां सीता जी रखी गईं तथा उस स्थान का नाम सीतामढ़ी हुआ।

**'जयातीर्थ' पुनौराधाम :** पुण्डरीक आश्रम में उत्पन्न होने से बालिका मां सीता की अधिकारी पुंडरीक ऋषि हुए। एक बार सूर्य ग्रहण के समय यह भूमि राजा जनक ने पुंडरीक ऋषि को दक्षिणा में दे दी थी। प्रत्युत तपस्वी पुंडरीक ने बालिका मां सीता को महाराजा जनक को अर्पित कर दिया। ऋषि द्वारा प्रदत्त बालिका मां सीता को अड़क में धारण कर जया मानकर जानकी नाम से विभूषित किया। इसका वर्णन पद्मपुराण के स्वर्गखंड में मिलता है। जया से जानकी सिद्ध होता है। शास्त्रवत जिसमें मातृत्व और पितृत्व गुण वर्तमान हो, लेकिन किसी माता-पिता के द्वारा उस संतान का जन्म नहीं हुआ हो, बल्कि स्वयं धरती से उत्पन्न हुई हो, ऐसी संतान को जया के नाम से अभिहित करते हैं।

## बोधि वृक्ष

### आईए सुनें भगवान जगन्नाथ की कथा

तभी से यहां पर महादेव की ब्रह्म रूप में पूजा करते हैं। शंख के तीसरे वृत्त में मां विमला और नाभि स्थल में भगवान जगन्नाथ रथ सिंहासन पर विराजमान है।

**मंदिर का इतिहास :** इस मंदिर का सबसे पहला प्रमाण महाभारत के वनपर्व में मिलता है। कहा जाता है कि सबसे पहले सबर आदिवासी विश्ववसु ने नीलमाधव के रूप में इनकी पूजा की थी। आज भी पुरी के मंदिरों में कई सेवक हैं जिन्हें दैतापति के नाम से जाना जाता है। राजा इंद्रदयुम्न ने बनवाया था यहां मंदिर : राजा इंद्रदयुम्न मालवा का राजा था जिनके पिता का नाम भारत और माता सुमति था। राजा इंद्रदयुम्न को सपने में हुए थे जगन्नाथ के दर्शन। कई ग्रंथों में राजा इंद्रदयुम्न और उनके यज्ञ के बारे में विस्तार से लिखा है। उन्होंने यहां कई विशाल यज्ञ किये और एक सरोवर बनवाया। एक रात भगवान विष्णु ने उनको सपने में दर्शन दिए और कहा नीलांचल पर्वत की एक गुफा में मेरी एक मूर्ति है उसे नीलमाधव कहते हैं। तुम एक मंदिर बनवाकर उसमें मेरी यह मूर्ति स्थापित कर दो। राजा ने अपने सेवकों को नीलांचल पर्वत की खोज में भेजा। उसमें से एक था ब्राह्मण विद्यापति। विद्यापति ने सुन रखा था कि सबर कबीले के लोग नीलमाधव की पूजा करते हैं और उन्होंने अपने देवता की इस मूर्ति को नीलांचल पर्वत की गुफा में छुपा रखा है। वह यह भी जानता था कि सबर कबीले का मुखिया विश्ववसु नीलमाधव का उपासक है और उसी ने मूर्ति को गुफा में छुपा रखा है। चतुर विद्यापति ने मुखिया की बेटी से विवाह कर लिया। आखिर में वह अपनी पत्नी के जरिए नीलमाधव की गुफा तक पहुंचने में सफल हो गया। उसने मूर्ति चुरा ली और राजा को लाकर दे दी। विश्ववसु अपने आराध्य देव की मूर्ति चोरी होने से बहुत दुखी हुआ। अपने भक्त के दुख से भगवान भी दुखी हो गए।

*(क्रमशः)*

# प्रधानमंत्री की हर पहल से भारत हुआ सशक्त


पंडित अजॉय चक्रवर्ती

**सबसे** पहले मैं विनम्र शब्दों में कहना चाहता हूं कि महान राजनेताओं की एक लंबी लिस्ट है, जो हमारे देश के प्रमुख के रूप में प्रधानमंत्री के पद पर आसीन हुए। लेकिन, ऐसा लगता है कि उनमें से किसी ने भी उस रूप में पद नहीं संभाला, जैसा नरेन्द्र मोदी ने संभाला है। उन्होंने विशेषकर जनसांख्यिकी, धर्म, भूगोल, इतिहास, शिक्षा, विज्ञान, प्रौद्योगिकी, दर्शन, कला, संस्कृति आदि अलग-अलग क्षेत्रों और पहलुओं की पृष्ठभूमि में भारत को वैश्विक संदर्भ में सर्वश्रेष्ठ या अद्वितीय के रूप में प्रस्तुत किया है। भारतीय उपमहाद्वीप (अविभाजित भारत) अपनी भौतिक विशालता के लिए के साथ अपनी बौद्धिक और आध्यात्मिक उत्कृष्टता के लिए भी जाना जाता था। इसलिए, इससे पहले कि कोई आधुनिक भारत के नेता के रूप में मोदी की भूमिका के आयामों और कार्यप्रणाली का मूल्यांकन करे, तो एक मूलभूत विचार यह होना चाहिए कि भारत दुनिया के अन्य सभी देशों से क्यों और कहां अलग है। भारत ने शून्य और फिर संख्या प्रणाली का आविष्कार किया, जो इतिहास के सबसे महान नवोन्मेषों में से एक है। दशमलव प्रणाली, पाई का मान, बीजगणित, त्रिकोणमिति, कलन शास्त्र (केल्कुलस)और कई गणितीय अवधारणाओं का जन्म भारत में हुआ। प्राचीन भारत के ज्ञान के स्त्रोत अनंत हैं। उदाहरण के लिए, उनमें से कुछ के रूप में 18 विद्याओं को यहां उद्धृत किया जा सकता है-चार वेद, चार सहायक वेद (आयुर्वेद-चिकित्सा, धनुर्वेद-शस्त्र, गंधर्ववेद - संगीत और शिल्प- वास्तुकला), पुराण, न्याय, मीमांसा, धर्म शास्त्र और वेदांग, छह सहायक विज्ञान, स्वर-विज्ञान, व्याकरण, मीटर, खगोल विज्ञान, अनुष्ठान और दर्शन। आधुनिक विज्ञान शायद न्यूटन के समय से शुरू होता है। लेकिन पारंपरिक ज्ञान प्रणालियां दो मिलियन से अधिक वर्षों से मौजूद हैं, जब होमो हैबिलिस ने अपने उपकरण बनाना और प्रकृति के साथ बातचीत करना शुरू किया। इतिहास की शुरूआत के बाद से, अलग-अलग लोगों ने विज्ञान और प्रौद्योगिकी की विभिन्न शाखाओं में योगदान दिया है। अकसर ऐसे तरीके से, जब बहुत लम्बी दूरी के कारण अलग रही संस्कृतियों में परस्पर संवाद-संपर्क स्थापित हुए। संवाद से जुड़ा यह प्रभाव और स्पष्ट होता जा रहा है, क्योंकि अत्यधिक लम्बी दूरी के बावजूद वैश्विक व्यापार और सांस्कृतिक प्रवासन को शोधकर्ताओं द्वारा मान्यता दी जा रही है। वैसे भी, भारतीय सभ्यता में विज्ञान और प्रौद्योगिकी की एक मजबूत परंपरा रही है। प्राचीन भारत में इसमें ऋषियों और संतों के साथ-साथ विद्वानों और वैज्ञानिकों की भूमि भी थी। अनुसंधान से पता चला है कि दुनिया में सबसे अच्छा स्टील बनाने से लेकर दुनिया को गिनती करना सिखाने तक, आधुनिक प्रयोगशालाओं की स्थापना से सदियों पहले भारत ने विज्ञान और प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में सक्रिय रूप से योगदान दिया था। प्राचीन भारतीयों द्वारा खोजे गए कई सिद्धांतों और तकनीकों से आधुनिक विज्ञान और प्रौद्योगिकी के मूल सिद्धांतों की रचना हुई है और इन्हें मजबूती मिली है। हालांकि, भारतीय उपमहाद्वीप के लोगों द्वारा किये गये विशाल और महत्वपूर्ण योगदान को नजरअंदाज किया गया है।

**आधुनिक विज्ञान न्यूटन के समय से शुरू होता है। पारंपरिक ज्ञान प्रणालियां दो मिलियन से अधिक वर्षों से मौजूद हैं, जब होमो हैबिलिस ने अपने उपकरण बनाना प्रकृति के साथ बातचीत करना शुरू किया।**

**देश-दुनिया**

ब्रिटिश उपनिवेशवादी इस तथ्य को कभी स्वीकार नहीं कर सके कि तीसरी सहस्राब्दी ईसा पूर्व में भी भारतीय अत्यधिक सभ्य थे, जब अंग्रेज अभी भी अपनी सभ्यता के विकास की प्रक्रिया में थे। उपरोक्त तथ्य, विशाल महासागर के बगल में केवल एक बूंद के समान है, जिन पर भारत को गर्व है। इसलिए, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी बुद्धिमत्ता से उन सभी उपलब्धियों को प्रदर्शित करने के लिए दृढ़ संकल्पित हैं, जिन्हें भारत ने लंबे समय से हासिल किया है।

## फोटो की दुनिया




भारतीय जनता पार्टी के क्षेत्रीय संगठन मंत्री (झारखंड-बिहार) को आजादी के अमृत महोत्सव पर प्रकाशित अपनी पुस्तक 'भारतबोध का नया समय' भेंट करते भारतीय जन संचार संस्थान (आई आइ) के महानिदेशक प्रो. संजय द्विवेदी।

## ट्वीट-ट्वीट




## फेसबुक वॉल से




# तारिक फतेह क्यों चुभते थे कठमुल्लों को


आर.के.सिन्हा

**तारिक** फतेह को उनके चाहने वाले एक बेखौफ लेखक के रूप में याद रखेंगे। वे सच का साथ देते रहे। वे भारत के परम मित्र थे। उन्हें इस बात का गर्व रहा कि उनके पूर्वज हिंदू राजपूत थे। वे बार-बार कहते और लिखते थे कि भारत, पाकिस्तान और बांग्लादेश के तमाम मुसलमानों के पुरखे हिंदू ही थे और उन्हें जबरदस्ती मुसलमान बनाया गय। उनकी इस तरह की साफगोई कठमुल्लों को नागवार गुजरती थी। तारिक फतेह हिंदी पट्टी के मुसलमानों के दिल में चुभते हैं। उनकी तारीफ यह थी कि वह डंके की चोट पर अपने पूर्वजों को हिंदू बताते रहे। बहुत कम मुसलमान यह हिम्मत दिखा पाते हैं। वह मुस्लिम सांप्रदायिकता पर लगातार चोट करते रहे। तारिक फतेह पहली बार 2013 में भारत दौरे पर आए थे। तब उन्होंने एक इंटरव्यू में कहा था- 'पाकिस्तान को तो अब भूल जाइये। इसको एक न एक दिन कई टुकड़ों में टूटना ही है। वो दिन भी दूर नहीं जब बलूचिस्तान और सिंध उससे अलग हो जायेगा। पाकिस्तान की सेना एक औद्योगिक माफिया है जिसका अपने देश के अनाज, ट्रकों, मिसाइलों से ले कर बैंकों तक पर नियंत्रण हैं।' यह सुनकर पाकिस्तान के हुक्मरान तिलमिला थे। तारिक फतेह मानते थे कि भारत ही एकमात्र ऐसा देश है जहां मुसलमान बिना डरे स्वतंत्रतापूर्वक काम करते हैं। तारिक फतेह से जितने लोग मुहब्बत करने वाले हैं उससे बहुत ही कम नफरत करने वाले हैं। वे कभी इस्लाम की आलोचना नहीं करते थे, बल्कि इस्लाम के नाम पर झूठे गौरव और पाखंड की बखिया उधेड़ देते थे। अच्छा से अच्छा मौलवी उनके छोटे से चुभते हुए तर्क से तिलमिला कर रह जाता था। एक बार एक मौलवी साहब औरंगजेब की बहुत तारीफ कर रहे थे और उसे सच्चा और अनुकरणीय मुसलमान साबित कर रहे थे । तारिक फतेह ने उससे सिर्फ एक सवाल किया कि अगर औरंगजेब एक सच्चा मुसलमान था तो क्या उसने हज की थी ? मौलवी साहब बगलें झांकते नजर आने लगे और उनकी सारी पिछली तारीफों पर फतेह साहब के एक सवाल ने पानी फेर दिया। किसी मुसलमान पर हज उतना ही बड़ा फर्ज है जितने कि नमाज, रोजा और जकात । इनमें से कोई एक-दूसरे की भरपाई नहीं कर सकता । चारों ही अलग अलग फर्ज हैं। कोई भी मुस्लिम जब बालिग हो जाए और हज करने के लायक स्वास्थ्य और आमदनी हो तो हज तुरन्त फर्ज हो जाती है। अल्लाह ने औरंगजेब को 96 साल की लम्बी उम्र दी। बचपन से बुढ़ापे तक तंदुरुस्त रखा। पहले शाहजादा फिर बादशाह बनाया। हज में दुनियावी मसायल की वजह से कोई माफी नहीं है। अगर सामर्थ्यवान होते हुए भी 96 साल की उम्र तक औरंगजेब हज नहीं करता तो या तो उसका हज के फर्ज होने पर ईमान नहीं है या उसे ईश्वर पर भरोसा नहीं है कि वह हज करने गया तो वापस उसकी गद्दी उसे मिलेगी या नहीं । उसका पंजवक्ता नमाजी होना और टोपियां सिल कर रोजी कमाना सब बेकार गया। हज को महत्व न देना और उसको टालना दोनों ही 'गुनाहे कबीरा' यानी घोर पाप हैं । देश में सीएए-एनआरसी के मुद्दे पर हुए दंगो के बाद तारिक फतेह ने कहा था- 'हर वह व्यक्ति हिंदू है, जो हिंदुस्तान के इतिहास और परंपरा की मिल्कियत रखता है।' मुस्लिम समुदाय में तारिक फतेह जैसा बोल्ड और जीनियस लेखक या विचारक मिलना मुश्किल है। इस्लाम की कट्टरता के विरुद्ध बिगुल फूंकने वाला, पाकिस्तान के आतंकवाद-प्रेम पर मुखर होकर निरंतर प्रहार करने वाला कोई दूसरा मुस्लिम लेखक या विचारक मिलना मुश्किल है। इस्लाम सहित तमाम मुद्दों पर मुखर रूप से बोलने वाले तारिक फतेह टीवी डिबेट में अक्सर खुद को हिंदुस्तानी बताते थे और हमेशा सिंध और हिंद का कनेक्शन जोड़ते थे।

**तारिक फतेह हिंदी पट्टी के मुसलमानों के दिल में चुभते हैं। उनकी तारीफ यह थी कि वह डंके की चोट पर अपने पूर्वजों को हिंदू बताते रहे। बहुत कम मुसलमान यह हिम्मत दिखा पाते हैं।**

**राजनीति**

स्वामी, परिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा. लि. की ओर से इसके पब्लिकेशन डिवीजन, रेड़मा मेदिनीनगर (डालटनगंज), से हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा प्रकाशित एवं पारिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा.लि. C/O शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित. रजिस्ट्रेशन नं. RNI. 61316/94 पोस्टल रजिस्ट्रेशन नं.-13 । प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, स्थानीय संपादक : ओम प्रकाश अमरेन्द्र*, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर, (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नम्बर : 07759972937, 06562-240042/ 222539, फैक्स नम्बर : 06562-241176/231257, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची-83001, फोन नं.- 0651-2283384/ फैक्स : 0651-2283386, दिल्ली कार्यालय : 25-एलएफ, तानसेन मार्ग, नई दिल्ली-1, गढ़वा कार्यालय : मेन रोड, गढ़वा-822114, फोन : 9430164580, लातेहार कार्यालय : रमेश सेनेटरी, मेन रोड, लातेहार -829206, फोन : 9128656020, 7763034341, लोहरदगा कार्यालय : रिलायंस पेट्रोल पंप के बगल में, आशा कॉम्प्लेक्स लोहरदगा- फोन : 7903891779, 8271983099, ई-मेल : rnm_hb@yahoo.co.in, rnm.hvb@gmail.com (*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)

# झूठे नैरेटिव का सच से सामना : भारत में ईंधन की कीमतें

प्रमुख नैरेटिव को अक्सर एक वस्तुपरक सत्य के रूप में प्रस्तुत किया जाता है। यह याद रखना महत्वपूर्ण है कि ऐसे नैरेटिव अक्सर उन लोगों द्वारा तैयार किए जाते हैं, जिनका अपना एक एजेंडा होता है और इसलिए उन्हें एक परिप्रेक्ष्य की आवश्यकता होती है। ईएच कार की प्रसिद्ध उक्ति है, 'इतिहासकार अपने तथ्यों के बिना जड़हीन और निरर्थक है; इतिहासकार के बिना तथ्य मृत और अर्थहीन हैं।'

**इसका एक उदाहरण है :** ईंधन की कीमतों का संदर्भ और इससे जुड़ी समझ। पेट्रोल और डीजल की लगातार कम कीमतें, जो संभव नहीं हैं, केवल कल्पना की दुनिया के लिए हो सकतीं हैं।

भारत में ईंधन की कीमतें बहुत अधिक हैं, यह एक ऐसे नैरेटिव पर आधारित है, जो बहुत ही दोषपूर्ण है। वास्तव में, ये कीमतें, मुख्य रूप से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की ऊर्जा उपलब्धता और इसे किफायती बनाए रखने के प्रयासों के कारण, दुनिया की सबसे कम कीमतों में से एक हैं।

पीएम मोदी ने मई 2022 और नवंबर 2021 में केंद्रीय उत्पाद शुल्क में दो बार कटौती की थी झ जिनसे पेट्रोल में 13 रुपये प्रति लीटर और डीजल में 15 रुपये प्रति लीटर की कमी आयी। इनसे केंद्रीय खजाने पर सालाना 2.2 लाख करोड़ रुपये का अतिरिक्त भार पड़ा। इसके अलावा, भारत सरकार ने घरेलू उपभोक्ताओं के हितों को ध्यान में रखते हुए, निर्यातकों को मुनाफाखोरी से रोकने के लिए घरेलू उत्पादित पेट्रोलियम उत्पादों पर निर्यात उपकर और विंडफॉल (अप्रत्याशित) टैक्स भी लगाया।

तेल विपणन कंपनियों ने (ओएमसी) 'अच्छे कॉर्पोरेट नागरिक' होने का परिचय देते हुए, भारतीय नागरिकों को नियंत्रित दरों पर पेट्रोल और डीजल की आपूर्ति सुनिश्चित की, जिसके कारण इन्हें ऊंची कीमतों के दौर में भारी नुकसान उठाना पड़ा। सार्वजनिक क्षेत्र की ओएमसी द्वारा इन कीमतों को 6 अप्रैल 2022 से अपरिवर्तित रखा गया है।

कई राज्य सरकारें ने भी पेट्रोल और डीजल की कीमतों को कम करने के लिए वैट में कटौती की। यहां कई बातें महत्वपूर्ण हैं, सभी नहीं - लेकिन कुछ राज्य वैट दरों में कटौती नहीं करने और राज्य में कीमतों को कम नहीं करने के अपने दृढ़ संकल्प पर अडिग रहे।

गौरतलब है कि बीजेपी शासित राज्यों और जिन राज्यों ने अपनी वैट दरों में कटौती की है, वहां पेट्रोल और डीजल पर वैट की दर आम तौर पर 14.50 रुपये से 17.50 रुपये प्रति लीटर है, जबकि राज्यों में वैट की सीमा 26 रुपये से 32 रुपये प्रति लीटर है। इससे आम आदमी की जेब पर असर पड़ता है और खर्च में भारी अंतर आता है।

कांग्रेस शासित राजस्थान में उपभोक्ता, पेट्रोल के लिए 108.48 रुपये प्रति लीटर और डीजल के लिए 93.80 रुपये प्रति लीटर दे रहे हैं, जो पड़ोसी बीजेपी शासित उत्तर प्रदेश की तुलना में पेट्रोल पर लगभग 12 रुपये प्रति लीटर और डीजल पर लगभग 4 रुपये प्रति लीटर अधिक है, जहां उपभोक्ता क्रमशः 96.57 रुपये प्रति लीटर और 89.76 रुपये प्रति लीटर का भुगतान करते हैं।

यूपीए सरकार द्वारा 2005-12 के बीच किए गए स्थायी नुकसान के कारण, जिसके तहत ओएमसी को अंडर-रिकवरी के बजाय 1.44 लाख करोड़ रुपये के दीर्घकालिक तेल बांड जारी किए गए थे, भारतीय करदाता अभी भी ब्याज + मूलधन के रूप में 3.2 लाख



हरदीप एस पुरी

करोड़ रुपये का भुगतान कर रहे हैं।

वाईएसआर-कांग्रेस शासित आंध्र प्रदेश में पेट्रोल और डीजल की कीमत क्रमशः 110.48 रुपये प्रति लीटर और 98.27 रुपये प्रति लीटर है, जो कर्नाटक की तुलना में लगभग 10 रुपये अधिक है, जहां यह क्रमशः 101.94 रुपये प्रति लीटर और रु. 87.89 रुपये प्रति लीटर है। आंध्र प्रदेश ने लगातार दूसरे साल भारत में सबसे ज्यादा पेट्रोल की कीमत वाले राज्य का रिकॉर्ड बनाया है।

टीआरएस शासित तेलंगाना में, उपभोक्ता भारत में पेट्रोल की दूसरी उच्चतम दर @109.66 रुपये प्रति लीटर का भुगतान करते हैं। यह यूपी (96.57 रुपये प्रतिलीटर) की तुलना में 13 रुपये प्रति लीटर अधिक है। प्रतिशत में, तेलंगाना में पेट्रोल पर वैट की दर 35.2 प्रतिशत है, जबकि यूपी में यह 26.8 प्रतिशत है! यूपी के 17.48 प्रतिशत की तुलना में तेलंगाना में डीजल पर वैट की दर 27 प्रतिशत है! पश्चिम बंगाल में, उपभोक्ता पेट्रोल के लिए 106.03 रुपये प्रति लीटर और डीजल के लिए 92.76 रुपये प्रति लीटर का भुगतान करते हैं, जबकि असम में उपभोक्ता क्रमशः 97.02 रुपये प्रति लीटर और 88.30 रुपये प्रति लीटर का भुगतान करते हैं। यदि दीदी को अपने लोगों की परवाह है, तो वे पेट्रोल के दाम, 100 रुपये प्रति लीटर से कम क्यों नहीं कर देतीं हैं? पाखंड साफ, स्पष्ट और बिना ठोस आधार के हैं, जिसे सभी देख सकते हैं।

यहां तक कि जब विमान ईंधन की कीमतों की बात आती है, जो आतिथ्य और यात्रा क्षेत्र के लिए महत्वपूर्ण हैं, तो कुछ राज्यों का घोर लालच स्पष्ट और साफ दिखाई पड़ता है। हाल के महाराष्ट्र बजट 2023 में: राज्य सरकार ने जेट ईंधन पर वैट को 18 प्रतिशत तक घटा दिया है, जबकि भारत का सबसे बड़ा विमानन केंद्र - दिल्ली - उन राज्यों में से एक है, जो अभी भी जेट ईंधन पर 25 प्रतिशत तक का ऊंचा टैक्स लगाते हैं।

अंतर्राष्ट्रीय गैस सूचकांकों (जापान कोरिया) में जनवरी 2021 और फरवरी 2023 के बीच प्राकृतिक गैस की कीमतों में 228 प्रतिशत तक की वृद्धि हुई है, भारत में (सीएनजी) मूल्य वृद्धि (दिल्ली प्रतिनिधि बाजार) लगभग 83 प्रतिशत तक सीमित थी। ऐसा 2013-14 के आवंटन से घरेलू गैस आवंटन में लगभग 250 प्रतिशत तक की वृद्धि करने और सीएनजी (परिवहन) और पीएनजी (घरेलू) की आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए घरेलू गैस को अन्य गैर-प्राथमिकता वाले क्षेत्रों से अलग करने जैसे कदमों के कारण संभव हुआ।

हाल ही में प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में कैबिनेट ने घरेलू उत्पादित प्राकृतिक गैस के मूल्य निर्धारण पद्धति को संशोधित करने का एक बड़ा निर्णय लिया है, जो भारत के गैस आधारित अर्थव्यवस्था के लक्ष्य को प्रोत्साहन प्रदान करेगा। यह संतुलित निर्णय, भारतीय प्राकृतिक गैस की कीमत को भारतीय क्रूड बास्केट के मासिक औसत की तुलना में 10 प्रतिशत पर निर्धारित करता है। उद्योग के साथ-साथ उपभोक्ताओं द्वारा संतुलित सुधार के रूप में इस निर्णय की सराहना की जा रही है। उद्योग जगत अधिक गतिशील और मजबूत मूल्य निर्धारण व्यवस्था से लाभान्वित होता है, उपभोक्ता पहले से ही इनका लाभ उठा रहे हैं, क्योंकि घरेलू पीएनजी और सीएनजी की कीमतों में 7-8 रुपये तक की कटौती की गयी है।

हालांकि, इस संकटपूर्ण समय में अपने 1.4 बिलियन नागरिकों को सुलभ और सस्ती ऊर्जा प्रदान करने में भारत की अभूतपूर्व सफलता को पूरी दुनिया स्वीकार करती है, लेकिन कुछ पाखंडी राज्य सरकारें और राजनीतिक नेता अपनी नागरिक-विरोधी रणनीति को छिपाते हुए अर्थहीन बातें बोलते रहते हैं। यह उनके लिए ईंधन पर राज्यों के टैक्स में कटौती करने का समय है।

**लेखक केंद्रीय पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस तथा आवास एवं शहरी कार्य मंत्री हैं।**

# गर्मियों में तरबूज के साथ खुद को रखें हेल्दी व कूल

गर्मियों के लिए तरबूज न केवल एक स्वादिष्ट फल है, बल्कि यह पोषक तत्वों और स्वास्थ्य लाभों से भी भरपूर है। जानें तरबूज को अपने डाइट में शामिल करने के लिए पांच मजेदार और आसान तरीकों के बारे में ताकि आप पूरी गर्मियों में हाइड्रेटेड, स्वस्थ और खुश रह सकें। तरबूज हाइड्रेशन का एक बेहतरीन सोर्स है, क्योंकि यह 92 प्रतिशत पानी से बना होता है। तरबूज के हेल्थ बेनिफिट्स में यह तथ्य भी शामिल है कि यह कैलोरी में कम और फाइबर में उच्च है - एक ऐसा संयोजन जो इसे वजन कम करने की कोशिश कर रहे लोगों के लिए एक उत्कृष्ट भोजन विकल्प बनाता है।



## हाइड्रेशन में मदद करता है

जैसा कि पहले बताया गया है कि तरबूज हाइड्रेशन का एक बेहतरीन स्रोत है। विशेष रूप से गर्म गर्मी के दिनों में तरबूज का सेवन आपके शरीर को हाइड्रेट रखने के लिए मदद कर सकता है।

## पाचन में सहायक

तरबूज फाइबर से भरपूर होता है, जो पाचन और नियमित मल त्याग को बढ़ावा देने में मदद करता है। फाइबर आपको भरा हुआ महसूस कराने में भी मदद करता है, जिससे ओवरईटिंग को रोका जा सकता है।

## विटामिन और मिनरल्स से भरपूर

तरबूज विटामिन ए और सी का एक बड़ा स्रोत है, जो स्वस्थ त्वचा, आंखों की दृष्टि और एक मजबूत प्रतिरक्षा प्रणाली को बनाए रखने के लिए आवश्यक हैं। तरबूज पोटेशियम से भी भरपूर होता है, जो ब्लड प्रेशर को नियंत्रित करने में मदद करता है।

## कैलोरी में कम

तरबूज कैलोरी में कम होता है, जो इसे खाने की कोशिश कर रहे लोगों के लिए एक उत्कृष्ट भोजन विकल्प बनाता है। तरबूज की एक सर्विंग में केवल लगभग 46 कैलोरी होती है। ऐसे में वजन कम करने के इच्छुक लोगों के लिए यह एक बेहतरीन विकल्प है।

## दिल की सेहत में सुधार कर सकता है

तरबूज में पाए जाने वाले लाइकोपीन को हृदय रोग के जोखिम को कम करने से जोड़ा गया है। तरबूज में साइट्रूलाइन, एक एमिनो एसिड भी होता है जो रक्तचाप को कम करने में मदद कर सकता है।

## तरबूज का इन तरीकों से भी कर सकते हैं खाने में इस्तेमाल

अगर आपको तरबूज ऐसे ही खाने में बोरिंग लगता है, तो यहां इस फल का उपयोग करने के कुछ अनोखे तरीके हैं।

## तरबूज की स्मूदी

तरबूज की स्मूदी न केवल स्वादिष्ट है बल्कि तरबूज से मिलने वाले विटामिन और एंटीऑक्सीडेंट से भरपूर है, साथ ही ग्रीक योगर्ट से प्रोबायोटिक्स भी। यह एक ताजा और स्वस्थ नाश्ते के लिए एकदम सही है। तरबूज के टुकड़ों को कुछ बर्फ, नीबू के रस और पुदीने की पत्तियों के साथ मिलाकर एक ताजगी देने वाला और सेहतमंद गर्मियों का पेय तैयार करें।

## तरबूज का सलाद

तरबूज का सलाद मीठे और नमकीन स्वाद का एक आदर्श मिश्रण है, ताजा तरबूज के साथ टेंगी फेटा चीज और सुगंधित पुदीना। यह समर बीबीक्यू के लिए या हल्के और स्वस्थ दोपहर के भोजन के लिए एक बढ़िया साइड डिश है। एक स्वादिष्ट और रंगीन सलाद के लिए कटे हुए तरबूज को ककड़ी, फेटा चीज और पुदीने की पत्तियों के साथ मिलाएं।

## ग्रिल्ड तरबूज

ग्रिल्ड तरबूज आपके गर्मियों के स्नैक्स के लिए या एक मीठे और नमकीन मिठाई के रूप में एक बेहतरीन साइड डिश के रूप में एकदम सही है। बाल्समिक ग्लेज कारमेलाइज्ड तरबूज में एक खट्टा मिठास जोड़ता है। तरबूज को मोटे स्लाइस में काटें और हर तरफ कुछ मिनट के लिए ग्रिल करें। एक अद्वितीय और स्वादिष्ट साइड डिश के लिए नमक के छिड़काव और जैतून के तेल की बूंदा बांदी के साथ सर्व करें।

## तरबूज साल्सा

तरबूज साल्सा टॉर्टिला चिप्स के साथ डिप के रूप में या ग्रिल्ड चिकन या मछली के लिए मैरिनेशन के रूप में उपयोग करने के लिए एकदम सही है। तरबूज की मिठास जलेपीनो की गर्मी और धनिया की ताजगी से संतुलित होती है, जिससे यह किसी भी भोजन के लिए एक स्वादिष्ट और स्वस्थ जोड़ बन जाता है। एक मीठे और मसालेदार साल्सा के लिए कटे हुए तरबूज को कटे हुए टमाटर, लाल प्याज, जैलापेनो काली मिर्च, सीताफल और नींबू के रस के साथ मिलाएं।

## तरबूज का शर्बत

तरबूज का यह शर्बत पारंपरिक आइसक्रीम का एक स्वस्थ और स्वादिष्ट विकल्प है। यह शाकाहारी और लस मुक्त भी है, जो इसे आहार प्रतिबंध वाले लोगों के लिए एक बढ़िया मिठाई विकल्प बनाता है। इसे बनाने के लिए, एक ब्लेंडर में तरबूज के टुकड़े प्यूरी करें और एक ताजा और स्वस्थ मिठाई के लिए फ्रीज करें।

# शुरुआत में ही हृदय रोग की टोह देने वाला नया उपकरण

आर्टेंस नामक यह उपकरण ब्लड प्रेशर की निगरानी के लिए उपयोग होने वाले डिजिटल ब्लड प्रेशर मॉनिटर की तर्ज पर काम करता है। आईआईटी मद्रास में हेल्थकेयर टेक्नोलॉजी इनोवेशन सेंटर में विकसित यह कंप्यूटिंग प्लेटफॉर्म से जुड़ा गैर-इमेजिंग परीक्षण है। भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी) मद्रास के शोधकर्ताओं ने रक्त वाहिकाओं के स्वास्थ्य और उम्र का पता लगाने के लिए एक नया उपकरण विकसित किया है। यह एक पोर्टेबल उपकरण है, जो हृदय रोगों की शुरूआती जांच में मददगार हो सकता है।

आर्टेंस नामक यह उपकरण ब्लड प्रेशर की निगरानी के लिए उपयोग होने वाले डिजिटल ब्लड प्रेशर मॉनिटर की तर्ज पर काम करता है। आईआईटी मद्रास में हेल्थकेयर टेक्नोलॉजी इनोवेशन सेंटर में विकसित यह कंप्यूटिंग प्लेटफॉर्म से जुड़ा गैर-इमेजिंग परीक्षण है।

हृदय रोगों की घटनाओं को देखते हुए शोधकर्ताओं का कहना कि नियमित चिकित्सीय परीक्षणों में स्वास्थ्य स्थिति का आकलन करने के लिए आर्टेंस का उपयोग गैर-विशेषज्ञों द्वारा भी किया जा सकता है। ऊपरी बांह और जांघों पर लगाये जाने वाले प्रेशर कफ और कैरोटिड धमनी का पता लगाने के लिए गर्दन की सतह पर लगाने के लिए परीक्षण इस उपकरण में शामिल है। यह उपकरण कैरोटिड धमनी कठोरता, महाधमनी नाड़ी तरंग वेग और केंद्रीय रक्तचाप को मापता है। आईआईटी मद्रास के इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग विभाग में सहायक प्रोफेसर डॉ जयराज जोसेफ कहते हैं- 'इस उपकरण को विकसित करने का उद्देश्य शुरूआती चरण में ही हृदय संबंधी कमजोरियों का पता लगाना है और लोगों को मरीज बनने से रोकना है।' जोसेफ कहते हैं - 'पांच हजार से अधिक लोगों पर इसका मूल्यांकन किया गया है, और व्यापक परीक्षण के बाद उपकरण प्रौद्योगिकी हस्तांतरण और व्यावसायीकरण के लिए तैयार है।' इस उपकरण को अमेरिका, यूरोपीय संघ और भारत में पांच यूटिलिटी पेटेंट प्राप्त हैं, और इसके पास दस डिजाइन पेटेंट हैं, तथा विभिन्न क्षेत्रों में 28 पेटेंट प्रक्रियाधीन हैं। आर्टेंस का व्यावसायिक उपयोग कार्डियो डायग्नोस्टिक्स में लगी चिकित्सा उपकरण कंपनियों में हो सकता है। गैर-सरकारी संगठनों एवं सामाजिक निकायों द्वारा लगाये जाने स्वास्थ्य जांच शिविरों, फिटनेस क्षेत्र की कंपनियों में भी इस उपकरण का उपयोग हो सकता है, जहां लोगों के फिटनेस संकेतकों को ट्रैक करने और स्वास्थ्य परियोजनाओं को तैयार एवं लागू करने के लिए तकनीक के उपयोग पर जोर दिया जाता है। आईआईटी मद्रास के वक्तव्य के अनुसार, पहले से ही नीदरलैंड और भारत के कई अस्पतालों के शोधकर्ताओं द्वारा आर्टेंस का उपयोग किया जा रहा है।

## सूडोकु नवताल- 6682

★☆☆☆☆ सरल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | 9 | | | | 1 | | | |
| 5 | 4 | | | 6 | 8 | | 1 | 3 |
| | | 1 | | 7 | | 9 | 5 | |
| | 8 | 9 | | 5 | 3 | | 4 | 7 |
| | | | | | | | | |
| 6 | 1 | | 4 | 9 | | 2 | 3 | |
| | 3 | 4 | | 1 | | 8 | | |
| 7 | 5 | | 8 | 3 | | | 2 | 4 |
| | | | 6 | | | | 7 | 9 |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
- पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकु नवताल -6681 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | 6 | 2 | 3 | 4 | 1 | 7 | 5 | 8 |
| 1 | 4 | 8 | 9 | 7 | 5 | 6 | 2 | 3 |
| 5 | 7 | 3 | 2 | 6 | 8 | 1 | 4 | 9 |
| 3 | 2 | 1 | 6 | 9 | 4 | 8 | 7 | 5 |
| 4 | 8 | 7 | 5 | 1 | 2 | 9 | 3 | 6 |
| 6 | 9 | 5 | 8 | 3 | 7 | 4 | 1 | 2 |
| 8 | 3 | 4 | 7 | 2 | 6 | 5 | 9 | 1 |
| 2 | 1 | 6 | 4 | 5 | 9 | 3 | 8 | 7 |
| 7 | 5 | 9 | 1 | 8 | 3 | 2 | 6 | 4 |

## दैनिक पंचांग

27 अप्रैल 2023 को सूर्योदय के समय की ग्रह स्थिति




| ग्रह स्थिति | | लग्नारंभ समय | |
|---|---|---|---|
| सूर्य | मेष में | वृष | 06.35 बजे से |
| चंद्र | कर्क में | मिथुन | 08.33 बजे से |
| मंगल | मिथुन में | कर्क | 10.46 बजे से |
| बुध | मेष में | सिंह | 13.02 बजे से |
| गुरु | मेष में | कन्या | 15.14 बजे से |
| शुक्र | वृष में | तुला | 17.25 बजे से |
| शनि | कुंभ में | वृश्चिक | 19.40 ब.से |
| राहु | मेष में | धनु | 21.56 बजे से |
| केतु | तुला में | मकर | 00.01 बजे से |
| राहुकाल 1.30 से 3.00 बजे तक | | कुंभ | 01.47 बजे से |
| | | मीन | 03.20 बजे से |
| | | मेष | 04.51 बजे से |

**गुरुवार** 2023 वर्ष का 117 वां दिन
**दिशाशूल** दक्षिण **ऋतु** ग्रीष्म।
**वक्रम संवत्** 2080 **शक संवत्** 1945
**मास** वैशाख **पक्ष** शुक्ल
**तिथि** सप्तमी 13.39 बजे को समाप्त।
**नक्षत्र** पुनर्वसु 07.00 बजे को समाप्त।
**योग** धृति 08.47 बजे को समाप्त।
**करण** वणिज 13.39 बजे तदनन्तर विष्टि 02.50 बजे रात्र को समाप्त।
**चन्द्रायु** 06.8 घण्टे
**रवि क्रान्ति** उत्तर 13° 41'
**सूर्य** उत्तरायन
**कलि अहर्गण** 1871596
**जूलियन दिन** 2460061.5
**कलियुग संवत्** 5123
**कल्पारंभ संवत्** 1972949123
**सृष्टि ग्रहारंभ संवत्** 1955885123
**वीरनिर्वाण संवत्** 2549
**हिजरी सन्** 1444
**महीना** सव्वाल
**तारीख** 06
**विशेष** गंगा सप्तमी।

| दिन का चौघड़िया | | रात का चौघड़िया | |
|---|---|---|---|
| शुभ | 05.54 से 07.22 बजे तक | अमृत | 05.40 से 07.11 बजे तक |
| रोग | 07.22 से 08.51 बजे तक | चर | 07.11 से 08.43 बजे तक |
| उद्वेग | 08.51 से 10.19 बजे तक | रोग | 08.43 से 10.15 बजे तक |
| चर | 10.19 से 11.47 बजे तक | काल | 10.15 से 11.47 बजे तक |
| लाभ | 11.47 से 01.15 बजे तक | लाभ | 11.47 से 01.19 बजे तक |
| अमृत | 01.15 से 02.43 बजे तक | उद्वेग | 01.19 से 02.51 बजे तक |
| काल | 02.43 से 04.11 बजे तक | शुभ | 02.51 से 04.23 बजे तक |
| शुभ | 04.11 से 05.40 बजे तक | अमृत | 04.23 से 05.55 बजे तक |

**चौघड़िया शुभाशुभ- शुभत्व श्रेष्ठ** शुभ, अमृत व लाभ, **मध्यम** चर, **अशुभ** उद्वेग, रोग व काल। सभी समय भारतीय मानक समय की मध्य रेखा बिन्दु के आधार पर है अतः आप अपने स्थानीय समयानुसार ही देखें।

## शब्द पहेली - 7745

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | | 3 | ■ | 4 | | 5 | ■ |
| 6 | | ■ | | ■ | | ■ | 7 | 8 |
| | ■ | 9 | | 10 | | ■ | ■ | |
| 11 | | | ■ | | ■ | 12 | | |
| ■ | ■ | 13 | | ■ | 14 | | ■ | ■ |
| 15 | | | ■ | 16 | ■ | 17 | | 18 |
| | ■ | ■ | 19 | | 20 | | ■ | |
| 21 | 22 | ■ | | ■ | | ■ | 23 | |
| ■ | 24 | | | ■ | 25 | | | |

### बाएँ से दाएँ

1. रुद्र, शिव, भैरव-4
4. आयुर्वेद के जनक-3
6. भीगा हुआ-2
7. ताला(अंग्रेजी-2)
9. शेविंग करना -4
11. योग्य, अनुरूप-3
12. अल्सर-3
13. ज्वालामुखी से निकला गर्म द्रव-2
14. नमाज पढ़ने से पहले हाथ- पांव धोना-2
15. नाप जोख करना-3
17. अनुमान लगाना-3
19. उदारता, बड़प्पन-4
21. गाथा, कहानी -2
23. जनकपुत्री-2
24. जिज्ञासा, उत्साह-3
25. राजा, सम्राट- 4

### ऊपर से नीचे

1. इच्छुक, अलमस्त-4
2. मात, पराजय-2
3. बोलने का तरीका-3
4. अचंभित-3
5. आर्ट, हुनर-2
8. गुनाह, अपराध-3
9. अटक-अटक कर बोलना-4
10. सरुर, खुमार, नशा, घमंड-2
12. नजाकत-4
15. अभिनेता, कप्तान-3
16. आनंद बोधक शब्द-2
18. सम्राट, राजा-4
19. व्यंग, परिहास-3
20. मुलायम-3
22. परात, बड़ी थाली-2
23. हलवा, एक मिष्ठान्न-2

### शब्द पहेली -7744 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ■ | स | ला | म | त | ■ | ल | ल | क |
| दा | दा | ■ | न | म | न | ■ | ■ | ल |
| म | चा | न | ■ | स | र | फ | रो | श |
| ■ | र | का | बी | ■ | क | ■ | ■ | या |
| आ | ■ | रा | ज | ■ | म | न | ■ | त्रा |
| ल | ■ | ■ | डा | ■ | य | म | ज | ■ |
| म | नो | मि | ल | न | ■ | न | ल | का |
| गी | ■ | ■ | ना | र | द | ■ | च | र |
| र | बा | ना | ■ | क | र | ता | र | ■ |

## आज का राशिफल

**मेष राशि** : आज का दिन अच्छा रहेगा। कारोबार में आकस्मिक लाभ और नौकरी में तरक्की के योग रहेंगे। हालांकि, कुछ अड़चनें आ सकती हैं, लेकिन कठिन परिश्रम से कार्यों में सफलता मिलेगी।

**वृष राशि** : आज का दिन मिला-जुला रहेगा। व्यापार-धंधा अच्छा चलेगा। कार्यक्षेत्र में कुछ नई योजनाओं को सार्थक करेंगे। व्यक्तिगत संबंध परिवार में विवाद का कारण बन सकते हैं।

**मिथुन राशि** : आज का दिन सामान्य रहेगा। शिक्षा और रोजगार के क्षेत्र में कोई अच्छी खबर मिल सकती है। बेरोजगारों को रोजगार के अवसर मिलने के आसार हैं।

**कर्क राशि** : आज का दिन अच्छा रहेगा। कार्यक्षेत्र में कुछ परेशानियां आ सकती हैं, लेकिन अपनी बुद्धिमत्ता से समस्याओं का समाधान करने में सक्षम होंगे और उत्साह पूर्वक नई योजनाओं को क्रियान्वित कर सकेंगे।

**सिंह राशि** : आज का दिन मिला-जुला रहेगा। कठिन परिश्रम से कार्यों में सफलता मिलेगी, जिससे मन में उत्साह रहेगा, लेकिन कार्यक्षेत्र में थोड़ा सरल व समझौतावादी बने रहने का प्रयास करें।

**कन्या राशि** : आज का दिन सामान्य रहेगा। कार्यक्षेत्र में कठिन परिश्रम के बावजूद सफलता कम मिलेगी। क्रोध पर नियंत्रण एवं वाणी पर संयम रखें।

**तुला राशि** : आज का दिन अच्छा रहेगा। कार्यक्षेत्र में आर्थिक लाभ के योग रहेंगे। किसी महत्वपूर्ण कार्य की सार्थकता के लिए प्रयत्नशील होगा।

**वृश्चिक राशि** : आज का दिन मिला-जुला रहेगा। कारोबार में अड़चनें आएंगी और कार्यों में सफलता कम मिलेगी। संतान संबंधी दायित्वों के प्रति मन चिंतित होगा।

**धनु राशि** : आज का दिन सामान्य रहेगा। किसी कार्य को सिद्ध करने के लिए आज ज्यादा मेहनत करनी पड़ेगी। कारोबार में आर्थिक लाभ तो रहेगा, लेकिन अनावश्यक खर्च अधिक होने से आर्थिक स्थिति सामान्य रहेगी।

**मकर राशि** : आज का दिन मिला-जुला रहेगा। कारोबार सामान्य रहेगा। अनावश्यक खर्च बढने.से आर्थिक स्थिति कमजोर हो सकती है। नकारात्मक विचारों को त्याग अपनी क्षमताओं का पूरा उपयोग करें।

**कुंभ राशि** : आज का दिन शुभ फलदायी रहेगा। कार्यक्षेत्र में आर्थिक लाभ मिलने के योग रहेंगे। परिश्रम से सभी कार्यों में सफलता मिलेगी और सृजनात्मक विचारों का भरपूर लाभ उठाएंगे।

**मीन राशि** : आज का दिन शुभ रहेगा। कारोबार विस्तार की योजना बना सकते हैं। कार्यक्षेत्र में कठिन परिश्रम से अपने काम को नई पहचान दिलाएंगे। व्यवसाय में नये निवेश का अवसर मिलेगा।

KASHYAP'S DENTAL CLINIC
Dr. Vaibhav Kashyap
Oral & Dental Surgeon, C.c. Endodontist & Implantologist Certified Orthodontist, MIDA
" Smiles & More"
छात्र-छात्राओं के लिए 50% की छूट
Facilities
❖ आरसीटी
❖ पायरिया का ईलाज
❖ टेढ़े-मेढ़े दाँतों का ईलाज
❖ स्माईल डिजाइन
❖ इनविजिवल क्लिप
❖ दंत रोपण
❖ फिक्स दाँत लगाना
❖ अत्याधुनिक मशीन और तकनीक के द्वारा ईलाज





CHAMBER
SKYLINE - 4006, 4th Floor, Kadru, Opp. Dr. Lal's Hospital, Ranchi
Contact No. : 9199533383, 7903835453
Time : 9 am to 2 pm & 4 pm to 8 pm
Sunday : 9 am to 2 pm
E-mail : vaibhav.kashyap2011@gmail.com

## NEWS इन ब्रीफ

### दिल्ली : शैली-इकबाल फिर निर्विरोध निर्वाचित



**नई दिल्ली।** दिल्ली की मेयर शैली ओबेरॉय और उनके डिप्टी आले मोहम्मद इकबाल बुधवार को एक बार फिर निर्वाचित हो गए। चुनाव से पहले भाजपा पार्षद शिखा राय और सोनी पांडे ने अपना नामांकन वापस ले लिया। चुनाव की अध्यक्षता कर रहे आप पार्षद मुकेश गोयल ने नतीजों की घोषणा की। बैठक के दौरान ग्रेटर कैलाश से भाजपा पार्षद शिखा रॉय ने अपनी उम्मीदवारी वापस लेने की घोषणा की। उन्होंने मांग की कि स्थायी समिति का गठन दिल्ली नगर निगम अधिनियम के अनुसार किया जाए।

### उत्तराखंड के कैबिनेट मंत्री चंदन राम दास का निधन

**बागेश्वर।** कैबिनेट मंत्री चंदन दास की अचानक तबीयत बिगड़ने पर उन्हें बागेश्वर जिला अस्पलात में आईसीयू में भर्ती कराया गया। जहां उनका निधन हो गया है। कैबिनेट मंत्री चंदन राम दास के निधन के बाद प्रदेश में शोक की लहर है। चंदन राम दास आज जिला योजना की बैठक के लिए बागेश्वर पहुंचे थे। कैबिनेट मंत्री चंदन दास की तबीयत अचानक बिगड़ गई। डॉक्टर के द्वारा घर में जाकर उनका चेकअप भी किया गया था, पर उस वक्त उनका स्वास्थ्य नॉर्मल बताया जा रहा था। लेकिन 1 बजे के करीब उनके स्वास्थ्य अचानक बदलाव आया और वह गंभीर रूप से बीमार हो गए। जिसके बाद उन्हें जिला अस्पताल के आईसीयू में भर्ती किया गया है।

# शेट्टार के खिलाफ भाजपा ने बनायी रणनीति

**एजेंसी। बेंगलुरू**

कर्नाटक में लिंगायत समाज के मतदाताओं को रिझाने की राजनीतिक लड़ाई के बीच बीजेपी ने पूर्व मुख्यमंत्री जगदीश शेट्टार को विधानसभा चुनाव हराने की पूरी तैयारी कर ली है। वहीं जगदीश शेट्टार के कांग्रेस का दामन थामने से पार्टी को मजबूती मिली है। ऐसे में बीजेपी ने उनको चुनौती देने के लिए एक दिलचस्प रास्ता निकाला है। पार्टी ने जगदीश शेट्टार को बीजेपी में बढ़ावा दिलवाने वाले लिंगायतों के सबसे बड़े नेता बीएस येदियुरप्पा को ये जिम्मेदारी सौंपी हैं। उन्होंने ही शेट्टार को विधानसभा चुनाव में हराने का संकल्प ले लिया है। बीजेपी से विधानसभा चुनाव का टिकट नहीं मिलने के कारण राज्य के बड़े लिंगायत नेता और पूर्व मुख्यमंत्री जगदीश शेट्टार कांग्रेस में शामिल होकर चुनाव लड़ रहे हैं। शेट्टार हुबली धारवाड़ सेंट्रल विधान सभा क्षेत्र से सातवीं बार चुनाव लड़ रहे हैं। कांग्रेस उन्हें सामने रखकर प्रदेश के लिंगायत मतदाताओं को लुभाने का प्रयास कर रही है, तो वहीं बीजेपी शेट्टार को उनके ही मजबूत गढ़ में हराने की रणनीति पर काम कर रही है। बीएस येदियुरप्पा ने मंगलवार रात को हुबली में लिंगायतों का सम्मेलन बुलाकर लोगों को यह बताया कि पार्टी ने किस तरह से जगदीश शेट्टार को विधायक, मंत्री, विधानसभा स्पीकर, विधान सभा में विपक्ष का नेता और मुख्यमंत्री तक बनाया। लेकिन उन्होंने पार्टी को धोखा दिया है, विश्वास तोड़ा है और इसलिए जगदीश शेट्टार को किसी भी कीमत पर जीतना नहीं चाहिए। येदियुरप्पा ने बैठक में यहां तक कहा कि वो स्वयं हुबली में रैली और रोड शो करेंगे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी हुबली में आएंगे। पार्टी शेट्टार को हराने के लिए पूरी तरह से एकजुट होकर मेहनत करेगी।

## भाजपा से जारी हमलों के बीच शेट्टार ने कहा, मैं एक साधाराण व्यक्ति हूं



**कर्नाटक** के पूर्व मुख्यमंत्री जगदीश शेट्टर ने बुधवार को कहा कि वह समझ नहीं पा रहे हैं कि उनके जैसे एक सामान्य नेता को क्यों निशाना बनाया जा रहा है। वो केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और कर्नाटक के पूर्व मुख्यमंत्री बी.एस. येदियुरप्पा के हमले का जवाब दे रहे थे। हुबली-धारवाड़ सेंट्रल निर्वाचन क्षेत्र से कांग्रेस उम्मीदवार के रूप में चुनाव लड़ रहे शेट्टर ने संवाददाताओं से कहा, मैं 'बदपाई' (बेचारा) शेट्टर हूं। लेकिन भाजपा मेरी हार सुनिश्चित करने के लिए मेरे खिलाफ अभियान चला रही है। जनता की अदालत में 10 मई को फैसला होगा। उन्होंने कहा, एक लिंगायत नेता को दूसरे लिंगायत नेता के खिलाफ खड़ा किया जा रहा है। दूसरे के कंधे पर रखकर बंदूक चलाई जा रही है। केंद्रीय मंत्री प्रह्लाद जोशी टिकटों के आवंटन में शामिल थे। उन्होंने नए और आपराधिक पृष्ठभूमि वाले उम्मीदवारों को टिकट दिया है। उन्होंने कहा, हुबली-धारवाड़ निर्वाचन क्षेत्र हुबली तक ही सीमित नहीं है। यह राज्य की राजनीति की केंद्रीय सीट बन गई है। इस पर राष्ट्रीय स्तर पर चर्चा हो रही है। शेट्टार ने कहा, बीजेपी ने मेरी हार सुनिश्चित करने का लक्ष्य क्यों रखा, मैं नहीं जानता, मैं एक साधारण व्यक्ति हूं। उन्होंने कहा, बीजेपी छोड़ने वाला मैं अकेला शख्स नहीं हूं। मेरी तरह अयानुरु मंजूनाथ, लक्ष्मण सावदी, एन.आर. संतोष और कई लोग बीजेपी छोड़कर कांग्रेस में शामिल हो गए हैं। सभी मुझसे इस तरह सवाल कर रहे हैं जैसे मैंने कोई गंभीर अपराध किया है।



## प्रियंका गांधी ने कर्नाटक के रेस्टोरेंट में बनाया डोसा, वीडियो वायरल

**एजेंसी। मैसूर(कर्नाटक)**

कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने बुधवार को मैसूर के मशहूर रेस्तरां में डोसा बनाने में हाथ आजमाया। उन्होंने होटल में स्वादिष्ट डोसा भी खाया और बच्चों के साथ बातचीत की और उनके साथ तस्वीरें भी खिंचवाईं। कांग्रेस ने ट्वीट किया, आज सुबह, प्रियंका गांधी वाड्रा को मैसूर के सबसे प्रसिद्ध प्रतीकों में से एक का दौरा करने का अवसर मिलाः 'मयलारी रेस्तरां', जो अपने यूनिक डोसा के लिए प्रसिद्ध है। कांग्रेस ने कहा, प्रियंका गांधी वाड्रा ने खुद डोसा बनाने में भी हाथ आजमाया। उन्हें रेस्तरां का डोसा काफी पसंद आया।

# रिक्शा चालक को कार के नीचे 300 मीटर तक घसीटा

**एजेंसी। नई दिल्ली**



मंगलवार की देर शाम एक चौंकाने वाली घटना में नई दिल्ली इलाके में फिरोजशाह रोड पर लापरवाही से चलाई गई एक कार के नीचे कथित रूप से करीब 300 मीटर तक घसीटे जाने के बाद एक साइकिल रिक्शा चालक बुरी तरह घायल हो गया। नई दिल्ली के पुलिस उपायुक्त प्रणव तायल ने कहा कि घायल को इलाज के लिए आरएमएल अस्पताल ले जाया गया है। गाजियाबाद के पास मुराद नगर निवासी 25 वर्षीय फरमान के रूप में पहचाने गए आपत्तिजनक वाहन के चालक को मौके से पकड़ लिया गया। अधिकारी ने कहा कि कार ने फिरोज शाह रोड पर साइकिल रिक्शे को टक्कर मार दी और बाद में रिक्शा चालक को खींचते हुए दूर तक ले गई, पर रुकी नहीं।

# बादल का अंतिम संस्कार आज, पंजाब में अवकाश घोषित

**एजेंसी। चंडीगढ़**



पंजाब सरकार ने शिरोमणि अकाली दल के संरक्षक और पांच बार पंजाब के मुख्यमंत्री रह चुके प्रकाश सिंह बादल के सम्मान में गुरुवार को सार्वजनिक अवकाश की घोषणा की है। बादल का मंगलवार को निधन हो गया था। बादल ने 95 साल की उम्र में मोहाली के एक निजी अस्पताल में अंतिम सांस ली। वह पिछले कुछ समय से कई तरह की स्वास्थ्य समस्याओं से जूझ रहे थे। अधिकारियों ने बताया कि चूंकि बादल का अंतिम संस्कार गुरुवार को किया जाना है, इसलिए राज्य सरकार ने इस दिन सार्वजनिक अवकाश की घोषणा की है। अंतिम संस्कार मुक्तसर जिले में उनके पैतृक गांव बादल में होगा। दाह संस्कार में पार्टी कार्यकर्ता, राजनीतिक नेता समेत कई लोग शामिल होंगे। बादल का पार्थिव शरीर बुधवार को सुबह 10 बजे से चंडीगढ़ स्थित पार्टी कार्यालय में अंतिम दर्शन के लिए रखा जाएगा। बाद में इसे सड़क मार्ग से उनके पैतृक गांव पहुंचाया जाएगा। भाजपा के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार ने बादल के निधन के बाद बुधवार और गुरुवार को राष्ट्रीय शोक घोषित किया है। सीएम भगवंत सिंह मान ने शोक व्यक्त करते हुए कहा कि राज्य ने एक महान नेता खो दिया है। प्रधानमंत्री ने बादल के साथ अपने दशकों पुराने जुड़ाव को याद किया और कहा कि उनका निधन उनके लिए व्यक्तिगत क्षति है।

### मुख्यमंत्री ने बादल के निधन पर शोक जताया



**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने पंजाब के पूर्व मुख्यमंत्री और शिरोमणि अकाली दल (बादल) के संरक्षक प्रकाश सिंह बादल के निधन पर शोक जताया है। उन्होंने शोक संदेश में कहा कि देश और पंजाब ने अपना एक संघर्षशील नेता खो दिया। परमात्मा दिवंगत आत्मा को शांति प्रदान कर शोकाकुल सुखबीर सिंह बादल और उनके परिवारजनों को दुख की यह विकट घड़ी को सहन करने की शक्ति प्रदान करे।

# अतीक के वित्तीय साम्राज्य का प्रबंधन कर रही शाइस्ता



**एजेंसी। प्रयागराज**

प्रयागराज में उमेश पाल हत्याकांड की जांच कर रहे पुलिस अधिकारी अब मारे गए अतीक अहमद की पत्नी और मामले में एक आरोपी शाइस्ता परवीन तक पहुंचने के लिए 'आर्थिक मार्ग' का उपयोग कर रहे हैं। पुलिस सूत्रों के मुताबिक शाइस्ता को अपने पति की पिछले चार दशकों में अर्जित अकूत संपत्ति और संपत्ति की जानकारी है। पुलिस अधिकारी ने कहा, हमारे पास जानकारी है कि शाइस्ता इस दौलत को अपने पास रखने और अपने बेटों के लिए इसे बचाने की पूरी कोशिश कर रही है। अब हम उन स्रोतों की जांच कर रहे हैं जिनसे परिवार को इन संपत्तियों को हासिल करने में मदद मिली, जिनमें से कई 'बेनामी' हो सकती हैं। पुलिस ने सल्लाहपुर और हटवा गांव में छापेमारी की। अतीक अहमद के भाई अशरफ की ससुराल भी सल्लाहपुर गांव में है। सूत्रों ने कहा कि अतीक ने महाराष्ट्र, गुजरात, राजस्थान और हैदराबाद में संपत्ति अर्जित की थी और शाइस्ता इनमें से किसी एक स्थान पर छिपी हो सकती है।

# कुर्मी समुदाय के विरोध से बंगाल में परिवहन सेवाएं प्रभावित

**एजेंसी। कोलकाता**



कुर्मी समुदाय के लोगों के ताजा विरोध के चलते बुधवार सुबह से पश्चिम बंगाल के बांकुरा, पुरुलिया और पश्चिम मिदनापुर के तीन आदिवासी बहुल जिलों में परिवहन सेवाएं बाधित हो गई। समुदाय ने अनुसूचित जनजाति का दर्जा देने की मांग को लेकर इन तीन जिलों में 12 घंटे के बंद का आह्वान किया है। उन्होंने आरोप लगाया है कि राज्य सरकार उन्हें अनुसूचित जनजाति का दर्जा नहीं दे रही है। हालांकि सूत्रों ने बताया कि इस बार असर रेलवे सेवाओं के बजाय बस सेवा पर ज्यादा पड़ा है। इस महीने की शुरूआत में हुए विरोध में रेल और सड़क सेवाएं दोनों बुरी तरह प्रभावित हुई थी। बुधवार की सुबह तीन जिलों में अधिकांश दुकानें, कार्यालय और व्यापारिक प्रतिष्ठान बंद रहे। बस डिपो से सुबह कुछ बसें निकलीं, लेकिन उनको आगे रोक दिया गया। जिला अदालतों में भी कामकाज प्रभावित हुआ है। कुर्मी समुदाय के लोगों ने विभिन्न स्थानों पर पारंपरिक आदिवासी हथियारों और वाद्य यंत्रों के साथ आंदोलन किया। आंदोलन करने वालों ने कहा कि अगर आने वाले दिनों में उनकी मांगें पूरी नहीं होती तो वे और बड़ा आंदोलन करेंगे। आंदोलनकारियों की मुख्य शिकायत यह है कि स्वदेशी जनजातियों के लिए काम करने वाली राज्य सरकार की एक संस्था पश्चिम बंगाल कल्चरल रिसर्च इंस्टीट्यूट ने अभी तक कुर्मियों को आदिम जनजाति के रूप में मान्यता नहीं दी है।




## 'अनलॉक जिंदगी' में मां की भूमिका निभाएंगी इंदिरा कृष्णन




**टीवी** और फिल्म अभिनेत्री इंदिरा कृष्णन ने फिल्म 'अनलॉक जिंदगी' का हिस्सा बनने और पर्दे पर मां की भूमिका निभाने के बारे में बात की। इंदिरा ने साझा किया कि 'अनलॉक जिंदगी' जीवन का जश्न मनाने और कठिन परिस्थितियों में भी हिम्मत बढ़ाने और सीमाओं को आगे बढ़ाने के बारे में है।

इंदिरा ने कहाः मैं वास्तव में 'अनलॉक जिंदगी' का हिस्सा बनकर सम्मानित महसूस कर रही हूं, एक ऐसी फिल्म जो मानव अनुभव की जटिलताओं और विपरीत परिस्थितियों से उबरने के लिए मानव आत्मा की शक्ति की पड़ताल करती है। अपने पात्रों के माध्यम से, हम आशा, प्रेम और जीवन में अर्थ की खोज के विषयों में तल्लीन हैं।

### सोशल मीडिया ट्रोलिंग ने मेरे मेंटल हेल्थ पर असर डाला : चाहत खन्ना



**टीवी एक्ट्रेस** चाहत खन्ना ने कहा कि सोशल मीडिया पर ट्रोलिंग, नेगेटिव और अपमानजनक कमेंट्स उन्हें अक्सर मानसिक रूप से प्रभावित करते थे, लेकिन अब वह इन सबको को हैंडल करना सीख रही हैं। एक्ट्रेस ने कहाः पहले, मैं कमेंट्स को अधिक गंभीरता से लेती थी, अब मैंने उन्हें इग्नोर करना और अपने लाइफ में पॉजिटिव चीजों पर फोकस करना सीख लिया है। ऑनलाइन ट्रोलिंग और साइबरबुलिंग के मुद्दे का समाधान करना जरूरी है, क्योंकि यह लोगों के मेंटल हेल्थ पर प्रभाव डाल सकता है।

## मसाबा गुप्ता के लिए मॉडल बनीं रानी मुखर्जी, पैंटसूट में दिए पोज, फैन्स ने कहा 'रियल क्वीन'



**रानी मुखर्जी** बॉलीवुड में कई सालों से राज कर रहीं हैं। 20वीं सदी की ये हिरोइन आज की एक्ट्रेसेस को एक्टिंग और खूबसूरती में टक्कर देतीं हैं। लोगों के दिलों पर राज करने वाली रानी मुखर्जी फैशन डिजाइनर मसाबा गुप्ता के लिए एक मॉडल बन गईं। दरअसल मसाबा ने बुधवार को इंस्टाग्राम पर रानी की कई फोटोज शेयर कीं। फोटोज में रानी ने अलग-अलग एक्सप्रेशन और पोज दिए। फोटोशूट के लिए, रानी ने मसाबा गुप्ता द्वारा डिजाइन की गई शर्ट और पैंट के साथ एक प्रिंटेड बेज ब्लेजर पहना था। एक्ट्रेस ने मैरून रंग का चश्मा भी पहना था, कलाई पर कई कंगन और ब्राउन हील्स का विकल्प चुना था।

फोटोज को शेयर करते हुए, मसाबा ने पोस्ट को कैप्शन दिया, द न्यू कलेक्शन में रानी मुखर्जी। नया रॉक एन रोल प्रिंट एक कैजुअल स्प्रेड कॉलर शर्ट के ऊपर पेयर किया गया है और इसे स्ट्रेट फिट, वाइड लेग ट्राउजर के साथ जोड़ा गया है।

**बगावत** | सुप्रीम कोर्ट के फैसले से बदलेगी सियासत

# जा सकती एकनाथ शिंदे की कुर्सी

**एजेंसी। मुंबई**



महाराष्ट्र की राजनीति में इस समय घमासान मचा हुआ है। एकनाथ शिंदे की बगावत के बाद से महाराष्ट्र में लगातार नए-नए सियासी घटनाक्रम पैदा हो रहे हैं। वहीं अब उद्धव गुट से बागी हुए सीएम एकनाथ शिंदे की कुर्सी पर खतरा मंडरा रहा है। सुप्रीम कोर्ट उनके खिलाफ दायर याचिका पर जल्द ही अपना फैसला सुना सकता है। दूसरी तरफ एकनाथ की कुर्सी जाने के बीच ही प्रदेश में अलग-अलग नेताओं के नाम भी सामने आने लगे हैं, जो सीएम की कुर्सी के लिए दावेदार हो सकते हैं। अगर सीएम शिंदे की कुर्सी जाती है तो अजीत पवार, देवेंद्र फडणवीस, सुप्रिया सुले, जयंत पाटिल और राधाकृष्ण विखे पाटिल में से कोई एक इस कुर्सी पर बैठ सकता है। महाराष्ट्र के सत्ता संघर्ष पर सुप्रीम कोर्ट की संविधान पीठ अपना फैसला किसी भी समय सुना सकती है।

महाराष्ट्र में सीएम की कुर्सी का फैसला अब सुप्रीम कोर्ट के हाथ में है। अगर कोर्ट का फैसला सीएम शिंदे के पक्ष में नहीं आया तो उनकी कुर्सी जाना तय माना जा रहा है। हालांकि कोर्ट के फैसले से पहले ही राज्य में कई नेताओं और उनके समर्थकों की नजर सीएम की कुर्सी पर टिक गई है। प्रदेश में पांच नेताओं के नामों पर जोरों से चर्चा भी हो रही है और इनमें से कुछ के तो पोस्टर भी लगाए गए हैं। अभी प्रदेश में देवेंद्र फडणवीस का भावी सीएम को लेकर पोस्टर लग चुका है। वहीं एनसीपी नेता अजीत पवार को भावी सीएम बताकर पोस्टर लगाया गया है। इन पोस्टरों के पार्टी के नेतृत्व की ओर से कहा गया है कि यह कार्यकताओं की भावना और उत्साह है और कुछ नहीं।

गौरतलब है कि एकनाथ शिंदे ने 40 विधायकों को साथ लेकर उद्धव ठाकरे वाली शिवसेना के साथ बगावत कर दी थी और बीजेपी के साथ सरकार बनायी थी। जिसके खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर की गई थी। फिलहाल कोर्ट ने दोनों पक्षों का मत सुनकर फैसला सुरक्षित रख लिया गया है। खबरों के मुताबिक, इस हफ्ते कोर्ट अपना फैसला सुना सकता है। एकनाथ शिंदे समेत 16 विधायकों को विधानसभा के उपाध्यक्ष ने दिए निलंबन के नोटिस को एकनाथ शिंदे ने सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी थी। ऐसे में शिंदे की कुर्सी जाने की चर्चा भलें ही राजनीतिक गलियारों में हो रही हो लेकिन कोर्ट के फैसले के बाद भी शिंदे को विधान परिषद का सदस्य बनाकर सीएम बनाया जा सकता है।

# 24 घंटे में कोरोना का आंकड़ा 350 के पार

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

पिछले 24 घंटे में राज्य भर में 115 नए कोरोना संक्रमित मिले हैं। इस आंकड़े के साथ ही इस साल झारखंड में एक दिन में सबसे अधिक कोरोना केस मिलने का रिकॉर्ड बन गया है। इससे पहले 23 अप्रैल को झारखंड में एक दिन में कोरोना के सबसे अधिक 63 नए केस मिले थे। पिछले 24 घंटे में राज्यभर में हुए 7640 संदिग्धों के सैंपल टेस्ट में 115 नए कोरोना संक्रमित की पहचान हुई है। पूर्वी सिंहभूम में सबसे ज्यादा 76 नए केस मिले हैं, जिसमें ज्यादा संख्या कस्तूरबा विद्यालय की छात्राओं की है। वहीं रांची में 09 कोरोना संक्रमित मिले हैं। इस आंकड़े के साथ ही राज्य में कोरोना के एक्टिव केस की संख्या बढ़कर 366 हो गयी है। अन्य जिले जहां पिछले 24 घंटे में संक्रमित मिले हैं, उनमें बोकारो में 02, देवघर में 06, धनबाद में 05, गढ़वा में 01, गिरिडीह में 03, गुमला में 02, हजारीबाग में 03, लातेहार में 06 और सरायकेला में 02 कोरोना संक्रमित मिले हैं।झारखंड में कोरोना के अब 366 एक्टिव केसः राज्य में पिछले 24 घंटे में कोरोना के 115 नए मामले कंफर्म होने और इस दौरान 44 कोरोना संक्रमितों के ठीक होने के बाद अभी कोरोना संक्रमितों की संख्या 366 है। राज्य में अभी कोरोना के सबसे अधिक 129 एक्टिव केस पूर्वी सिंहभूम(जमशेदपुर) में है। रांची में कोरोना के 66 एक्टिव केस हैं। बोकारो में 02, चतरा में 01, देवघर में 32, धनबाद में 13, गढ़वा में 02, गिरिडीह में 08, गोड्डा में 07, हजारीबाग में 10, खूंटी में 03, कोडरमा में 01, लातेहार में 18, लोहरदगा में 33, पाकुड़ में 02, पलामू में 08, रामगढ़ में 05, सरायकेला खरसावां में 02 और पश्चिम सिंहभूम में 11 कोरोना के एक्टिव मरीज हैं। राज्य के 24 में से 20 जिलों में अभी कोरोना संक्रमित मरीज हैं। सिमडेगा, साहिबगंज, जामताड़ा और दुमका ऐसे चार जिले हैं, जहां वर्तमान में कोरोना का कोई एक्टिव मरीज नहीं है।कोरोना इंडिकेटर्स में झारखंडः राज्य में लगातार बड़ी संख्या में नए कोरोना संक्रमित की पहचान होने की वजह से 7डेज डबलिंग रेट 5,17,109 दिन से घटकर 5,15,743 दिनों का रह गया है। एक साथ 115 संक्रमितों के मिलने की वजह से सूबे में कोरोना का रिकवरी रेट 98।73% से घटकर 98।71% हो गया है। मोर्टेलिटी रेट 1।20% है। सरकारी रिकॉर्ड के अनुसार, राज्य में अब तक 04 लाख 43 हजार 316 कोरोना पॉजिटिव मिले हैं। इसमें से 04 लाख 37 हजार 617 लोग संक्रमण मुक्त हो गए हैं। अब तक 5,333 लोगों की मौत झारखंड में कोरोना की वजह से हुई है।



## छात्रा के साथ गैंगरेप थाना में प्राथमिकी दर्ज

**रांची।** बसिया में इंटर की छात्रा से दुष्कर्म का मामला सामने आया है। पुलिस ने इस मामले में पुनीत व दीपक खड़िया नाम के दो युवकों को गिरफ्तार किया है। घटना विगत शुक्रवार की है पर पीड़िता ने मंगलवार को थाने में केस दर्ज कराया है। पुनीत पीड़िता के बहनोई का बड़ा भाई है, जबकि दीपक सिमडेगा के बीरू का है। दीपक की शादी 22 मई को तय है। पुलिस ने बताया कि पीड़िता पुलिस में बहाली के लिए दौड़ने का अभ्यास करती है। घटना के दिन भी वह दौड़ के बाद नदी में नहाने गई थी। इसी दौरान आरोपी वहां पहुंच गए और उसके साथ दुष्कर्म किया। घटना का खुलासा खुद आरोपियों ने शनिवार शाम नशे की हालत में पीड़िता की बड़ी बहन व जीजा के समक्ष किया। मंगलवार को मामले को लेकर गांव में पंचायती हो रही थी। इसमें आरोपियों को आर्थिक दंड देकर मामला पुलिस तक नहीं जाने देने का निर्णय हुआ। इस बीच पीड़िता थाने पहुंच गई और प्राथमिकी दर्ज करा दी।

# हत्या का आरोपित गिरफ्तार




**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

रांची के लापुंग में सुसंती कुमारी हत्या के मामले में पुलिस ने आरोपित को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपित का नाम भरत बिझिया है और वह गुमला के बसिया का रहने वाला है। उसकी निशानदेही पर हत्या करने में प्रयोग किया गया खून लगा पत्थर, लाल दुपट्टा बरामद किया गया है। साथ दो मोबाइल फोन भी मिले हैं। ग्रामीण एसपी नौशाद आलम ने बुधवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस में बताया कि गत 24 अप्रैल को युवती के पिता बुधवा उरांव ने थाना में आवेदन देते हुए बताया था कि आरोपित भरत ने उनकी पुत्री की दुपट्टा से गला दबाकर और फिर पत्थर से कूच कर हत्या कर दी है। शव छुपाने की नियत से कोयनारा स्थित मसना के पास शव फेंक दिया गया है। एसपी ने बताया कि मामले की गंभीरता को देखते हुए डीएसपी के नेतृत्व में एक विशेष टीम का गठन किया गया। टीम ने कई लोगों को मामले में हिरासत में लेकर पूछताछ की। टीम ने पूछताछ और दर्ज प्राथमिकी के आधार पर त्वरित कार्रवाई करते हुए गुप्त सूचना के आधार पर घटना में शामिल आरोपित भरत बिझिया को गुमला जिले से उसके घर से गिरफ्तार कर लिया। उसके निशानदेही पर घटना में प्रयोग किया गया सामान बरामद कर लिया गया है। एसपी ने बताया कि पूछताछ के क्रम में यह बात प्रकाश में आयी है कि त्रिपुरा में काम करने के दौरान आरोपित और युवती का जान-पहचान हुई थी। उसी समय से इन दोनों के बीच बातचीत एवं मिलना-जुलना होता रहता था। इसी क्रम में 23 अप्रैल की रात युवती से मिलने के लिए आरोपित भरत आया हुआ था। इसी दौरान किसी बात को लेकर विवाद हुआ। इसके बाद आरोपित ने सुसंती की हत्या कर दी।

## जंगल-जमीन लूट के खिलाफ आंदोलन की बनी कार्ययोजना

**रांची।** सीपीआई के पूर्व सांसद भुवनेश्वर प्रसाद मेहता ने कहा कि राज्य में विस्थापन बढ़ता जा रहा है, लेकिन राज्य सरकार इस मुद्दे के प्रति उदासीन है। झारखंड में विस्थापन का तीसरा दौर शुरू हो गया है। जब से कार्पोरेट परस्त भाजपा की मोदी सरकार ने कोयला खनन का काम निजी क्षेत्रों को दिया है, तब से स्थानीय प्रशासन, आउटसोर्सिंग कंपनी के लोग नियमों को ताक पर रख और ग्रामसभा को दरकिनार कर जबरदस्ती भूमि अधिग्रहण कर रहे हैं। वामदलों और धर्मनिरपेक्ष पार्टियों की मंगलवार को आयोजित संयुक्त बैठक को मेहता संबोधित कर रहे थे। माकपा के राज्य सचिव प्रकाश विप्लव ने कहा कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की घोषणा के बाद भी विस्थापन आयोग का गठन नहीं हुआ है। जदयू के वरीय नेता गौतम सागर राणा ने कहा कि विस्थापन के सवाल पर वे संयुक्त आंदोलन के साथ हैं।


## झारखंड में केंद्रीय एजेंसियों की कार्रवाई से खफा है झामुमो

**रांची।** झारखंड में ईडी की कार्रवाई पर झामुमो ने केंद्र पर करारा हमला बोला है। पार्टी ने केंद्र पर केंद्रीय जांच एजेंसियों के दुरुपयोग का आरोप लगाया। झामुमो के वरिष्ठ नेता सुप्रियो भट्टाचार्य ने मंगलवार को पत्रकार वार्ता में कहा कि केंद्रीय एजेंसियां जिस तरह से व्यवहार कर रही हैं उसे देखते हुए सुप्रीम कोर्ट को स्वत संज्ञान लेना चाहिए। शीर्ष कोर्ट को देखना चाहिए कि बीते 9 वर्षों से गैर भाजपा शासित राज्यों में केंद्रीय एजेंसियों का किस प्रकार दुरुपयोग हो रहा है। केंद्र नहीं चाहता कि झारखंड सरकार अच्छा काम करती रहे। सुप्रियो ने कहा कि चपरासी से अफसर तक को डराया जा रहा है। बार-बार सीएमओ का नाम लिया जा रहा है। कोरोना के दो सालों के बाद जब हेमंत सरकार ने बेहतर प्रदर्शन कर विकास का काम शुरू किया तभी से खेल शुरू हुआ। उन्होंने आरोप लगाया है कि सीबीआई, ईडी अब राज्य में अजीब मकड़जाल की तरह दिख रही है।

# 21 करोड़, 28 लाख की लागत से होगा सड़क चौड़ीकरण

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

अरगोड़ा चौक से कटहल मोड़ तक सड़क चौड़ीकरण का कार्य होगा। 5.300 किमी सड़क का चौड़ीकरण 21 करोड़ 28 लाख की लागत से होगा। सड़क चौड़ीकरण का कार्य 7 महीने में पूरा करने का लक्ष्य है। इसको लेकर पथ निर्माण विभाग, पथ प्रमंडल रांची द्वारा टेंडर जारी किया गया है। टेंडर भरने की प्रक्रिया 3 मई से शुरू होगी। अंतिम तिथि 10 मई है। इसके बाद 11 मई को टेंडर खोला जायेगा। अरगोड़ा चौक से कटहल मोड़ तक सड़क चौड़ीकरण होने से जाम से मुक्ति मिलेगी। यह सड़क रिंग रोड और नेशनल हाईवे 23 को जोड़ती है। इसके अलावा अरगोड़ा चौक अशोकनगर, एचईसी और हरमू बायपास रोड़ को भी कनेक्ट करती है। इस सड़क पर दिनभर वाहनों की आवाजाही होती रहती है। लेकिन अरगोड़ा चौक से कटहल मोड़ जाने के लिए कई जगहों पर सड़क की चौड़ाई काफी कम है। जिसकी वजह से यहां हमेशा जाम लगा रहता है। सड़क चौड़ीकरण होने से राजधानी का ट्रैफिक लोड कम हो जायेगा।



## पृष्ठ एक का शेष

**10 जवान समेत 11...**

580 जोगा कवासी, नव आरक्षक क्रमांक 888 हरिराम मण्डावी, गोपनीय सैनिक राजू राम करटम, गोपनीय सैनिक जयराम पोडियाम, गोपनीय सैनिक जगदीश कवासी और निजी वाहन चालक धनीराम यादव शहीद हो गये। विस्फोट इतना जबर्दस्त था कि जिस जगह पर आईईडी विस्फोट किया गया, वहां बड़ा गड्ढा बन गया है। वहीं, जिस पिकअप वाहन से जवान जा रहे थे, धमाके में उसके परखच्चे उड़ गए।

**1 मई को मुख्यमंत्री सोरेन ने....**

में बड़े पैमाने पर नियुक्ति की प्रक्रिया शुरू की गई है। इसके तहत झारखंड कर्मचारी चयन आयोग के माध्यम से राजकीय +2 स्कूलों में विभिन्न विषयों के शिक्षकों की कमी को देखते हुए 2137 पीजीटी शिक्षकों की सीधी भर्ती और 265 बैकलॉग रिक्तियों को भरा जाएगा। इसके अलावा स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग के माध्यमिक शिक्षा निदेशालय की ओर से फिजिक्स, केमिस्ट्री और बायोलॉजी के लैब असिस्टेंट पदों के लिए भी नियुक्ति प्रक्रिया शुरू की गई है। इसके तहत 690 लैब असिस्टेंट राज्य में नियुक्त किए जाएंगे। शिक्षा विभाग ने कस्तूरबा विद्यालय और मॉडल स्कूलों में कॉन्ट्रैक्ट आधारित शिक्षकों को भी नियुक्त करने की प्रक्रिया शुरू की है। इसके जरिए कस्तूरबा स्कूलों में करीब 400 शिक्षकों की नियुक्ति होगी और मॉडल विद्यालयों में लगभग 2000 शिक्षकों की नियुक्ति करने की तैयारी है। राजकीय प्लस टू स्कूलों में प्राचार्य के खाली पदों को भरने के लिए झारखंड लोक सेवा आयोग को जिम्मेदारी दी गई है। जिसके तहत राजकीय, राजकीयकृत बालक एवं बालिका प्लस टू स्कूलों में प्राचार्य के 39 पदों पर सीधी नियुक्ति की जाएगी।

**सच्ची प्रगति हमेशा जन केंद्रित होती है...**

और उनकी क्षमता, प्रतिबद्धता और प्रतिभा के लिए उन्हें व्यापक सम्मान मिलता है। उल्लेखनीय है कि स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय ने फेडरेशन ऑफ इंडियन चैंबर्स ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री (फिक्की) के सहयोग से वन अर्थ वन हेल्थ, एडवांटेज हेल्थकेयर इंडिया 2023 के 6वें संस्करण को भारत के जी-20 प्रेसीडेंसी के साथ 'को-ब्रांड' किया है। 26 और 27 अप्रैल को राजधानी के प्रगति मैदान में इसका आयोजन हो रहा है। दो दिवसीय कार्यक्रम लचीली वैश्विक स्वास्थ्य संरचना के निर्माण के लिए वैश्विक सहयोग और साझेदारी के महत्व पर जोर देता है।

साथ ही मूल्य-आधारित स्वास्थ्य सेवा के माध्यम से सार्वभौमिक स्वास्थ्य कवरेज प्राप्त करने की दिशा में काम करता है। इसका उद्देश्य वैल्यू-बेस्ड हेल्थकेयर सेवाएं प्रदान करने वाले हेल्थकेयर वर्क फोर्स के निर्यातक के रूप में मेडिकल वैल्यू ट्रैवल के क्षेत्र में भारत की ताकत को प्रदर्शित करना है। साथ ही विश्व स्तरीय स्वास्थ्य सेवा और कल्याण सेवाओं के लिए एक प्रमुख केंद्र के रूप में उभरना है।

## बैठक में जेई के नहीं पहुंचने से विधायक नाराज

**सोनाहातू।** प्रखंड कार्यालय में मंगलवार को प्रखंड के पदाधिकारियों के साथ विधायक सुदेश महतो ने समीक्षा बैठक की। उन्होंने सामुदायिक अस्पताल समेत प्रखंड के सभी विभागों के काम की समीक्षा की। इस दौरान बिजली विभाग के जेई के नहीं पहुंचने पर जीएम को फोन कर नाराजगी जताई। वहीं काम में लापरवाही बरतनेवाले अधिकारियों को फटकार लगाई। ग्रामसभा में खानापूर्ति करनेवाले कर्मचारियों की कार्यशैली पर नाराजगी जताई। बैठक में मनरेगा, 15वें वित्त योजना, नल से जल योजना, कृषि, शिक्षा आदि योजनाओं की समीक्षा की। वहीं क्षेत्र में अधूरी पड़ी नल से जल योजना समेत अन्य जलापूर्ति योजनाओं को पूरा करने का निर्देश दिया। जामुदाग पेयजल योजना की तत्काल मरम्मत करने के लिए कहा।


## समाहरणालय, गढ़वा (जिला भू-अर्जन शाखा)

### कार्यालय आदेश

**NH–75 (SEC-V)** खजुरी से विढ़मगंज पथ चौड़ीकरण/फोरलेन निर्माण योजना अंतर्गत अंचल–गढ़वा, मेराल, रमना एवं नगर उँटारी में कुल 37 ग्रामों में भूमि अधिग्रहण से संबंधित कार्रवाई की जा रही है।

उक्त योजना में मुआवजा दर निर्धारण किया जा चुका है, जिसके उपरांत सभी ग्रामों के संबंधित रैयतों को मुआवजा प्राप्त हेतु नोटिस हस्तगत करा दिया गया है। संबंधित ग्राम के रैयतों के द्वारा क्रमशः जिला भू–अर्जन कार्यालय, गढ़वा अपर समाहर्त्ता, गढ़वा–सह–आर्बिट्रेटर कार्यालय, गढ़वा तथा अन्य स्त्रोत से प्रभावित रैयतों द्वारा कम मुआवजा दर निर्धारण के संबंध में आपत्ति दर्ज की गई है।

उक्त आपत्ति के सुनवाई हेतु चार टीम का गठन किया जाता है। जिनका कार्य उक्त ग्रामों में जाकर रैयतों से उनका पक्ष सुनना तथा मुआवजा दर की बढ़ोतरी के दावे के संबंध में संबंधित रैयतों से साक्ष्य प्राप्त करते हुए मंतव्य सहित प्रतिवेदन प्रस्तुत करना है। गठित टीम निम्न प्रकार है :–

| क्र0 स0 | टीम का नाम | कर्मियों का नाम | मौजा | अंचल | स्थान | दिनांक | समय |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 1 | A | श्री नन्हकु राम (लिपिक)<br>श्री ब्रजेन्द्र उपाध्याय (कर्मचारी)<br>श्री ब्रजेन्द्र उपाध्याय (CI) | हलिवंता कला | नगर उंटारी | पंचायत भवन हलिवंता कला | 27.04.2023 | 11:00 AM TO 01:00 PM |
| 2 | B | श्री प्रकाश पाण्डेय (लिपिक)<br>श्रीयुगेस दास (कर्मचारी)<br>श्री ब्रजेन्द्र उपाध्याय (CI) | महदेईया | नगर उंटारी | पंचायत भवन हलिवंता कला | 27.04.2023 | 11:00 AM TO 01:00 PM |
| 3 | C | श्री धीरज कुमार पुरी (लिपिक)<br>श्री रितेश सिन्हा (कर्मचारी)<br>श्री ब्रजेन्द्र उपाध्याय (CI) | नरखोरिया कला | नगर उंटारी | पंचायत भवन हलिवंता कला | 27.04.2023 | 11:00 AM TO 01:00 PM |
| 4 | D | श्री अमित कुमार (लिपिक)<br>श्री शंभु रजक (कर्मचारी)<br>श्री ब्रजेन्द्र उपाध्याय (CI) | पाल्हे कला | नगर उंटारी | पंचायत भवन पाल्हे | 27.04.2023 | 11:00 AM TO 01:00 PM |
| 5 | A | श्री नन्हकु राम (लिपिक)<br>श्री ब्रजेन्द्र उपाध्याय (कर्मचारी)<br>श्री ब्रजेन्द्र उपाध्याय (CI) | हलिवंता खुर्द | नगर उंटारी | पंचायत भवन हलिवंता कला | 27.04.2023 | 02:00 PM TO 04:00 PM |
| 6 | B | श्री प्रकाश पाण्डेय (लिपिक)<br>श्रीयुगेश दास (कर्मचारी)<br>श्री ब्रजेन्द्र उपाध्याय (CI) | गंगटी | नगर उंटारी | पंचायत भवन बिलासपुर | 27.04.2023 | 02:00 PM TO 04:00 PM |
| 7 | C | श्री धीरज कुमार पुरी (लिपिक)<br>श्री शंभु रजक (कर्मचारी)<br>श्री ब्रजेन्द्र उपाध्याय (CI) | जतपुरा | नगर उंटारी | पंचायत भवन पाल्हे | 27.04.2023 | 02:00 PM TO 04:00 PM |
| 8 | D | श्री अमित कुमार (लिपिक)<br>श्री रितेश सिन्हा (कर्मचारी)<br>श्री ब्रजेन्द्र उपाध्याय (CI) | चितविश्राव | नगर उंटारी | पंचायत भवन चितविश्राव | 27.04.2023 | 02:00 PM TO 04:00 PM |
| 9 | A | श्री नन्हकु राम (लिपिक)<br>श्री ब्रजेन्द्र उपाध्याय (कर्मचारी)<br>श्री ब्रजेन्द्र उपाध्याय (CI) | जोरमा | नगर उंटारी | पंचायत भवन हलिवंता कला | 28.04.2023 | 11:00 AM TO 01:00 PM |
| 10 | B | श्री प्रकाश पाण्डेय (लिपिक)<br>श्रीयुगेस दास (कर्मचारी)<br>श्री ब्रजेन्द्र उपाध्याय (CI) | बिलासपुर | नगर उंटारी | पंचायत भवन बिलासपुर | 28.04.2023 | 11:00 AM TO 01:00 PM |
| 11 | C | श्री धीरज कुमार पुरी (लिपिक)<br>श्री रितश सिन्हा (कर्मचारी)<br>श्री ब्रजेन्द्र उपाध्याय (CI) | मर्चवार | नगर उंटारी | पंचायत भवन नरही | 28.04.2023 | 11:00 AM TO 01:00 PM |
| 12 | D | श्री अमित कुमार (लिपिक)<br>श्री शंभु रजक (कर्मचारी)<br>श्री ब्रजेन्द्र उपाध्याय (CI) | उसका | नगर उंटारी | पंचायत भवन पाल्हे | 28.04.2023 | 11:00 AM TO 01:00 PM |
| 13 | A | श्री नन्हकु राम (लिपिक)<br>श्री शंभु रजक (कर्मचारी)<br>श्री ब्रजेन्द्र उपाध्याय (CI) | अधौरा | नगर उंटारी | पंचायत भवन अधौरा | 28.04.2023 | 02:00 PM TO 04:00 PM |
| 14 | B | श्री प्रकाश पाण्डेय (लिपिक)<br>श्री रितेश सिन्हा (कर्मचारी)<br>श्री ब्रजेन्द्र उपाध्याय (CI) | कोदवरिया | नगर उंटारी | पंचायत भवन नरही | 28.04.2023 | 02:00 PM TO 04:00 PM |
| 15 | C | श्री धीरज कुमार पुरी (लिपिक)<br>श्री नागेश्वर राम (कर्मचारी)<br>श्री ब्रजेन्द्र उपाध्याय (CI) | नगर उंटारी | नगर उंटारी | पंचायत भवन नरही | 28.04.2023 | 02:00 PM TO 04:00 PM |
| 16 | D | श्री अमित कुमार (लिपिक)<br>श्री युगेश दास (कर्मचारी)<br>श्री ब्रजेन्द्र उपाध्याय (CI) | बभनी | नगर उंटारी | पंचायत भवन हलिवंता कला | 28.04.2023 | 02:00 PM TO 04:00 PM |
| 17 | A | श्री नन्हकु राम (लिपिक)<br>श्री रितेश सिन्हा (कर्मचारी)<br>श्री ब्रजेन्द्र उपाध्याय (CI) | कोल्हुआ | नगर उंटारी | पंचायत भवन अधौरा | 29.04.2023 | 11:00 AM TO 01:00 PM |
| 18 | B | श्री प्रकाश पाण्डेय (लिपिक)<br>श्रीयुगेस दास (कर्मचारी)<br>श्री ब्रजेन्द्र उपाध्याय (CI) | सरहसताल कला | नगर उंटारी | पंचायत भवन हलिवंता कला | 29.04.2023 | 11:00 AM TO 01:00 PM |
| 19 | C | श्री धीरज कुमार पुरी (लिपिक)<br>श्री बिन्देश्वर कुमार (कर्मचारी)<br>श्री कपिलदेव माझी (CI) | गोंदा | मेराल | पंचायत भवन गोंदा | 29.04.2023 | 11:00 AM TO 01:00 PM |
| 20 | D | श्री अमित कुमार (लिपिक)<br>श्री जानसॉन गिद्धी (कर्मचारी)<br>श्री कपिलदेव माझी (CI) | लातदाग | मेराल | पंचायत भवन गोंदा | 29.04.2023 | 11:00 AM TO 01:00 PM |
| 21 | A | श्री नन्हकु राम (लिपिक)<br>श्री रितेश सिन्हा (कर्मचारी)<br>श्री ब्रजेन्द्र उपाध्याय (CI) | सिंहपुर | नगर उंटारी | पंचायत भवन नरही | 29.04.2023 | 02:00 PM TO 04:00 PM |
| 22 | B | श्री प्रकाश पाण्डेय (लिपिक)<br>श्री सिताराम बड़ाईक (कर्मचारी)<br>श्री राजकुमार सिंह (CI) | सिरियाटोंगर | रमना | नव निर्मित तहसील भवन परसवान | 29.04.2023 | 02:00 PM TO 04:00 PM |
| 23 | C | श्री धीरज कुमार पुरी (लिपिक)<br>श्री जॉनसन गिद्धी (कर्मचारी)<br>श्री कपिलदेव माझी (CI) | मेराल | मेराल | पंचायत भवन मेराल पूर्वी | 29.04.2023 | 02:00 PM TO 04:00 PM |
| 24 | D | श्री अमित कुमार (लिपिक)<br>श्री राजकुमार सिंह (कर्मचारी/ CI) | मड़वनिया | रमना | पंचायत भवन मड़वनिया | 29.04.2023 | 02:00 PM TO 04:00 PM |
| 25 | A | श्री नन्हकु राम (लिपिक)<br>श्री रितेश सिन्हा (कर्मचारी)<br>श्री ब्रजेन्द्र उपाध्याय (CI) | नरही | नगर उंटारी | पंचायत भवन नरही | 30.04.2023 | 11:00 AM TO 01:00 PM |
| 26 | B | श्री धीरज कुमार पुरी (लिपिक)<br>श्री राजकुमार सिंह (कर्मचारी/ CI )<br>श्री कपिलदेव माझी | बगौंधा उर्फ रमना | रमना | पंचायत भवन बगौंधा उर्फ रमना | 30.04.2023 | 11:00 AM TO 01:00 PM |
| 27 | C | श्री धीरज कुमार पुरी (लिपिक)<br>श्री जॉनसन गिद्धी (कर्मचारी)<br>श्री कपिलदेव माझी (CI) | अकलवानी | मेराल | पंचायत भवन मेराल पूर्वी | 30.04.2023 | 11:00 AM TO 01:00 PM |
| 28 | D | श्री अमित कुमार (लिपिक)<br>श्री सिताराम बड़ाईक (कर्मचारी)<br>श्री राजकुमार सिंह (CI) | बहियार खुर्द | रमना | नव निर्मित तहसील भवन परसवान | 30.04.2023 | 11:00 AM TO 01:00 PM |
| 29 | A | श्री नन्हकु राम (लिपिक)<br>श्री रितेश सिन्हा (कर्मचारी)<br>श्री ब्रजेन्द्र उपाध्याय (CI) | बराहपट्टी | नगर उंटारी | पंचायत भवन चितविश्राव | 02.05.2023 | 11:00 AM TO 01:00 PM |
| 30 | B | श्री प्रकाश पाण्डेय (लिपिक)<br>श्री सिताराम बड़ाईक (कर्मचारी)<br>श्री राजकुमार सिंह (CI) | परसवान | रमना | नव निर्मित तहसील भवन परसवान | 02.05.2023 | 11:00 AM TO 01:00 PM |
| 31 | C | श्री धीरज कुमार पुरी (लिपिक)<br>श्री दिवाकर सिंह (कर्मचारी)<br>श्री राजकुमार सिंह (CI) | टण्डवा | रमना | पंचायत भवन बगौंधा उर्फ रमना | 02.05.2023 | 11:00 AM TO 01:00 PM |
| 32 | D | श्री अमित कुमार (लिपिक)<br>श्री राजकुमार सिंह (कर्मचारी/ CI) | कोरगा | रमना | पंचायत भवन मड़वनिया | 02.05.2023 | 11:00 AM TO 01:00 PM |
| 33 | A | श्री नन्हकु राम (लिपिक)<br>श्री अजित कुमार दूबे (कर्मचारी)<br>श्री सुशील कुमार तिवारी (CI) | खजुरी | गढ़वा | विवाह मंडप ब्रह्म स्थान खजुरी | 02.05.2023 | 02:00 PM TO 04:00 PM |
| 34 | B | श्री प्रकाश पाण्डेय (लिपिक)<br>श्री दिवाकर सिंह (कर्मचारी)<br>श्री राजकुमार सिंह (CI) | करचा | रमना | पंचायत भवन बगौंधा उर्फ रमना | 02.05.2023 | 02:00 PM TO 04:00 PM |
| 35 | C | श्री धीरज कुमार पुरी (लिपिक)<br>श्री राजकुमार सिंह (कर्मचारी/ CI) | कबिसा | रमना | पंचायत भवन मड़वनिया | 02.05.2023 | 02:00 PM TO 04:00 PM |
| 36 | A | श्री नन्हकु राम (लिपिक)<br>श्री दिवाकर सिंह (कर्मचारी)<br>श्री राजकुमार सिंह (CI) | मानदोहर | रमना | पंचायत भवन मड़वनिया | 03.05.2023 | 11:00 AM TO 01:00 PM |
| 37 | B | श्री प्रकाश पाण्डेय (लिपिक)<br>श्री अजित कुमार दूबे (कर्मचारी)<br>श्री सुशील कुमार तिवारी (CI) | पोटमा | गढ़वा | विवाह मंडप ब्रह्म स्थान खजुरी | 03.05.2023 | 11:00 AM TO 01:00 PM |

जिला भू–अर्जन पदाधिकारी, गढ़वा। अपर समाहर्त्ता, गढ़वा। उपायुक्त, गढ़वा।

PR.NO.295973 District(23-24):D

# लॉरियस वर्ल्ड स्पोर्ट्स अवाड्र्स समारोह में हिस्सा लेंगे दुनिया के दिग्गज ओलंपियन

**एजेंसी। पेरिस**

दुनिया के कई अतीत और वर्तमान के महानतम खिलाड़ी 8 मई को पेरिस में इस साल के लॉरियस वर्ल्ड स्पोर्ट्स अवाड्र्स समारोह में हिस्सा लेंगे। समारोह में हिस्सा ले रहे स्वर्ण पदक जीतने वाले ओलंपियनों में लॉरियस अकादमी के सदस्य सेबस्टियन कोए, एडविन मोसेस, जेसिका एनिस-हिल, नवल एल मोउटावाकेल, क्रिस होय और पैरालंपिक स्टार टैनी ग्रे-थॉम्पसन शामिल हैं। इसके अलावा जमैका के दिग्गज स्प्रिंटर शेली-एन फ्रेजर-प्रिंस भी मौजूद होंगे, जिन्होंने दो व्यक्तिगत स्प्रिंट ओलंपिक स्वर्ण पदक और छह व्यक्तिगत विश्व खिताब जीते हैं, वहीं, ब्राजील के स्केटबोर्ड प्रोडिजी रेसा लील भी होंगे, जिन्होंने 14 सालव की उम्र में टोक्यो में ओलंपिक रजत पदक जीता था। इन सबके अलावा उपस्थित लोगों में दुनिया के कुछ सबसे प्रसिद्ध फुटबॉल खिलाड़ी शामिल हैं, जिनमें लॉरियस अकादमी के सदस्य लुइस फिगो और कार्लोस पुयोल, लॉरियस के राजदूत फैबियो कैपेलो, फ्रांसीसी दिग्गज पैट्रिस इवरा और क्लाउड मेकलेले शामिल हैं।

सेबेस्टियन कोए, लॉरियस अकादमी के सदस्य और लंदन 2012 आयोजन समिति के अध्यक्ष ने कहा, मैंने 2012 में ओलंपिक खेलों के अपने मेजबान शहर पर अविश्वसनीय प्रभाव देखा है। यह कुलीन प्रतियोगिता से कहीं अधिक है, परिवर्तन सामाजिक हो सकता है और यह पदक दिए जाने के बाद लंबे समय तक रहता है। यह सिलसिला लॉरियस वर्ल्ड स्पोर्ट्स अवाड्र्स के साथ शुरू हुआ, जो हमारे खेल का सबसे बड़ा उत्सव है। रग्बी विश्व कप और फिर ओलंपिक के साथ, पेरिस खेल जगत का केंद्र बनने वाला है। शुरूआत करने के लिए लॉरियस अवाड्र्स से बेहतर कोई तरीका नहीं है। मैं 8 मई को पेरिस में सर्वश्रेष्ठ खेल का जश्न मनाने के लिए उत्सुक हूं। सर्वश्रेष्ठ खेल का जश्न मनाते हुए, लॉरियस पुरस्कार समारोह लॉरियस स्पोर्ट फॉर गुड के लिए एक शक्तिशाली शोकेस भी है, जिसने 2000 में अपनी स्थापना के बाद से साढ़े छह मिलियन से अधिक युवाओं के जीवन में सुधार किया है।



## सभी श्रेणियों में नामांकित व्यक्तियों की पूरी सूची इस प्रकार है

### लॉरियस वर्ल्ड स्पोर्ट्समैन ऑफ द ईयर अवार्ड

स्टीफ करी (यूएसए) बास्केटबॉल, मोंडो डुप्लांटिस (स्वीडन) एथलेटिक्स,काइलियन एमबाप्पे (फ्रांस) फुटबॉल, लियोनेल मेसी (अर्जेंटीना) फुटबॉल, राफेल नडाल (स्पेन) टेनिस,मैक्स वेरस्टैपेन (नीदरलैंड) मोटर रेसिंग।

### लॉरियस वर्ल्ड स्पोर्ट्सवुमन ऑफ द ईयर अवार्ड

शैली-एन फ्रेजर-प्रिस (जमैका) एथलेटिक्स, केटी लेडेकी (यूएसए) तैराकी, सिडनी मैकलॉघलिन-लेवरोन (यूएसए) एथलेटिक्स, अलेक्सिया पुटेलस (स्पेन) फुटबॉल, मिकाएला शिफ्रिन (यूएसए) अल्पाइन स्कीइंग, इगा स्वेटेक (पोलैंड) टेनिस।

### लॉरियस वर्ल्ड टीम ऑफ द ईयर अवार्ड

अर्जेंटीना पुरुष फुटबॉल टीम, इंग्लैंड महिला फुटबॉल टीम, फ्रांस पुरुषों की रग्बी टीम, गोल्डन स्टेट वॉरियर्स (यूएसए) बास्केटबॉल, रेड बुल फॉर्मूला वन टीम (ऑस्ट्रिया), रियल मैड्रिड (स्पेन) फुटबॉल।

### लॉरियस वर्ल्ड ब्रेकथ्रू ऑफ द ईयर अवार्ड

कार्लोस अल्कराज (स्पेन) टेनिस, टोबी अमूसन (नाइजीरिया) एथलेटिक्स, नाथन चेन (यूएसए) फिगर स्केटिंग,मोरक्को पुरुषों की फुटबॉल टीम, ऐलेना राइबाकिना (कजाकिस्तान) टेनिस, स्कॉटी शेफलर (यूएसए) गोल्फ।

### लॉरियस वर्ल्ड कमबैक ऑफ द ईयर अवार्ड

फ्रांसेस्को बैगानिया (इटली) मोटर साइकिलिंग, क्रिश्चियन एरिक्सन (डेनमार्क) फुटबॉल, जैकब इनगेब्रिस्टेन (नॉर्वे) एथलेटिक्स, केल थॉम्पसन (यूएसए) बास्केटबॉल, एनीमेइक वैन वेलुटेन (नीदरलैंड) साइकिलिंग,टाइगर वुड्स (यूएसए) गोल्फ।

### लॉरियस स्पोर्ट्सपर्सन ऑफ द ईयर डिसएबिलिटी अवार्ड

डाइडे डी ग्रोट (नीदरलैंड्स) व्हीलचेयर टेनिस, कैथरीन डेब्रनर (स्विट्जरलैंड) पैरा एथलेटिक्स, डेक्कन फार्मर (यूएसए) पैरा आइस हॉकी, कैमरन लेस्ली (न्यूजीलैंड) पैरा स्विमिंग और व्हीलचेयर रग्बी, ओक्साना मास्टर्स (यूएसए) पैरा क्रॉस-कंट्री स्कीइंग,जेस्पर साल्टविक पेडरसन (नॉर्वे) पैरा अल्पाइन स्कीइंग।

### लॉरियस वर्ल्ड एक्शन स्पोर्ट्सपर्सन ऑफ द ईयर अवार्ड

जस्टिन ड्यूपॉन्ट (फ्रांस) बिग वेव सर्फिंग, स्टेफनी गिलमोर (ऑस्ट्रेलिया) सर्फिंग, एलीन गु (चीन) फ्रीस्टाइल स्कीइंग, क्लो किम (यूएसए) स्नोबोर्डिंग, रायसा लील (ब्राजील) स्केटबोर्डिंग, फि लिप टोलेडो (ब्राजील) सर्फिंग।

# कोलकाता ने बेंगलुरु को 201 रनों का दिया टारगेट

**एजेंसी। बेंगलुरु**

कोलकाता नाइट राइडर्स ने इंडियन प्रीमियर लीग 2023 के 36वें मुकाबले में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु को जीत के लिए 201 रन का टारगेट दिया है। एम चिन्नास्वामी स्टेडियम में ङङफ ने टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में 5 विकेट पर 200 रन बनाए। जवाब में फ्ळइ के विराट कोहली और महिपाल लोमरोर क्रीज पर हैं। 7 ओवर के बाद टीम ने 3 विकेट के नुकसान पर 63 रन बना लिए हैं। डु प्लेसिस 17 रन बनाकर सुयश शर्मा का शिकार हुए। शाहबाज अहमद 2 और ग्लेन मैक्सवेल 5 रन बनाकर आउट हुए। 201 रन के टारगेट का पीछा करने उतरी फ्ळइ को विराट कोहली और फाफ डु प्लेसिस ने तेज शुरूआत दिलाई। दोनों ने 14 गेंदों पर 33 रन बनाए। डु प्लेसिस को सुयश शर्मा ने कैच आउट कराया। विराट कोहली ने पारी संभाली, लेकिन दूसरे एंड पर शाहबाज अहमद 2 और ग्लेन मैक्सवेल 5 रन बनाकर आउट हो गए। हालांकि टीम ने 3 विकेट पर 58 रन बना लिए। पहलाः तीसरे ओवर की दूसरी गेंद सुयश शर्मा ने फुलर लेंथ पर गूगली फेंकी। फाफ डु प्लेसिस लॉन्ग ऑन पर कैच आउट हो गए। उन्होंने 17 रन बनाए। दूसराः पांचवें ओवर की चौथी बॉल सुयश शर्मा ने फुलर लेंथ फेंकी। शाहबाज अहमद छइह हो गए। उन्होंने 2 रन बनाए। तीसराः छठे ओवर की पांचवीं बॉल वरुण चक्रवर्ती ने ऑफ स्टंप पर फुलर लेंथ फेंकी। ग्लेन मैक्सवेल लॉन्ग ऑफ पर कैच आउट हो गए। उन्होंने 5 रन बनाए। जेसन रॉय ने 29 बॉल पर 56, कप्तान नीतीश राणा 21 बॉल पर 48 रन, वेंकटेश अय्यर 26 बॉल पर 31 और नारायण जगदीशन ने 29 बॉल पर 27 रन बनाए। स्लॉग ओवर में रिंकू सिंह ने 10 बॉल पर 18 रन और डेविड वीजे ने 3 बॉल पर 12 रन जड़े। बेंगलुरु की ओर से विजयकुमार वैशाक और वनिंदु हसरंगा को 2-2 विकेट मिले पहलाः 10वें ओवर की दूसरी बॉल पर विजयकुमार वैशाक ने जगदीशन को वीली के हाथों कैच कराया।



नेत्रहीन महिला टी20 द्विपक्षीय सीरीज

# भारत ने नेपाल को 9 विकेट से हराया

**एजेंसी। पोखरा**

सिमू दास और फूला सरेन के नाबाद अर्धशतकों की मदद से भारत ने नेत्रहीन महिला द्विपक्षीय श्रृंखला के दूसरे मैच में नेपाल को 9 विकेट से हराकर पांच मैचों की श्रृंखला में 1-1 से बराबरी कर ली। नेपाल के कल पहला मैच जीता था। इस मैच में भारत की कप्तान सुषमा पटेल ने टॉस जीता और क्षेत्ररक्षण करने का विकल्प चुना। फूला सरेन ने दूसरे ओवर में गीता पौडेल को आउट किया और पिछले मैच की शतकवीर बिनीता पुन तीसरे ओवर में रन आउट हो गईं जिससे नेपाल का स्कोर 2 विकेट पर 24 रन हो गया। गंगा ने सातवें ओवर में माया लिंगाली को आउट कर मेजबान टीम की पारी की गति रोक दी। इसके बाद सरिता घिमिरे और बिमला राय ने चौथे विकेट के लिए 84 रन की साझेदारी कर पारी को कुछ गति दी। भारतीय गेंदबाजों ने दो ओवर के अंदर दोनों बल्लेबाजों को आउट कर नेपाल के बड़े स्कोर की उम्मीदें खत्म कर दीं। सरिता ने 56 रन बनाए जबकि बिमला ने 29 रन बनाए। गेंदबाजों ने पारी को तेजी से समेटा और पारी



की आखिरी गेंद पर नेपाल को ऑल आउट कर दिया। नेपाल की टीम 20 ओवरों में 172 रन पर ऑल आउट हो गई। भारत के लिए फूला सरीन, गंगा और सुषमा पटेल ने एक-एक विकेट लिया और बाकी सभी रन आउट हुए।

जवाब में, भारतीय सलामी बल्लेबाज गंगा और फूला सरीन ने पहले छह ओवरों में तेजी से रन बनाए और स्कोर को 6.2 ओवरों में 64 तक पहुँचाया, इसके बाद गंगा 22 रन बनाकर रन आउट हो गईं। फूला को बी1 श्रेणी के खिलाड़ी सिमू दास का साथ मिला और दोनों बल्लेबाजों ने रनों की गति तेज की।

चेन्नई का प्लेऑफ की ओर कदम

# राजस्थान रॉयल्स के लिए जीतना नहीं होगा आसान



**एजेंसी। जयपुर**

पिछले दो मैचों में हार से पस्त राजस्थान रॉयल्स इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के मैच में गुरुवार को यहां चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ वापसी करने की उम्मीद से मैदान पर उतरेगा लेकिन लगातार तीन जीत से उत्साह से ओतप्रोत महेंद्र सिंह धोनी की टीम से पार पाना उसके लिए आसान नहीं होगा। रुतुराज गायकवाड़, डेवोन कॉनवे, अजिंक्य रहाणे और शिवम दुबे की शानदार बल्लेबाजी से चेन्नई ने पिछले तीन मैचों में आसान जीत दर्ज की। ऐसे में इस मैच में चेन्नई के शीर्ष क्रम के बल्लेबाजों और राजस्थान के विश्वस्तरीय स्पिनरों के बीच रोमांचक मुकाबला होने की संभावना है।

कॉनवे ने इस सत्र में अभी तक शानदार बल्लेबाजी करके सात मैचों में 314 रन बनाए हैं जबकि अजिंक्य रहाणे के आक्रामक तेवर सभी टीमों पर भारी पड़ रहे हैं। उन्होंने रविवार को कोलकाता नाइट राइडर्स के खिलाफ केवल 29 गेंदों पर नाबाद 71 रन की तेजतर्रार पारी खेली थी। रहाणे अभी तक पांच मैचों में 209 रन बना चुके हैं और उनका स्ट्राइक रेट 199.04 है। रॉयल्स के लिए यह राहत की बात है कि उसने इस सत्र में चेन्नई के खिलाफ पिछला मैच जीता था।

# स्पेन के फुटबॉल क्लब से हारी भारत की अंडर-17 टीम

**एजेंसी। नई दिल्ली**

भारत की अंडर-17 फुटबाल टीम को स्पेन दौरे के अपने दूसरे अभ्यास मैच में मैड्रिड के लेगानेस अंडर-18 क्लब से 0-2 से हार का सामना करना पड़ा। भारत की अंडर-17 टीम इस साल जून-जुलाई में होने वाले एएफसी अंडर-17 एशियाई कप तैयारियों के सिलसिले में अभी स्पेन के दौरे पर है। भारतीय टीम ने इससे पहले पिछले सप्ताह एटलेटिको डी मैड्रिड अंडर-17 के खिलाफ अभ्यास मैच में 4-1 से जीत हासिल की थी। भारतीय टीम ने लेगानेस के खिलाफ सकारात्मक शुरूआत की और खेल शुरू होते ही आक्रामक रवैया अपनाया। भारत के पास चौथे मिनट में ही गोल करने का मौका था लेकिन तब डैनी मेइती लैशराम के क्रॉस पर लगाया गया शाश्वत पवार का शॉट विरोधी टीम के गोलकीपर ने रोक दिया। मैच आगे बढ़ने के साथ भारतीय खिलाड़ियों ने खेल पर नियंत्रण बनाए रखने की अच्छी कोशिश की लेकिन स्पेन के क्लब में 35वें मिनट में जवाबी हमला करके पहला गोल दाग दिया। उसकी तरफ से यह गोल प्रिसो ने किया। एक गोल से पिछड़ने के बावजूद भारतीय टीम ने हौसला नहीं खोया और आक्रामक खेल जारी रखा। दूसरे हाफ में हालांकि स्पेनिश टीम ने हमलावर तेवर अपनाए जिसका उसे 68वें मिनट में फायदा मिला जब गोंजालो ने उसकी तरफ से दूसरा गोल किया।

# गोवा में अक्टूबर में होने वाले राष्ट्रीय खेलों का उद्घाटन करेंगे पीएम मोदी

**एजेंसी। पणजी**

गोवा के मुख्यमंत्री प्रमोद सावंत ने बुधवार को कहा कि राज्य में अक्टूबर 2023 में होने वाले राष्ट्रीय खेलों का उद्घाटन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी करेंगे। सावंत इन खेलों की तैयारियों के संबंध में भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) की अध्यक्ष पीटी उषा के साथ बैठक करने के बाद संवाददाताओं से बात कर रहे थे। गोवा के खेल मंत्री गोविंद गौड़े ने भी बैठक में हिस्सा लिया। सावंत ने कहा, राष्ट्रीय खेलों का उद्घाटन समारोह 23 या 24 अक्टूबर को आयोजित किया जाएगा। यह प्रधानमंत्री के कार्यक्रम पर निर्भर करेगा। उन्होंने इसके साथ ही बताया कि खेल 10 नवंबर तक आयोजित किए जाएंगे। खेलों का उद्घाटन समारोह दक्षिण गोवा के फतोर्डा में स्थित जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम में आयोजित किया जाएगा। आईओए प्रमुख उषा ने कहा कि गोवा राष्ट्रीय खेलों की मेजबानी के लिए तैयार है। खेल मंत्री गौड़े ने कहा कि राष्ट्रीय खेलों के लिए कुल 38 खेलों की पहचान की गई है तथा सभी मैच स्थल तैयार हैं। उन्होंने बताया कि आईओए की तकनीकी टीम ने स्थलों का निरीक्षण किया और एक अन्य टीम 27 अप्रैल को राज्य का दौरा करेगी।

# एशियाई खेलों की तैयारियों के लिए ऑस्ट्रेलिया का दौरा करेगी भारतीय महिला हॉकी टीम

**एजेंसी। नई दिल्ली**

भारतीय महिला हॉकी टीम आगामी एशियाई खेलों की तैयारी के लिए ऑस्ट्रेलिया का दौरा करेगी जहां वह पांच मैच खेलेगी। सीरीज के तीन मैच ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ होंगे जबकि दो मैच ऑस्ट्रेलिया ए के खिलाफ होंगे। सभी मैच एडिलेड के मेट स्टेडियम में खेले जाएंगे। भारत दौरे पर अपना पहला मैच 18 मई को खेलेगा जिसके बाद 20 और 21 मई को लगातार मैच खेले जाएंगे। भारतीय टीम 25 और 27 मई को ऑस्ट्रेलिया ए के खिलाफ खेलेगी। ऑस्ट्रेलियाई टीम विश्व रैंकिंग में तीसरे स्थान पर है जबकि भारत आठवें स्थान पर है। यह दौरा हांगझोऊ एशियाई खेलों के लिए तैयारी का काम करेगा जो इस वर्ष सितम्बर-अक्टूबर में होने हैं। भारतीय महिला टीम के मुख्य



कोच जेनेक शॉपमैन ने कहा, ऑस्ट्रेलिया से ऑस्ट्रेलिया में खेलना हमें यह आंकने में मदद करेगा कि बड़ी टीमों के मुकाबले हम कहां खड़े हैं। इससे ज्यादा महत्वपूर्ण, यह सीरीज चीन में होने वाले एशियाई खेलों के लिए कारगर साबित होगी। इससे हमें उन जगहों के बारे में पता चलेगा जिनमें हमें सुधार की जरूरत है। इसलिए रणनीतिक तौर पर यह हमारे लिए महत्वपूर्ण दौरा है।

**आईपीएल 2023** | हार्दिक पांड्या कप्तान के रूप में बढ़ रहे हैं, बोले आकाश चोपड़ा

# उसने मोहित के दिनों को अच्छे में बदला

**एजेंसी। नई दिल्ली**

गुजरात टाइटंस ने 25 अप्रैल को नरेंद्र मोदी इंटरनेशनल स्टेडियम, अहमदाबाद में खेलते हुए आईपीएल 2023 में मुंबई इंडियंस पर 55 रन की जोरदार जीत हासिल की। टाइटंस ने पहले बल्लेबाजी की और कुल 207 रन बनाए। शुभमन गिल (34 रन पर 56) और डेविड मिलर (22 रन पर 46) और अभिनव मनोहर (21 रन पर 42 रन) का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

अफगान स्पिन राशिद खान और नूर अहमद ने मिलकर मुंबई के पांच विकेट लिए। इस जीत के साथ, गुजरात ने टीम स्टैंडिंग में दूसरा स्थान हासिल कर लिया है, जो केवल नेट रन रेट में चेन्नई से पीछे है, दोनों टीमों के 10 अंक हैं। हार्दिक पांड्या ने पिछले सीजन में टाइटंस के साथ पहली बार कप्तान





के रूप में आईपीएल खिताब जीता और अब उसी चीज को दोहराते दिख रहे हैं। जियो सिनेमा आईपीएल विशेषज्ञ आकाश चोपड़ा ने हार्दिक पांड्या की कप्तानी की प्रशंसा की है।

चोपड़ा ने कहा, लक्ष्य को बचाने की स्थिति से मैच जीतना कठिन है, हमने इसे आईपीएल में देखा है। हार्दिक कप्तानी के बारे में बात बहुत खास है। खेल की शुरूआत तेज गेंदबाजों द्वारा गेंद की गति के कारण अनुशासन के साथ हुई। इसके तुरंत बाद, स्पिनरों को सही समय पर पेश किया गया। उन्होंने ओस को आंकने में आखिरी मैच में गलती की थी और तब नूर को अंत में लाया गया था और शिमरोन हेटमेयर ने उसे खूब पीटा था।

लेकिन इस बार पांड्या ने सबक लिया और सुनिश्चित किया कि नूर के ओवर पहले किए जाएं। राशिद और नूर ने मिलकर 4 विकेट लिए और हार्दिक की कप्तानी में सुधार होता दिख रहा है।

## फाफ डू प्लेसिस ने 'विरुष्का' संग शेयर की फोटो, एक्ट्रेस ने कहा- 'फ्रेश लाइम सोडा' बैंड

**एजेंसी। मुंबई**

पावर कपल विराट कोहली और अनुष्का शर्मा ने आरसीबी कप्तान फाफ डु प्लेसिस के साथ फोटो क्लिक करवाई, जो अब सोशल मीडिया पर वायरल हो रही है। डु प्लेसिस ने इंस्टाग्राम पर विराट और अनुष्का के साथ एक फोटो शेयर की। फोटो में विराट फनी फेस बना रहे हैं जबकि अनुष्का सीरियस गैंगस्टर लुक में हैं। दोनों के पीछे डु प्लेसिस खड़े हैं। तीनों को ग्रीन कलर की टीशर्ट में देखा जा सकता है। इस फोटो को शेयर करते हुए डु प्लेसिस ने कैप्शन में लिखा- टीम ग्रीन। अपनी इंस्टाग्राम स्टोरीज पर पोस्ट शेयर करते हुए विराट ने कहा, हाहाहा, हम क्या कहलाते हैं? अनुष्का शर्मा। एक्ट्रेस ने इस फोटो को शेयर करते हुए कैप्शन में लिखाः बैंड का नाम- फ्रेश लाइम सोडा। एक्टिंग फ्रंट की बात करें तो, अनुष्का जल्द ही प्रोसित रॉय द्वारा निर्देशित फिल्म 'चकदा एक्सप्रेस' में भारतीय तेज गेंदबाज झूलन गोस्वामी की भूमिका निभाती नजर आएंगी।

